राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, बुधवार, 23 अक्टूबर 2024

वर्ष 06, अंक 28, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में मानकों के अनदेखी के आरोप...06

मनरेगा में पक्के कार्यों के भुगतान में अनियमितता बरतने पर खण्ड विकास अधिकारी के पद से हटाया गया..12

## सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ को अंतर्राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव के लिए एम्स्टर्डम जाने की अनुमति दी

**● सुप्रीम कोर्ट ने मानवाधिकार कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को एम्स्टर्डम जाने की अनुमति दी है, लेकिन कुछ शर्तों के साथ। उनका पासपोर्ट आर्थिक धोखाधड़ी के मामले में जब्त किया गया है. तीस्ता का कहना है कि उन पर लगे आरोप राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं.**

स्वतंत्र प्रभात

सुप्रीम कोर्ट ने मानवाधिकार कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को एम्स्टर्डम जाने की अनुमति दे दी है. वह वहां पर अंतरराष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव में भाग लेने के लिए जाना चाहती थीं. इस लिए तीस्ता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थीं. कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ उन्हें यह अनुमति दे दी . आर्थिक धोखाधड़ी के मामले में जांच का सामना कर रहीं तीस्ता का पासपोर्ट जांच एजेंसियों के आदेश पर जब्त है।

कोर्ट में उनके वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें विदेश जाने के लिए 30 दिन की अनुमति की आवश्यकता है ताकि वह नीदरलैंड में आयोजित विश्व प्रीमियर फेस्टिवल में भाग ले सकें. उनकी डॉक्यूमेंट्री "साइकिल महेश" के लिए उन्हें एम्स्टर्डम बुलाया गया है।

मामले की सुनवाई जस्टिस बी. आर. गवई और के. वी. विश्ननाथ की पीठ ने की. पीठ ने तीस्ता को शर्तों के साथ नीदरलैंड जाने की अनुमति दे दी. कोर्ट ने कहा कि उन्हें एक शपथ पत्र कोर्ट में जमा करना होगा कि वह तय समय सीमा के अंदर वापस लौट आएंगी और दूसरा 10 लाख का सिक्युरिटी भी जमा करना होगा. इसके साथ ही वापसी के बाद उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा. इससे पहले तीस्ता को मलेशिया में आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए इन्हीं शर्तों के साथ जाने की अनुमति दी गई थी।

कार्यवाही के दौरान, सीतलवाड़ का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रशंसित वृत्तचित्र में उनकी भूमिका पर जोर दिया और अदालत से उनकी भूमिका पर जोर दिया और अदालत से उनकी यात्रा के लिए अनुमति मांगी, उन्होंने कहा, ÷मेरी डॉक्यूमेंट्री को एम्स्टर्डम में पुरस्कृत किया गया है। मैं मैं 14 नवंबर से 24 नवंबर तक एम्स्टर्डम जाने के लिए आपसे अनुमति मांग रहा हूं।÷ गुजरात सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यात्रा का विरोध नहीं किया, लेकिन सीतलवाड़ की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कठोर शर्तों पर जोर दिया।

**क्यों जब्त है उनका पासपोर्ट**

तीस्ता सीतलवाड़ गुजरात दंगों के पीड़ितों के लिए लड़ाई लड़ने का दावा करती हैं.



पीड़ितों के लिए धन जुटाने के लिए उन्होंने एक एनजीओ 'सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस' बनाई है, जिसे विदेशों से फंडिंग प्राप्त होती है. एफसीआरए एक्ट के तहत विदेश से चंदा लेने के लिए केंद्र सरकार से अनुमति आवश्यक होती है, लेकिन तीस्ता के पास यह अनुमति नहीं थी।

तीस्ता और उनके पति पर गुलमर्ग सोसाइटी के पीड़ितों के साथ धोखाधड़ी का भी आरोप है कि इन लोगों की मदद के नाम पर इकट्ठा किए गए पैसे का दुरुपयोग किया गया है. इस आरोप की जांच सीबीआई और गुजरात पुलिस कर रही है।

अपने ऊपर लगे आरोपों को तीस्ता राजनीतिक रूप से प्रेरित बताती हैं और सरकार पर आरोप लगाती हैं कि सरकार उनके खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है।

**गुजरात दंगों के बाद सुर्खियों में आई**

तीस्ता सीतलवाड़ 2002 में गुजरात दंगों के बाद सुर्खियों में आई. गुजरात दंगों के लिए वह तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को आरोपी मानती हैं. गुजरात दंगों के कई पीड़ितों के लिए वह केस भी लड़ती हैं. सरकार का आरोप है कि वह एक विचारधारा से प्रेरित होकर उसके लिए काम करती हैं।

तीस्ता को अंतर्राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव एम्स्टर्डम से डॉक्यूमेंट्री फिल्म "साइकिलमहेश" की निर्माता के रूप में महोत्सव में भाग लेने के लिए निमंत्रण मिला है, जिसका विश्व प्रीमियर महोत्सव के एनविज़न प्रतियोगिता में होगा।

गुजरात सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ÷मैं चाहता हूं, लेकिन मैं आपत्ति नहीं कर सकता। मुझे इस बात का अनुभव है कि उन्होंने एक राज्य के साथ क्या किया है और चीजें कैसे घटित हुई हैं।"

## प्राइवेट शिक्षक के सहारे 4 वर्षों से चल रहा चौगानपुर का उच्च प्राथमिक विद्यालय

**● प्रधानाध्यापक कई वर्षो से बगैर ड्यूटी किया उठा रहे सैलरी**

**प्रधानाध्यापक सोनू लाल पटेल का अजब गजब खेल प्राइवेट शिक्षक लगा खुद कर रहे व्यापार**

**बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार कहीं फर्जी अंक पत्तों पर नौकरी कर रहे शिक्षक तो कहीं घर बैठे सैलरी उठा रहे प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही कब ?**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी सहित उनके कार्यालय के चंद मातहत के रहमों करम से बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जिसकी वांनगी पर एक नजर डालें तो आज भी कई शिक्षक फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी करते देखे जा सकते हैं ।और कई अवकाश प्राप्त करके सरकार से वाकायदा पेंशन का लाभ भी ले रहे हैं ।तथा दो तीन शिक्षकों को रिटायरमेंट के करीब ही जेल भी जाना पड़ा था ।बर्खास्त हुए शिक्षकों द्वारा वेतन के रूप में ली गई करोड़ों रुपए की धनराशि आज तक रिकवरी नहीं हुई। यह सारा खेल साहब के कमाऊ चहेते चंद और अरसे से जमे बाबूजी लोगों के द्वारा चल रहा है ।ताजा मामला विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत चौगानपुर के सरकारी स्कूल का है जहां पर तैनात प्रधानाध्यापक सोनू लाल पटेल द्वारा बगैर शिक्षण कार्य किये तथा बगैर स्कूल आए ही वेतन उठा रहे हैं ।ऐसा दर्जनों ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के अभिभावकों का आरोप है उक्त मामले की ऑनलाइन व प्रशासन को लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की गई थी लेकिन नीचे से ऊपर तक बधा महीना के चलते कार्रवाई शून्य ही दिखाई दी। ग्रामीणों व अभिभावको की माने तो यह खेल कई वर्षो से चल रहा है और इसकी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी मितौली व बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी को भी है ।बावजूद इसके उक्त शिक्षक सोनू लाल पटेल का ना तो कभी वेतन बाधित किया गया और ना ही कोई कार्यवाही अथवा कारण बताओं नोटिस या फिर स्पष्टीकरण ही मांगा गया ।बगैर किसी रूकावट के वेतन निकाला जाता रहा ।यहां पर कई अहम व अनसुलझे सवाल पैदा होते हैं की प्राइवेट शिक्षक किस सक्षम अधिकारी के आदेश से कर रहा शिक्षण कार्य ?क्या प्रधानाध्यापक द्वारा इस प्राइवेट शिक्षक के कार्य संलग्न होने की शिकायत या जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई ?क्या प्रधानाध्यापक को प्राइवेट शिक्षक नियुक्त करने का अधिकार है? यदि नहीं तो यह शिक्षक गत वर्षो से कैसे कर रहा शिक्षण कार्य? प्राइवेट शिक्षक को कहां से और किस मद से दिया जाता रहा पारिश्रमिक? विद्यालय के निरीक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी को क्यों नहीं दिखाई दिया प्राइवेट शिक्षक ?प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय में एकल शिक्षक सोनू लाल पटेल ही





हैं और यहां के प्रधानाध्यापक भी बताए जाते हैं। बगैर ड्यूटी किये ही एक प्राइवेट लड़के को नौकरी पर रखकर उसी के द्वारा विद्यालय का संचालन किया जाता है। मिली गोपनीय जानकारी के अनुसार उक्त सोनू लाल पटेल और खंड शिक्षा अधिकारी मितौली के बीच गहरी दोस्ती व साठगांठ के चलते 4 वर्ष से यह खेल खेला जा रहा है। और खंड शिक्षा अधिकारी मितौली के रहमों करम से ही 4 साल से फर्जी तरीके से वेतन निकालने के आरोप लगाए जा रहे हैं। अब देखना यह है कि उक्त प्रधानाध्यापक के विरुद्ध जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही की जाती है या फिर मिल रहे चढ़ावे के चलते मामले की लीपापोती कर दी जाएगी।

**क्या कहते है खण्ड शिक्षा अधिकारी मितौली**


इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी मितौली से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन ना लग पाने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी। वहीं पर बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी प्रवीण कुमार तिवारी से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन ही नहीं उठा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गैर जनपद का बेचा जा रहा धान, किसानों ने लगाया जाम

**बिलसंडा।** शाहजहांपुर से बिक्री करने के लिए लाई गई धान से भरी नौ ट्रैक्टर ट्रॉलियों को किसानों ने रोक लिया। मार्ग जाम कर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम नागेंद्र पांडेय ने किसानों को बमुश्किल समझाया। कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद ही किसान शांत हुए और जाम खुला। गांव करेली के पास किसानों ने विरोध जताया और शाहजहांपुर से लाई जा रही नौ ट्रैक्टर ट्रॉलियों को रोक लिया। सड़क पर चक्का जाम कर बैठे किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें फसल का सही दाम नहीं मिल पा रहा है वहीं शाहजहांपुर से लाकर यहां धान बेचा जा रहा है। कई बार इस संबंध में शिकायत भी की गई पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने क्रय केंद्रों के कागजों में संचालन का आरोप भी लगाया। जानकारी पाकर एसडीएम नागेंद्र पांडेय वहां पहुंचे और नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया। विरोध के चलते आधा घंटा जाम लगा रहा। पुलिस ने सभी ट्रैक्टर ट्रॉली को थाने में लाकर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित व भड़काऊ भाषा के इस्तेमाल करने पर शिक्षिका निलंबित





**गोपालगंज (बिहार)-** गोपालगंज जिले के भोरे प्रखंड के जैतपुर प्लस टू विद्यालय की शिक्षिका सुल्ताना खातून द्वारा बच्चों के अध्यापन के क्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित व भड़काऊ भाषा के प्रयोग करने की शिकायत की जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार द्वारा बताया गया कि इस शिकायत पर शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा गया था परंतु संतोष जनक जवाब नहीं देने के कारण और जांच की क्रम में आप सत्य पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## एक्सप्रेस वे पर टोह ले रहे थे शराब की जगह मिल गया इतना सोना कि फटी रह गई आखें

**● लग्जरी कार में मिला 12.5 किलो सोना, जीएसटी, इनकम टैक्स की टीमं जांच में जुटीं**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** रात को यमुना एक्सप्रेस वे मांट टोल प्लाजा पर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम वाहनों से होने वाली शराब अन्य तस्करी की टोह लेने में जुटी थीं। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने अवैध शराब की तस्करी रोकने के निर्देश दिये हैं। जिसके क्रम में आवकारी विभाग की टीमें पुलिस टीम के साथ मिल कर संयुक्त चेकिंग अभियान चला रही हैं। इसी बीच संयुक्त टीम ने दिल्ली से बिहार जा रही लग्जरी कार ऐंडीवर नम्बर यूपी 32 एएल 0033 को चेकिंग के लिए रोका। जिसमें साढ़े 12 किलो सोना के आभूषण बरामद हुए हैं। बरामद ज्वेलरी की कीमत करीब साढे छह





करोड़ रुपये आंकी जा रही है। कार सवार इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके। कुछ संदिग्ध पैकेट रखे हुए थे। जब उन्हें खोला तो सोना मिला। पुलिस ने कार में सवार विवेक गुप्ता निवासी सकरपुर दिल्ली और रमेश निवासी सिवान बिहार से सोने के बारे में जानकारी की तो वह कुछ भी नहीं बता सके। इंस्पेक्टर मांट राजित वर्मा ने बताया कि सोने के आभूषणों को देवरिया ले जाया जा रहा था। इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जीएसटी, सेल टैक्स सहित अन्य टीमें सोने की जांच में जुटी हैं और कार सवार दोनों लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है। कार को



वह कार जिससे बरामद हुआ सोना।

भी कब्जे में ले लिया गया है। सीओ मांट गुंजन सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान यह सोना मिला है जो ज्वेलरी के रूप में डिग्गी में बैग में रखा था। अभी इस मामले की जांच चल रही है। जीएसटी और आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी गई थी। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक राजीत वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सोना को देवरिया बिहार ले जाया जा रहा था, जिसकी जांच की जा रही है।

**वर्जन**

यमुना एक्सप्रेस वे पर थाना मांट क्षेत्र में एक एंडेवर कार से सोने की करीब 12.5 किलो को ज्वैलरी बरामद हुई है। इसके बारे में जीएसटी विभाग व इनकम टैक्स विभाग को सूचित कर दिया गया है तथा उनके द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

-त्रिगुण विशेन, एसपी देहात मथुरा

## सतर्कता किसी भी व्यवस्था की शुचिता बनाए रखने में महत्वपूर्ण होती है

**प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई में समाज, जीवन और कार्यस्थल में सतर्कता के आयाम विषय पर सतर्कता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन प्रशासनिक भवन के बोर्ड रूम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र कुमार, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, (आईआरटीएस) उत्तर मध्य रेलवे द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सतर्कता हमें कार्यस्थल पर व्यवस्थित, मानक नियमों व पारदर्शी तरीके से कार्य करने की दिशा देता है। सतर्कता की भूमिका किसी भी व्यवस्था की शुचिता को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सतर्कता का प्रभाव हमारे कार्यस्थल के साथ साथ समाज की व्यवस्था और जीवन शैली पर भी पड़ता है। किसी भी संस्था की प्रगति और विकास में निवारण सतर्कता निवारक बहुत महत्वपूर्ण होती है सतर्कता का यह आयाम हमें कार्य की लापरवाही के पूर्व सचेत करता है। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कहा कि इफको विश्व की सबसे बड़ी सहकारी संस्था है तथा इफको ने स्वतः पारदर्शी प्रकिया अपनायी है यहाँ पर भुगतान कैशलेश प्रक्रिया के तहत होता है तथा सभी श्रमिकों का पीएफ, कर्मचारी राज्य बीमा विनियम (ईएसआईसी) का पंजीकरण हमारे यहाँ है।



मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने कहा कि सतर्कता विभाग का मुख्य कार्य सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता को बढ़ावा देना तथा अनैतिक,भ्रष्टाचार के प्रति कर्मचारियों व बच्चों में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी के नेतृत्व में इफको लगातार तरक्की कर रहा है। इफको शीर्ष प्रबंधन ने एक पारदर्शी संस्कृति अपनाई है जो हमारी नीति रही है। कार्यक्रम का संचालन शरद अग्निहोत्री तथा धन्यवाद ज्ञापन पी.के.वर्मा ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय वैश्य,महाप्रबंधक क्रमशः ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी, पी.के.सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः पी.के.पटेल, अनीता मिश्रा, अरूण कुमार, रत्नेश कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के.सिंह, ए.के. गुप्ता, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर तथा समस्त विभागाध्यक्ष व अनुभागाध्यक्ष कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## क्षतिग्रस्त सड़क से आवागमन में दिक्कत





**● .... पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की लापरवाही के चलते हो सकता है बड़ा हादसा।**

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज/ लखनऊ** मोहनलालगंज नगर पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली फुलवरिया सड़क विभिन्न स्थानों पर धसने से क्षतिग्रस्त होने के कारण कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।ज्ञातव्य है कि रायबरेली हाईवे को फुलवरिया होते हुए जुनाबगंज रोड तक जाने वाली करीब डेढ़ किमी लम्बाई की बाईपास सड़क कई स्थानों पर धसने से विकृत रूप में आ गयी



है।सड़क के किनारों पर घनी कटीली झाडियाँ कोढ़ में खाज वाली स्थितियों को चरितार्थ कर रही है। इसके कारण प्रायः कई बार दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। इस सड़क से कई तरह के भारी व हल्के वाहन गुजरते हैं। आमने सामने से अचानक आने वाले वाहन कई बार दुर्घटना की चपेट में आ जातें हैं। मोहनलालगंज बाईपास सड़क के रूप में यह सड़क आम जनमानस के आवागमन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, परन्तु जिम्मेदार विभाग व अधिकारियों की बेरूखी कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## स्मार्ट मीटर लगाने में हो रहा स्मार्ट वसूली का खेल

**● प्रति उपभोक्ता वसूले जा रहे तीन सौ रूपये**

**उपभोक्ताओं ने किया विरोध, तो सामान छोड़ भागे कर्मचारी**

स्वतंत्र प्रभात

विशाल पाण्डेय

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने उ.प्र. की विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए तरह-तरह के नियम बनाकर विद्युत व्यवस्था से लोगों तक विद्युत की सही आपूर्ति करने का हर संभव प्रयास कर हैं। वहीं विद्युत चोरी करने वालों के लिए भी कड़ा नियम बनाया है तथा लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगवाने का काम भी कर रहे हैं। स्मार्ट मीटर में उन्होंने विद्युत चोरी रोकने को लेकर प्रत्येक घर में स्मार्ट मीटर के साथ ही आर्मेट केबल लगाने के आदेश हैं। वहीं खीरी जिले में काम कर रही संस्थाओं के कर्मचारियों ने अपनी जेबें भरने के लिए उपभोक्ताओं से वसूली शुरू कर दी है।

यू तो स्मार्ट मीटर का ठेका मेराकी फर्म के पास है। इसने वेंडर बना रखें हैं। जो अपने स्तर से कर्मचारी लगाकर उपभोक्ताओं के घर मीटर लगाने का काम करते हैं।

ताजा मामला शहर से सटी एक एक ग्राम पंचायत से सामने आया है। जहां रविवार की शाम करीब चार बजे मीटर लगाने वाले कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं से वसूली की। इसमें कर्मचारियों ने किसी घर से तीन सौ रूपये तो किसी घर से 200 और किसी से 100 रूपये तक की वसूली की। उपभोक्ताओं को जब पता चला कि यह तो सरकार द्वारा निशुल्क लगाए जा रहें हैं तब उन्होंने इसका विरोध किया और अपने रूपये वापस लेने के लिए कर्मचारियों को रोंकना चाहा इसपर कुछ कर्मचारी वहां से मौका देख भागने में सफल रहे लेकिन एक कर्मचारी वहीं फंस गया। हालात यह थे कि कर्मचारी मीटर छोड़कर वहां से भागे थे। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब





सरकार निशुल्क स्मार्ट मीटर लगवाने का काम कर रही है ऐसे में यह कर्मचारी वसूली पर क्यों आमादा हैं।

उधर मेराकी कंपनी के जिम्मेदार से मामले में जानकारी चाही गयी, लेकिन उनके कर्मचारियों ने बताया सर लखनऊ मीटिंग में गए हैं। जब मैनेजर अनुज शुक्ला से फोन पर मामले की जानकारी चाही तो कई बार फोन करने पर भी जनाब ने फोन नहीं उठाया जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी।

शेष अगले अंक में...

## संक्षिप्त ख़बरें

### जरवा क्षेत्र में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, दुकान बंद कर भागे मेडिकल व अस्पताल संचालक कुछ अस्पतालों को सील कर होगी विधिक कार्यवाही

**जरवा(बलरामपुर)।** तुलसीपुर क्षेत्र अंतर्गत जरवा और पचपेड़वा में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर.एन. त्रिपाठी तथा पटल सहायक राजेश सिंह द्वारा मेडिकल स्टोर तथा निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी आर. एन. त्रिपाठी ने बताया कि जरवा क्षेत्र में रिजवान क्लिनिक व गुप्ता क्लिनिक तथा पचपेड़वा क्षेत्र में मासी क्लिनिक जो बी यू एम एस की डिग्री पर एलोपैथिक दवा से उपचार करते पाए गए तथा मेडिकल स्टोर में एलोपैथिक दवाओं की भरमार मिली जिस पर उन्हें कारण बताओं नोटिस देते हुए अस्पताल का रजिस्ट्रेशन एलोपैथिक इलाज हेतु करवाने का सख्ती से निर्देश दिया गया। अन्य अस्पताल संचालक सूचना मिलते ही दुकान बंद कर भाग खड़े हुए। जिस कारण जल्दी ही दोबारा से निरीक्षण किया जाएगा। तथा कुछ चिन्हित अस्पतालों को सील करवा कर विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

### वाराणसी स्पोर्ट स्टेडियम का नाम पुनः बाबू सम्पूर्णानंद स्पोर्ट स्टेडियम रखा जाये - सुनील मिश्र


**अम्बेडकरनगर-** वाराणसी के बाबू सम्पूर्णानंद स्पोर्ट स्टेडियम का हाल ही में आधुनिकीकरण किया गया और उसका नाम परिवर्तित कर दिया गया जो दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, देश के स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने वालों का अपमान है। देश के स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने वाले बाबू सम्पूर्णानंद जी के नाम पर पूनः बहाल किया जाये उक्त बाते जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन देने के दौरान कही। जिला कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वाराणसी के बाबू सम्पूर्णानंद स्पोर्ट स्टेडियम का नाम परिवर्तित न करके स्वाधीनता संग्राम में भाग लिये बाबू सम्पूर्णानंद स्पोर्ट स्टेडियम नाम बहाल रखने के लिए महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार अकबरपुर शिव नरेश सिंह को सौपा गया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र पटेल, मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, पूर्व पी सी सी सदस्य दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, सुखीलाल वर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, नंदकुमार गुप्ता दद्दू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो जियाउद्दीन अंसारी, अकबरपुर नगर अध्यक्ष राजेश प्रजापति, नंदकुमार गुप्ता दद्दू, जिला महासचिव शीतला प्रसाद श्रीवास्तव सोनू, मो जीशान, मो तौसीफ समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### नौबस्ता पुलिस ने बलात्कार के वांछित अभियुक्त को पकड़ा



**कानपुर।** कमिश्नरेट की थाना नौबस्ता पुलिस ने बलात्कार के वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।थाना-नौबस्ता कमिश्नरेट कानपुर नगर न बताया कि दिनांक 22 अक्टूबर 24 को उपनिरीक्षक ललित प्रताप सिंह मय फोर्स के बलात्कार के वांछित अभियुक्त की तलाश में मामूर कि सूचना प्राप्त हुई कि वांछित अभियुक्त सचिन यादव उपरोक्त नौबस्ता चौराहे के पास कहीं जाने की फिराक मे खड़ा है, इस सूचना पर उपनिरीक्षक ललित प्रताप सिंह मय फोर्स के अभियुक्त सचिन यादव पुत्र स्व. ओमकार सिंह यादव निवासी 83 गंगा बिहार नियर आईटीआई कालेज थाना सिविल लाईन जनपद इटावा को समय करीब 00.25 बजे दिनांक 22.10.2024 को गुप्ता चौराहा गोपाल नगर थाना नौबस्ता कानपुर नगर से गिरफ्तार किया गया।

### वन विभाग की टीम ने कराई जमीन कब्जा मुक्त




**अलीगढ़।** थाना अकराबाद गांव बघियार में वन विभाग की टीम ने राजस्व विभाग की मदद से मंगलवार को वन विभाग की 25 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। क्षेत्रीय वन दरोगा धर्मेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि काफी दिनों से विभाग को शिकायत मिल रही थी कि गांव बघियार में कुछ ग्रामीणों द्वारा वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जे कर लिए हैं। उसी शिकायत के आधार एवं उच्चाधिकारियों के आदेश पर मंगलवार को राजस्व विभाग तथा पुलिस की सहायता से 25 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है।

# कोटेदार क द्वारा वितरित मुफ्त राशन के चावल में प्लास्टिक के चावल की मिलावट - सूत्र

**● - गरीब परिवार के जिन्दगी के साथ हो रहा खिलवाडजिम्मेदार अधिकारियों के मिलीभगत से गरीब परिवारों के जिन्दगी के साथ चल रहा बड़ा खेल**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** भारत सरकार द्वारा राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क गेंहू और चावल वितरित किया जा रहा है जो गरीब परिवारों के लिए जानलेवा हो सकता है ।सूत्रों की माने से निःशुल्क वितरित हो रहे चावल में धान के चावल के साथ पर प्लास्टिक के चावल की मिलावट की गई है और प्लास्टिक चावल के मिलावटी चावल का वितरण करके गरीब परिवार के जिन्दगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । धान के चावल के साथ प्लास्टिक के चावल की मिलावटी चावल का वीडियो / फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है । जिम्मेदार अधिकारियों के लापरवाही / मनमानी से गरीब परिवार के जिन्दगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । धान के चावल के साथ प्लास्टिक के चावल के मिलावटी की जांच पड़ताल करना प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है । आखिर प्लास्टिक के चावल की मिलावट कहां से हो रही है ? किसके द्वारा किया जा रहा है ? उसका उद्देश्य क्या है ? जो एक जांच का विषय बना हुआ है । यदि प्रशासन इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया तो गरीब परिवार के सदस्यों को अनेक गंभीर रोगों से सामाना करना पड़ सकता है । एक तरफ राशन माफिया तो राशन में मिलावटी करके अपनी जेब गर्म करने में जुटे हैं वही दूसरी तरफ गरीब परिवार निःशुल्क राशन खा कर अनेक रोगों को दावत दे रहे हैं । उक्त प्रकरण में जिला पूर्ति अधिकारी सत्य बीर सिंह से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो जिला पूर्ति अधिकारी का फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर निकला ।

# जमीनी विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर मारा पीटाः एस.पी. से लगाया न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** दबंग को नहीं रहा पुलिस का खौफ जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के औसापुर निवासी चन्द्रभान बरनवाल पुत्र अदालती ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर दबंगों द्वारा घर में घुसकर परिजनों को मारने-पीटने, धमकी देने के मामले में न्याय की गुहार लगाया है। मंगलवार को एसपी को दिये पत्र में चन्द्रभान ने कहा है कि उसने अपना मकान बनवाया है, घर के पीछे घारी चन्नी नल एवं उठने बैठने का स्थान है और शौचालय भी है। सत्यनरायण पुत्र गंगाराम, पवन कुमार पुत्र सत्यनरायण, दिनेश लाल पुत्र सत्यनरायण, हेमन्त पुत्र सत्यनरायण निवासी वानगढ़ थाना वाल्टरगंज तथा सात अज्ञात व्यक्ति गत 20 अक्टूबर को दिन में लगभग 12 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली पर एक लोहे की टंकी रखकर उसके के घर के पीछे की जमीन पर रख रहे थे। घर वालों ने उनसे कहा इस जमीन पर मुकदमा चल रहा है, टंकी मत रखिये इसी बात पर क्रोधित होकर उक्त लोग जो अपने हाथ में लाठी डण्डा लोहे की रॉड सब्बल आदि लिए थे, उसके घर में घुस कर उसके सर पर लोहे के रॉड मारा, पीटा। पर उसकी पत्नी सुमन व पुत्री शालोनी एवं भतीजी प्रीती एवं उसके पिता अदालती छुड़ाने के लिए दौड़े , उन लोगों ने उसकी लडकी शालोनी को काफी मारे पीटा दाहिने हाथ की अंगुली फट गई है, चार टाके लगे हैं। वायीं जांघ में काफी चोटें आई हैं। प्रीती का भी टी शर्ट फाड़ दिये एवं बेईज्जत करने की नीयत से उसके सर पर मा॰ जिससे सर फट गया। उसकी पत्नी सुमन का सर फट गया है और दाहिने हाथ ही अंगुली काफी जख्मी हो गई है। उसके पिता अदालती जो 78 वर्ष के हैं उनके बाये हाथ में काफी चोटें आई है, जिससे हाथ टूट गया है एवं सिर पर भी गम्भीर चोटे आई है। दबंग दूसरे गांव के रहने वाले हैं। एसपी को दिये पत्र में चन्द्रभान ने कहा है कि सत्यनरायण हत्या एवं डकैती के मुकदमा में जेल में काफी दिनों तक रह चुका है। दबंगों के हमले में उसके घर वालों को गम्भीर चोटे आई है। वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने साधारण धाराओं में केवल एफ0आई0आर0 दर्ज किया है जबकि उसके घर के लोग जिला चिकित्सालय बस्ती में भर्ती है। चन्द्रभान बरनवाल के अनुसार तीन माह पूर्व उसने वाल्टरगंज पुलिस के साथ ही डी.एम., एसपी. को पत्र दिया गया था, यदि प्रशासन ने पहल किया होता तो यह घटना न घटती। उसने मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराकर दोषियों पर कार्रवाई और उनके परिजनों के जान माल की सुरक्षा कराया जाय।

# भीषण सड़क हादसा 10 लोग से यादा हुए घायल, बस और डंपर की हुई भिड़ंत

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले मे दोपहर नेशनल हाईवे 28 पर पचवस छावनी, ब्लॉक विक्रमजोत के पास डंपर और बस की टक्कर से भीषण सड़क हादसा हो गया। सवारी से भरी सरकारी बस अयोध्या से गोरखपुर के लिए जा रही थी। डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से बस जाकर सामने से टकरा गई। हादसे में लगभग 10 से 'यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसको 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत में भर्ती कराया गया। जिसमें बायसवा बस्ती के रहने वाले सुभाष चंद्र उपाध्याय पुत्र राजेंद्र उपाध्याय, प्रीति उपाध्याय उम्र 42 पत्नी सुभाष चंद्र, नीलम शुक्ला उम्र 44 वर्ष पत्नी मनोज शुक्ला, लालगंज बस्ती के रहने वाले मनोज शुक्ला पुत्र सतीश चंद्र उम्र 52 वर्ष, गोरखपुर की रहने वाली नेहा त्रिपाठी पुत्र लाल कृष्ण त्रिपाठी उम्र 25, धर्म सिनेवा संत कबीर नगर के रहने वाले अखिलेश त्रिपाठी पुत्र शत्रुघ्न नाथ त्रिपाठी उम्र 52 वर्ष तथा अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा भीषण सड़क हादसा देखकर एंबुलेंस के लिए 108 पर फोन लगाया तथा पुलिस को भी सूचना दी । कुछ ही समय में पुलिस और 108 की 4 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई और प्राथमिक उपचार करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। अखिलेश त्रिपाठी जी की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य विक्रमजोत से मेडिकल कॉलेज अयोध्या के लिए रेफर कर दिया गया। जिसको 108 एंबुलेंस द्वारा मेडिकल कॉलेज अयोध्या में सुरक्षित भर्ती कराया गया।

## प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से दीपोत्सव में बनेगा विश्व रिकार्डः कुलपति प्रो0 प्रतिभा

**●दीपोत्सव की सफलता के लिए कुलपति ने राम की पैड़ी पर किया पूजन अर्चन**



स्वतंत्र प्रभात

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंगलवार को प्रातः 7 बजे राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चन किया। इस पूजन में सरयू मन्दिर के पुजारी नेत्रजा मिश्र सहित अन्य ने विधि विधान से दीपोत्सव की सफलता के लिए पूजन कराया। कुलपति ने बताया कि प्रभुश्रीराम के आशीर्वाद से प्रांतीय दीपोत्सव का विश्व रिकार्ड बनेगा। श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला दीपोत्सव भारतीय जनमानस सहित देश दुनियां के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है जिसे दीपोत्सव के वालंटियर्स व पदाधिकारी 30 अक्टूबर को पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व पटल पर स्थापित करेंगे। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में दीपोत्सव को और भव्य बनाने के लिए 28 लाख से अधिक दीए सजाने के साथ 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। इस कार्य में आवासीय परिसर, संबद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेज एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 30 हजार वॉलंटियर्स लगाए जा रहे हैं। सभी के सहयोग से आठवें दीपोत्सव में सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करायेंगे। इस दीपोत्सव पूजन कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो0 गंगाराम मिश्र, प्रो0 अनूप कुमार, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 त्रिलोकी यादव, डॉ0 अंशुमान पाठक, प्रोग्रामर रवि मालवीय, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय व पूर्व अध्यक्ष डॉ0 राजेश सिंह, अभियंता आरके सिंह, आशीष मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़त में एक की मौत दूसरा घायल

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** कोतवाली इगलास क्षेत्र के गहलऊ गोंडा मार्ग पर भैंया की पुलिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगला जुझार निवासी 66 वर्षीय नमो नारायण शर्मा पुत्र भूदेव शर्मा घर से इगलास के लिए गए थे। लौटते समय भैंया की पुलिया के पास सामने से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे नमो नारायण शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे अलीगढ़ भेजा गया। स्थानीय किसान और राहगीरों ने हादसे की सूचना थाना पुलिस और पी आरवी को दी। उप निरीक्षक अभिषेक निगम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पिंजरे में कैद हुआ दूसरा तेंदुआ और तेंदुआ होने की आशंका

स्वतंत्र प्रभात

**तुलसीपुर/बलरामपुर-** सुहेलवा वन्य जीव प्रभाग रेंज तुलसीपुर अंतर्गत ग्राम हलौरा और कुडोहा के सरहद पर लगे पिंजरे में कल शाम 7:00 बजे एक 3 वर्षीय तेंदुए का नर सावक कैद हो गया। रात्रि में भी देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसको नियंत्रित करने के लिए कोतवाली जरवा पुलिस बल व एसएसबी कोयलाबास चौकी के जवानों को बुलाया गया। पूर्व प्रधान अमानुल्लाह ने बताया कि मेरे घर के कुछ ही दूरी पर ईदगाह बना हुआ है ईदगाह के पास सागौन के बाग में वन विभाग द्वारा पिजड़े को लगाया गया है। एक सप्ताह पहले सोमवार को एक तेंदुए का तीन वर्षीय मादा सावक कैद हुआ था। उसके बाद 1 सप्ताह तक वन विभाग द्वारा पिंजरे में बकरी नहीं बांधी गई। फिर ग्रामीणों के द्वारा विरोध प्रदर्शन व मांग तथा तेंदुए के आए दिन देखे जाने और मवेशियों पर हमले से परेशान ग्रामीणों ने पुनः पिंजरे में बकरी बंधवाने की मांग करने लगे। रविवार की शाम पिंजरे में बकरी बांधी गई और पिंजरा चारों ओर से झाड़ी, तहनी, हरी पत्ती से ढका नहीं होने के कारण उसी रात्रि में तेंदुआ बकरी पर पिजड़े के पीछे से हमला कर बकरी के पीछे का हिस्सा भी खा लिया जिससे बकरी की मृत्यु हो गई। सुबह पिंजरे का शटर गिरा हुआ था लेकिन तेंदुआ कैद नहीं हुआ।

जिसकी सूचना हम सभी ने वन विभाग को दी। वन कर्मियों ने मृत बकरी को पिंजरे में ही टांग दिया। शाम को 5:00 के बाद से तेंदुआ उसी के आसपास दिखने लगा। 6:30 बाग से में खटाक की आवाज आई हमें संदेह हुआ तब वहां गांव के चार लोगों के साथ जाकर देखा तो पिंजरे का सटर गिरा हुआ था तथा तेंदुआ पिंजरे के अंदर दहाड़ मार रहा था। जब और पास जाकर देखा तो पिंजरे के बगल में एक तेंदुआ बाहर बैठा था तथा एक तेंदुआ पीछे की ओर से तेंदुए को छुड़ाने का प्रयास कर जोर-जोर से दहाड़ मार रहा था। हम देखते ही दबे पांव घर की ओर भाग आए और गांव वालों तथा वन विभाग को सूचना दिया। वनकर्मी शाम को 8:00 बजे पिंजरे के पास पहुंचकर पिंजरे से तेंदुए को वन विभाग के दूसरे पिंजरे में भेज कर ट्रैक्टर ट्राली से जनकपुर रेंज कार्यालय ले गए। क्षेत्र में अधिक फोकस वाले टार्च और ज्यादा उजाला वाले बल्ब की मांग भी बढ़ी है। लगभग सभी लोग इस्तेमाल कर रहे हैं।

कंपोजिट विद्यालय हलौरा के एसएमसी अध्यक्ष अब्दुल अहद ने बताया कि तेंदुआ की धर पकड़ तथा आए दिन मवेशियों पर हमले व जगह-जगह दिखने के कारण सभी अभिभावक डरे हुए हैं संग्रामपुर गांव के 50 अभिभावकों ने अपने। बच्चों को विद्यालय भेजना बंद कर दिया है तथा हलौरा गांव के अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय तक छोड़ने लाते हैं। तेंदुए की दहशत से बच्चों की संख्या पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है। सोमवार शाम 5:00 बजे अकबाल अपने बकरी को चराने पंचायत सचिवालय के पास ले गए थे अमानुल्लाह के गन्ने के खेत में बकरी को पकड़ने की फिराक में घात लगाए बैठे तेंदुए ने बकरी को दबोचना चाहा एक गांव का कुत्ता बकरी के पास से तेजी से गुजरा जो तेंदुए की गिरफ्त में आ गया और तेंदुआ बकरी को छोड़ कुत्ते को लेकर भाग गया। हम सभी शोर मचाते रहे और बकरी को अपने घर की ओर भगा कर ले आए।

सभी ग्रामीणों ने पुनः पिंजरे में बकरी बधवाने की मांग करते हुए कहा कि तेंदुआ के बच्चे कैद हुए हैं नर व मादा बड़ा तेंदुआ अभी कैद नहीं हुआ कल तेंदुए की गुराहट और भाग दौड़ से हम सभी में और दहशत व्याप्त हो गई है बाहर घूमते हुए आक्रामक लग रहे हैं। उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि कल शाम हलौरा के पास से पकड़ा गया शावक तेंदुआ नर है चिकित्सकों की टीम ने रात में व सुबह स्वास्थ्य परिक्षण किया जो पूरी तरह स्वस्थ है। जिसकी उम्र 3 वर्ष है। जिसको सुबह मुर्गे का मांस व पानी पिलाया गया था। उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है निर्देश मिलते ही छोड़ा जाएगा।

## युक्त बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बार एसोसिएशन जलालपुर ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**जलालपुर अंबेडकर नगर –** संयुक्त बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जलालपुर तहसील के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार न्यायिक कार्य से विरत रहकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के उपरांत श्रंखलाबद्ध तरीके से तहसील प्रांगण में पद मार्च करते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश शासन को तहसीलदार जलालपुर के द्वारा नवसूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। उत्तर प्रदेश शासन से बार एसोसिएशन ने अभिलंब अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो, राज्यसभा और विधान परिषद में अधिवक्ताओं के लिए आधिकारिक सीट आरक्षित की जाए, न्यायालयों में पारदर्शिता के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, बार काउंसिल में सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए ,अधिवक्ताओं को स्थाई चैंबर और वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाए, अधिवक्ताओं को सामूहिक स्वास्थ्य बीमा और टर्म पॉलिसी का लाभ दिया जाए, न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति हो, राजस्व न्यायालय में विधि स्नातक उपाधि पाने वाले अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, नए अधिवक्ताओं को 10000 स्टाइपेंड और 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले अधिवक्ताओं को 25000 मासिक पेंशन दी जाए, मांगों को लेकर नव सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। संपूर्ण कार्यक्रम में बार एसोसिएशन जलालपुर के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने अध्यक्षता की और कार्यक्रम का संचालन संत प्रसाद पांडे ने किया। कार्यक्रम में कुंवर बहादुर यादव, अशोक कुमार तिवारी, ललित नारायण मिश्र, रामजतन वर्मा, महेंद्र कुमार यादव, जगदीश चंद्र यादव, सुरेश कुमार उपाध्याय, रविंद्र कुमार मिश्रा, राजपति सिंह, सुनील कुमार सिंह, हृदय नारायण, हसन रजा, देवानंद द्विवेदी, अकबाल कृष्ण श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश मिश्रा, राम सुरेश, अरविंद कुमार सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार जलालपुर को नव सूत्रीय मांग पत्र सोपा।

## रामायण मेला समिति एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के बीच हुआ एम. ओ. यू. समझौता

स्वतंत्र प्रभात



**अयोध्या ।** आज को रामायण मेला समिति एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के बीच एम. ओ. यू. समझौता ज्ञापन मणिराम दास छावनी में किया गया यह समझौता अगले तीन वर्षों के लिए किया गया है जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर करार हुआ ।1, दोनों संस्थान मिलकर रामायण की महत्ता को विभिन्न कला रूपों जैसे संगीत, नृत्य, नाट्य और साहित्य के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे । रामायण के संदर्भ में शोध कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए दोनों संस्थान इस दिशा में अनुसंधानकर्ताओं को आवश्यक मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करेंगे । संयुक्त रूप से रामायण व संबंधित विषयों पर गुणवत्तापूर्ण शोध पत्रिका का प्रकाशन करेंगे इस शोध पत्रिका का उद्देश्य रामायण को रंगमंच संगीत नृत्य और साहित्य के माध्यम से विभिन्न आयामों में प्रस्तुत करना होगा । सामान्य रुचि के क्षेत्र में संयुक्त रूप से अध्ययन कार्यशाला व गोष्ठी के आयोजन समिति सुनिश्चित किए जाएंगे ।

अयोध्या में श्री राम सेंटर दिल्ली की तर्ज पर अयोध्या में श्री राम लला केंद्र की स्थापना की जाएगी जिससे पर्यटकों के लिए रंगमंच के माध्यम से आकर्षण का केंद्र विकसित होगा । अयोध्या एवं अवध की विलुप्त हो रही लोक कला, लोक नृत्य, लोकगीत, लोक संस्कार एवं लोक परंपराओं का संरक्षण एवं संकलन हेतु संयुक्त रूप से प्रयास किया जाएगा । अयोध्या में आयोजित होने वाले प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक उत्सवों का एक कैलेंडर जारी करने हेतु प्रयास किया जाएगा । अयोध्या में आयोजित होने वाले रामलीला को विश्व स्तरीय मंच पर प्रस्तुति हेतु विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए आईसीसी व संगीत नाट्य अकादमी आदि के माध्यम से भारत के विभिन्न देशों के मंचों पर प्रदर्शन हेतु प्रयास किया जाएगा। शिक्षक एवं छात्र विकास हेतु संयुक्त रूप से विभिन्न कलाओं के माध्यम से कौशल विकास एवं मानवीय मूल्यों के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे जिसमें रामायण मेला समिति के तरफ से कार्यकारी महामंत्री कमलेश सिंह एवं भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय की कुल सचिव सृष्टि धवन ने समझौता हस्ताक्षर किया हस्ताक्षर होने के पश्चात भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मांडवी सिंह ने हस्ताक्षर कापी को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र एवं रामायण मेला समिति के अध्यक्ष श्री महंत नृत्य गोपाल दास को सौपा एवं महंत गिरीश पति त्रिपाठी ( महापौर ) ने एक कॉपी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मांडवी सिंह को प्रदान किया।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि यह करार अयोध्या के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा और बताया कि 200 द्व्द्व के क्षेत्र में जितने भी विद्यालय एवं विश्वविद्यालय हों उनको एकत्रितं कर एक शोध परक पत्रिका का संपादन एवं जो भी विद्वानों के विचार हों उनको पत्रिका में शामिल कर उसको प्रचारित एवं प्रसारित किया जाय ।

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति ने कहा कि पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या की तरफ देख रही हैं शोध परक एवं प्रमाणिक प्रपत्रों की मांग है केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश के सरकार की मंशानुसार अयोध्या को विश्व पटल पर ले जाने के लिए भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं रामायण मेला समिति का यह समझौता अयोध्या को नई दिशा प्रदान करेगा । अयोध्या नगर के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि समझौते में सबसे प्रमुख बिंदु यह है कि अयोध्या में श्री राम सेंटर श्री राम भारतीय कला केंद्र दिल्ली के तर्ज पर अयोध्या में एक श्री राम लला केंद्र की स्थापना किया जाना है जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे जिसका प्रमुख कारण है कि अयोध्या में आने वाले तीर्थ यात्रियों को दो से तीन घंटे का एक मंच प्रदान किया जाए जो पर्यटन के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि होगी

वहीं नगर विधायक श्री वेद गुप्ता ने बताया कि इसमें प्रमुख बिंदु यह है कि अयोध्या में अवध की विलुप्त हो रही लोक कला लोक नृत्य लोकगीत लोक संस्कार एवं लोक परंपराओं का संरक्षण किया जाएगा एवं यह नितांत आवश्यक भी है जो इस कार्य के बाद पूर्ण होता हुआ दिखाई दे रहा है इन सभी कार्यों को पूर्ण करने में मैं समिति के साथ हूं और हर संभव प्रयास किया जाएगा । जगतगुरु रामदिनेशाचार्य ने बताया कि यह करार अयोध्या के साधु संतों में उत्सव उत्पन्न करने का सराहनीय कदम है । कार्यक्रम में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलसचिव सृष्टि धवन एवं रामायण मेला समिति के महामंत्री कमलेश सिंह, एस एन सिंह ,शिवेश्वर पति त्रिपाठी (शरद जी ), श्री निवास शास्त्री , सरदार सुरिंदर सिंह (नीटू),उमेश श्रीवास्तव एवं आशीष मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## दीपावली आते ही जुआ शुरू, पुलिस ने पांच को पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** कमिश्नरेट के नवाबगंज थाना क्षेत्र के जागेश्वर चौकी प्रभारी रिंकू निमेष एवं उनकी सहयोगी पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है कानपुर नगर के सीपी अखिल कुमार के दिशा निर्देशन में डीसीपी सेंट्रल के आदेशों का पालन करते हुए अपराध एवं अपराधियो और जुआ की धरपकड़ करते हुए थाना प्रभारी/ जागेश्वर चौकी प्रभारी ने क्षेत्र में अपने गुप्त सूत्रों के सहयोग से बन्द कमरे में हो रहे जुआ का खुलासा किया है। कानपुर के नवाबगंज थाना क्षेत्र के जागेश्वर चौकी प्रभारी रिंकू निमेष ने अपने गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बंद कमरे में 50,000 के जुआ का किया खुलासा पुलिस द्वारा कार्यवाही के चलते बंद कमरे में पकड़े गए जुआ खेलते हुए पांच अभियुक्त आए पुलिस की धरपकड़ में। थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा एवं उनकी सहयोगी जागेश्वर चौकी प्रभारी रिंकू निमेष द्वारा अपराध एवं अपराधियो और जुआ की धरपकड़ कर कार्यवाही करने के चलते क्षेत्र की जनता ने कानपुर कमिश्नरेट के जागेश्वर चौकी प्रभारी एवं उनकी सहयोगी पुलिस की सराहना।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बैंकर्स समिति की बैठक की गई आयोजित

**बीकेटी।** स्थानीय विकासखंड के ब्लॉक सभागार में खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शासन स्तर से संचालित बैंक द्वारा पोषित योजनाओं तथा एनआरएलएम स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत ऋण योजना सहित अन्य के विषय में जानकारी दी गई। खंड विकास अधिकारी ने बताया मंगलवार को ग्राम पंचायत ऋण योजना की पुस्तक का विमोचन किया गया है, बैठक में बीकेटी के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक ,प्रतिनिधि ,ग्राम प्रधान ,ग्राम सचिव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने 100 किसानों को नि:शुल्क वितरित किए मिनिकिट



**लखनऊ।** मोहनलालगंज ब्लॉक के राजकीय बीज भंडार पर जिला कृषि अधिकारी की उपस्थिति में मंगलवार को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला (विंदेश्वरी)द्वारा किसानों को नि:शुल्क मिनिकिट का वितरण किया गया। मोहनलालगंज विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि ब्लॉक के राजकीय बीज भंडार पर मंगलवार को उनके द्वारा लगभग 100 किसानों को मिनिकिट का नि:शुल्क वितरण कराया गया। इस अवसर पर बीज भंडार प्रभारी व सहायक विकास अधिकारी (कृषि) /कृषि रक्षा सोभनाथ यादव के अलावा सभी प्राविधिक सहायक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए 26 अक्टूबर तक करे आवेदन

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12,14,18 व 23 नवम्बर, 2024 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में 1928 जोड़ों का विवाह आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें प्रतिजोड़ा रू0 51,000/- की दर से व्यय होगा, जिसमें कन्या के खाते में रू0 35,000/-, उपहार सामग्री रू0 10,000/- व कार्यक्रम के आयोजन हेतु रू0 6,000/- की धनराशि व्यय होगी। उन्होंने जन सामान्य नागरिकों को सूचित है कि उक्त योजनान्तर्गत गरीब एवं असहाय इच्छुक अपना आवेदक 26 अक्टूबर 2024 तक जनसेवा केन्द्र के माध्यम से विभागीय, पोर्टल https://cmsvy.upsdc.gov.in पर आवेदन कर अपने- अपने सम्बन्धित विकास खण्ड/नगर पालिका/नगर पंचायत हरदोई में उपलब्ध कराये। प्राप्त उक्त आवेदन विकास खण्ड/नगर पालिका/नगर पंचायत से प्राप्त सूची/आवेदनों को जांच करने के उपरान्त विवाह हेतु पात्रता की स्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी।

## कोटेदार आज सौपेंगे जिलाधिकारी और सांसद को ज्ञापन

**मिश्रिख (सीतापुर)** आल इंडिया फेयर प्राइस शांप डीलर्स एसोशिएशन जनपद इकाई सीतापुर के सभी जिला पदाधिकारी ब्लाक पदाधिकारी सभी कोटेदार संगठन के माध्यम से 23-10-2024 को जिलाधिकारी, जिलापूर्ति अधिकारी सीतापुर, सदर सांसद राकेश राठौर, धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया को ज्ञापन के माध्यम से अपना मांग पत्र सौंपेगे।उक्त कार्यक्रमो में संगठन के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति रहेगी।प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह ने जिले के ज्यादा से ज्यादा कोटेदारो को कार्यक्रम में पहुँचने की अपील की है।वही संगठन के सीतापुर जिलाध्यक्ष राम लखन सिंह यादव ने बताया कोटेदारो की विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौपा जाएगा।

## शिक्षक की भूमिका राष्ट्र निर्माण में सर्वोपरि है-उप जिला अधिकारी आकांक्षा गौतम



**लहरपुर सीतापुर** गुरु का दर्जा ईश्वर से भी पहले आता है क्योंकि गुरु ही हमें ईश्वर के बारे में बताता है गुरु के माध्यम से ही हम ईश्वर की प्राप्ति करते हैं उक्त विचार उप जिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम ने यूजीसी नेट क्वालीफाई करने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए अपने संबोधन में व्यक्त किया। उन्होंने बताया शिक्षक की भूमिका राष्ट्र निर्माण में सर्वोपरि है और यह बड़ी खुशी की बात है की लहरपुर तहसील क्षेत्र के चार विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट परीक्षा सम्मानित अंकों से उत्तीर्ण की है। जिसमे मोहम्मद ऐहतिशाम पीएचडी के लिए, तथा मोहम्मद शादाब, मोहम्मद हनीफ, असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चयनित हुए हैं छात्रों के चयन पर क्षेत्र में खुशी की लहर है कार्यक्रम में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी विजय कुमार सुशील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# दखिना शेषपुर गांव में जालसाजों ने बेंच डाली किसान की जमीन

**● - .... मोहनलालगंज तहसील में जालसाजों का कारनामा ,थक हार के तहसील के चक्कर लगाकर 2023 में किसान राजकिशोर शुक्ल की सदमे में हुई थी मौत।**







स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के निगोहां क्षेत्र के दखिना शेखपुर गांव में एक गंभीर जालसाजी का मामला सामने आया है, जिसमें जालसाज ने पहले बेची गई जमीन को धोखाधड़ी और गलत दस्तावेजों के जरिए दोबारा बेच डाला। इस जालसाज़ी का शिकार एक बुजुर्ग किसान राजकिशोर शुक्ला हुए, जिन्हें जालसाज ने जमीन को लाखों रुपए में बेची, लेकिन जमीन का कब्जा नहीं दिया।

**शिकायत के बाद भी धोखाधड़ी करने वालों पर नहीं हुई कार्यवाही**

किसान राजकिशोर शुक्ला ने जब तहसील में जाकर दस्तावेजों की जांच कराई, तो उन्हें पता चला कि जालसाज़ अनमोल तिवारी ने 2015 में चार बिस्वा जमीन पहले ही बेच डाली थी और बाद में उन्हीं कूट रचित दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दोबारा 10 बिस्वा जमीन का सौदा कर दिया। जबकि उसके हिस्से में केवल 2 बिस्वा जमीन ही थी। इस धोखाधड़ी की शिकायत करने के बावजूद स्थानीय पुलिस और उच्चाधिकारियों से कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे राजकिशोर सदमें में आ गए और 2023 में उनकी मृत्यु हो गई।

# मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखाता है ऋषि सद्साहित्य- उमानंद शर्मा

**● - गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान, आर्यकुल कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट के पुस्तकालय में हुई युगऋषि वाड्मय की स्थापना**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत आर्यकुल कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट, गौरी-बिजनौर रोड के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 425वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्ता शिव प्रसाद सिंह, अरूण कुमार सिंह, डॉ. संजय सिंह, उत्कर्ष सिंह (पौत्र) ने अपने माता-पिता एवं दादा-दादी की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं मैनेजमेन्ट के अधिकारीगणों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखाता है। शिव प्रसाद सिंह, संस्थान रजिस्ट्रार सुरेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये एवं आर्य टी.वी. मीडिया के हेड डॉ. अजय शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, देवेन्द्र



सिंह, शिव प्रसाद सिंह, एवं संस्थान के प्रबन्ध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, उपनिदेशक फार्मेसी डॉ. आदित्य सिंह, आर्य टी.वी. के हेड डॉ. अजय शुक्ला, उपनिदेशक (शिक्षा) डॉ. अंकिता अग्रवाल, रजिस्ट्रार सुरेश तिवारी सहित विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थीं।

# ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति बैठक का हुआ आयोजन, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात



**सण्डीला (हरदोई)।** ग्राम सभा के क्षेत्र के सतत विकास के लिए क्षेत्र पंचायत की अहम भूमिका होती है। बिना सामाजिक भागीदारी के देश का विकास संभव नहीं है। आपकी सजगता से सरकार की योजनाएं धरातल पर पहुंच पाती हैं। यह बातें मुख्य अतिथि मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने सदन में कहीं, उन्होंने कहा वह क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी बक्शे नहीं जाएंगे। उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जाएगी। वह अपनी कार्यशाली में सुधार कर लें, क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक कछौना सभागार में मंगलवार को आहूत की गई। क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा सरकार की मंशा है अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य कर रही है, लेकिन यह तभी संभव है जब आप सभी सजग रहेंगे। अपने आसपास होने वाली गतिविधियों पर नजर रखें, योजनाओं पर पैनी नजर बनाए रखें। आपकी थोड़ी सी जागरूकता से अधिकारी कर्मचारी निरंकुश नहीं रहेंगे। पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, बेसिक शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग की स्थिति काफी खराब है। यह अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें। कायाकल्प के साथ बेसिक स्कूलों में काफी कार्य अधूरे पड़े हैं। शिक्षक गण नियमित रूप से नहीं पहुंचते हैं। अधिकारियों द्वारा जमकर वसूली की शिकायतें आ रही है। यहां तक नौनिहालों के आधार कार्ड नए बनाने व संशोधन व बायोमेट्रिक अपडेट में निर्धारित मूल्य से ज्यादा शुल्क लिया जाता है। काफी संख्या में बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता खराब हो रही है। वहीं सरकार की छवि धूमिल हो रही है। बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली खराब है, सही निगरानी न होने के कारण अधिकांश केंद्र बंद रहते हैं। पुष्टाहार का भी समय से वितरण नहीं होता है। कछौना क्षेत्र में पशु आश्रय स्थल की स्थिति काफी खराब है। आमजनमानस से शिकायतें आती हैं। अपने उत्तरदायित्व को पालन न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जाएगी। सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने कहा जीवन की बेहतरीन के लिए बुनियादी आवश्यकता शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क अच्छी होनी चाहिए। गांव के विकास की कड़ी सड़क है। जल मिशन के तहत कार्यदाई संस्था के ठेकेदारों ने गांव की सड़कों को ध्वस्त कर दिया है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए विधानसभा में मुद्दा उठाया था, कुछ सुधार हुआ है, लेकिन अभी प्रभावी सुधार नहीं हुआ है। कोई जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान जब तक आपकी ग्राम सभा में कार्य ठीक न हो जाए तब तक प्रमाण पत्र न दें। संबंधित सदस्यों के सुझाव व प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। उनके आधार पर कार्य योजना बनाई जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारी एडीओ पंचायत संतोष कुमार, शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी के0के0 त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी कछौना, बाल विकास पुष्टाहार विभाग के डॉक्टर विनय कुमार सिंह व प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर मुक्ति धवल आदि ने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सदस्य गणों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। क्षेत्र पंचायत सदस्य पति बालामऊ मनोज सिंह ने बताया बालामऊ गांव के पूरब दिशा में रेलवे क्रॉसिंग के पास काफी संख्या में दलित आबादी अभी तक विद्युतीकरण से वंचित है। इस आबादी क्षेत्र में कई विद्यालय भी हैं। आजादी के 75 वर्षों बाद भी लोग अंधेरे में जीवन जीने को विविश है। ग्राम सभा महरी के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रति नागेन्द्र तिवारी ने प्रश्न रखा कि हमारी ग्राम सभा में ग्राम सचिव नियमित रूप से निर्धारित रोस्टर के अनुसार सचिवालय में नहीं बैठते हैं। ग्राम प्रधान मरेउरा प्रतिनिधि संदीप सिंह ने कहा ग्राम सभा को आने वाली विद्युत लाइन काफी जर्जर है। जिसके चलते आए दिन हादसे होते हैं। कामीपुर ग्राम सभा के सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गेश सिंह ने लखनऊ पलिया राज मार्ग से गौहानी मार्ग का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्राम योजना के तहत चल रहा है। जिसमें मानकों की अनदेखी की जा रही है। कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। गांवो की आबादी में सड़क की चौड़ाई काफी कम रखी जा रही है, जिससे भविष्य में दिक्कत होगी। ग्राम प्रधान छविनाथ मौर्य ने ग्राम सभा पुरवा के मजरा प्रतापपुर में नए आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाने की मांग की।इस बैठक में युवा नेता संचित अग्रवाल, युवा नेता मयंक सिंह, मण्डल अध्यक्ष नवीन पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष मोहम्मद नसीम, ब्लॉक प्रमुख रामश्री, रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, युवा नेता रवीश कुमार सिंह, पूर्व प्रधान अवधेश गुप्ता, दिवाकर सिंह, रविंद्र कुमार सिंह सहित समस्त ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण व प्रबुद्धजनों प्रतिभाग किया।

# बिसवा बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओ के हितों के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर** बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के अध्यक्ष आर एन सिंह एवम सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मेरठ अधिवक्ता सम्मेलन के आंदोलन एवम अधिवक्ता हितों की पारित प्रस्ताव की मांगों को पूर्ण किये जाने के संदर्भ में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवा को सौंपा। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने मुख्यमन्त्री को भेजे गए ज्ञापन में मेरठ अधिवक्ता सम्मेलन के आंदोलन / अधिवक्ताओ के हितों की मांगों का बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा पूर्ण समर्थन करते हुए सम्मेलन के पारित प्रस्तावों को पूर्ण किए जाने हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



सरकार से प्रमुख रूप से मांग करती है।

ज्ञापन देने वाले अधिवक्ताओं में बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा ब्रजेश नारायण गुप्त, राज किशोर यादव, सूर्य प्रसाद यादव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार वर्मा, पुत्ती लाल वर्मा, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठेरिया, मनोज गुप्त, कैलाश श्रीवास्तव, प्रमोद यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, जितेंद्र मिश्रा,विपिन कुमार यादव, राम किशोर वर्मा, के. के. वैश्य, राजेश वर्मा, शिशु पाल यादव, शरद बाजपेयी, इंद्रपाल वर्मा, अनमोल कन्हैया, आनंद मिश्रा, क्षितिज मिश्रा, अरून श्रीवास्तव, प्रदीप विश्वकर्मा, नावेद सिद्दीकी, अश्वनी श्रीवास्तव, चंद्र भाल, राम दास यादव, पुनीत गौतम, सत्यम तृवेदी, अनुज यादव सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण प्रमुख रहे।

# मेरठ बार एसोसिएशन द्वारा 18 अक्टूबर 2024 में किये गये प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में 24 सूत्रीय प्रस्ताव किया गया पास

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर** बिसवां मेरठ बार एसोसिएशन द्वारा दिनांक 18 अक्टूबर 2024 में किए गए प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में 24 सूत्रीय प्रस्ताव पास किया गया। समस्त प्रस्ताव अधिवक्ता हितों वाले होने के चलते बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन नें मेरठ बार एसोसिएशन द्वारा समस्त प्रस्तावों का समर्थन करते हुए प्रदेश स्तरीय आवाहन पर संघ के अध्यक्ष अश्वनी कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में माननीय राज्यपाल को संबोधित एक प्रतिवेदन उप जिलाधिकारी मनीष कुमार को सौपा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सचिव सुशील



शुक्ला वरिष्ठ अधिवक्ता रसिक बिहारी गुप्ता,निर्भय कुमार मौर्य,कमलेंद्र कुमार बाजपेई,रजनीश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार सिंह ललित प्रकाश शर्मा, कौशल किशोर वर्मा, राजेंद्र कुमार वर्मामवीरेंद्र कुमार शुक्ला, ओम प्रकाश वर्मा मन्नालाल बाजपेई, कमल मनोरम वर्मा, के सी वर्मा, सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राकेश यादव, रामपाल वर्मा, ओंकार तिवारी आदि बहुत से अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी व जिला कृषि अधिकारी ने नकली यूरिया और डीएपी बरामद की

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई सण्डीला** किसानों की शिकायत पर एसडीएम सण्डीला डॉ अरुणिमा श्रीवास्तव ने जिला कृषि अधिकारी डॉ सतीश पाठक के साथ मंगलवार को ग्राम टिकरा दाउदपुर में स्थित गोदाम पर छापा मारा। मौके से डीएपी खाद के खुले हुए कट्टे, भारी मात्रा में कच्चा माल व अन्य ऐसी सामग्री पायी गई, जिससे यहां नकली खाद बनाने की आशंका व्यक्त की गई। अधिकारियों ने सैंपल प्रयोगशाला भेजा है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

संडीला क्षेत्र में अधिकारियों को लंबे समय से टिकरा दाउदपुर समेत कई इलाकों में नकली डीएपी खाद की बिक्री की शिकायत मिल रही थी। शिकायत के आधार पर सडीएम सण्डीला डॉ अरुणिमा श्रीवास्तव व जिला कृषि अधिकारी डॉ सतीश पाठक ने छापा मारकर नकली खाद बरामद कर आदिल की दुकान सीज करने की कार्यवाही की है। अधिकारियों ने जब गोदाम के भीतर पड़ताल की तो वह दंग रह गए। गोदाम के भीतर नकली बोरियों में विभिन्न ब्रांड की उर्वरक रखी हुई पाई गई । जहां पर उर्वरकों में डीएपी 188 कट्टे मिले। और एन पी के 64 बैग, एन पी एस 9 बैग, अन्य एन पी एस 55 बैग, धागे के 14 डिब्बे खाली,1 डिब्बा भरा, 5 किग्रा का बाँट, 24 नए कट्टे विभिन्न कंपनियों के पाए गए। साथ ही नकली खाद बनाकर इसको तोलकर कट्टों में भरने के लिए यहां धर्मकांटा भी मिला। इसके साथ कट्टा सिलने की मशीन भी मिली है। सैंपल लेने के बाद अधिकारियों ने गोदाम को सील कर दिया है। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# 5 वर्षो से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के ईपीएफ में हेरफेर

**● - नगर पालिका द्वारा बड़े पैमाने पर ईपीएफ में घोटाले की आशंका**

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई/संडीला** – नगर पालिका का एक प्रकरण पूरी तरह शांत होता नही है कि नया मामला फिर प्रकाश में आ जाता है। वहीं सूचना का अधिकार के मामलो में जवाब देने में पालिका प्रशासन वैसे ही फिसड्डी साबित हुआ है, बिना सूचना आयोग की टिप्पणी के लगभग हर मामले लंबित ही रहते हैं। ऐसे में हाल ही में नगर पालिका परिषद संडीला के लगभग दो दर्जन से सभासदो ने नगर पालिका बोर्ड के समक्ष एक 4 बिंदुओं पर कार्यवाही हेतु पत्र देकर आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद संडीला के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का विगत 5 वर्षों से ईपीएफ बकाया है, जो की नगर पालिका ने कर्मचारी के ईपीएफ खाते में जमा नहीं कराया है, साथ ही आउट सोर्सिंग टेंडर 2024 को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने एवं आउट सोर्सिंग की शर्तों में दो वर्ष का अनुभव व मालियत शून्य रखने व नगर पालिका परिक्षेत्र की सरकारी भूमि को पैमाईश करा कर सुरक्षित करने की मांग की है। संडीला तहसील के लुमामऊ निवासी अजीत प्रताप सिंह ने जनसुनवाई के माध्यम से अपर मुख्य सचिव नगर विकास को शिकायत करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद में घोर वित्तीय अनियमितताओं की भरमार है, सेवा प्रदाता कम्पनी के चयन सहित ईपीएफ में घोर लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता की गई है। जिसकी जांच शासन स्तर से कराए जाने की मांग की है।

नगर संडीला निवासी पत्रकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता कौशिक चौरसिया ने एक आरटीआई द्वारा पूछे गए प्रश्न की वित्तीय वर्ष 2018- 19 से 2023- 24 तक आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के खाते में कुल कितना ईपीएफ दिया गया। जिसके जवाब में सूचना आयोग की नोटिस के बाद पालिका प्रशासन ने सूचना उपलब्ध कराते हुए आधी अधूरी सूचना देते हुए बताया उपलब्ध कराई गई सूचना में बताया कि नगर



पालिका परिषद में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से 12 प्रतिशत कटौती एवं नगर पालिका परिषद द्वारा 13 प्रतिशत की धनराशि दी जाती है,जो की कर्मचारियों के ईपीएफ खाते में संबन्धित फर्म द्वारा जमा किया जाता है। आधी अधूरी उपलब्ध कराई सूचना से भी पालिका प्रशासन के बड़े वित्तीय घोटाले की आशंका गहराती है। जिस पर आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज करते हुए पूर्ण विस्तृत सूचना उपलब्ध कराए जाने के लिए सूचना आयोग को पुनः पत्र प्रेषित किया है।

# ब्लॉक परिसर में किसान मेला/गोष्ठी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** विकासखंड कछौना के परिसर में कृषि विभाग की तरफ से मंगलवार को किसान मेला गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत ने कहा सरकार किसानों की आय दोगुनी के लिए सतत प्रयासरत है। योजनाओं का लाभ किसानों को सीधे मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के जीवन में काफी बदलाव लाई है। विधायक रामपाल वर्मा ने कहा वर्तमान परिवेश में हमें खेती की उर्वरा शक्ति बढ़ाने व मानव स्वास्थ्य को सही रखने के लिए जैविक खेती की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। हमारे द्वारा अंधाधुंध रसायन उर्वरक का प्रयोग करने से मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने कहा ब्लॉक कछौना हमारा परिवार है। जिसके किस बंधु सदस्य हैं। इन योजनाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा जानकारी लेकर अपनी कृषि में लाभ उठाएं। किसानों को मोटा अनाज के प्रति ध्यान देना चाहिए। मोटा अनाज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। मोटा अनाज कुपोषण को दूर करने में काफी सहायक होते हैं। उपकृषि निदेशक डॉक्टर नंदकिशोर शर्मा ने बताया सरकार द्वारा संचालित किसानों के हितों की योजनाओं पर प्रकाश डाला, मोटा अनाज की उपयोगिता के बारे में बताया, किसान बंधुओ से अपील की अपने फसल के अवशेषों को आग न लगाएं। इससे मानव स्वास्थ्य को काफी नुकसान होता है। मानव स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को काफी नुकसान होता है। किसान बंधु पराली में आग न लगाएं। इस पराली को पशु आश्रय स्थल में दें, बदले में गोबर की खाद लें लें। यूरिया के स्थान पर



जैविक खाद का उपयोग करें। जनप्रतिनिधि गणों द्वारा किसानों को बीज की किट निःशुल्क प्रदान की गई इस अवसर पर युवा नेता संचित अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष नवीन पटेल, मयंक सिंह, प्रधानाचार्य राम शंकर शुक्ला, कृषि विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें, कृषि विभाग, पशुपालन, किसान प्रोड्यूसर कंपनी संस्था की तरफ से स्टाल लगाए गए थे। दूर-दराज से आए किसानों ने मेला का लाभ उठाया।

# ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति बैठक का हुआ आयोजन, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** ग्राम सभा के क्षेत्र के सतत विकास के लिए क्षेत्र पंचायत की अहम भूमिका होती है। बिना सामाजिक भागीदारी के देश का विकास संभव नहीं है। आपकी सजगता से सरकार की योजनाएं धरातल पर पहुंच पाती हैं। यह बातें मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत ने सदन में कहीं, उन्होंने कहा वह क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी बक्शे नहीं जाएंगे। उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जाएगी। वह अपनी कार्यशाली में सुधार कर लें, क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक सभागार में मंगलवार को आहूत की गई। क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा सरकार की मंशा है अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य कर रही है, लेकिन यह तभी संभव है जब आप सभी सजग रहेंगे। अपने आसपास होने वाली गतिविधियों पर नजर रखें, योजनाओं पर पैनी नजर बनाए रखें। आपकी थोड़ी सी जागरूकता से अधिकारी कर्मचारी निरंकुश नहीं रहेंगे। पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, बेसिक शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग की स्थिति काफी खराब है। यह अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें। कायाकल्प के साथ बेसिक स्कूलों में काफी कार्य अधूरे पड़े हैं। शिक्षक गण नियमित रूप से नहीं पहुंचते हैं। अधिकारियों द्वारा जमकर वसूली की शिकायतें आ रही है। यहां तक नौनिहालों के आधार कार्ड नए बनाने व संशोधन व बायोमेट्रिक अपडेट में निर्धारित मूल्य से ज्यादा शुल्क लिया जाता है। काफी संख्या में बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता खराब हो रही है। वहीं सरकार की छवि धूमिल हो रही है। बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली खराब है, सही निगरानी न होने के कारण अधिकांश केंद्र बंद रहते हैं। पुष्टाहार का भी समय से वितरण नहीं होता है। कछौना क्षेत्र में पशु आश्रय स्थल की स्थिति काफी खराब है। आमजनमानस से शिकायतें आती हैं। अपने उत्तरदायित्व को पालन न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जाएगी। सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने कहा जीवन की बेहतरीन के लिए बुनियादी आवश्यकता शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क अच्छी होनी चाहिए। गांव के विकास की कड़ी सड़क है।

जल मिशन के तहत कार्यदाई संस्था के ठेकेदारों ने गांव की सड़कों को ध्वस्त कर दिया है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए विधानसभा में मुद्दा उठाया था, कुछ सुधार हुआ है, लेकिन अभी प्रभावी सुधार नहीं हुआ है। कोई जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान जब तक आपकी ग्राम सभा में कार्य ठीक न हो जाए तब तक प्रमाण पत्र न दें। संबंधित सदस्यों के सुझाव व प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। उनके आधार पर कार्य योजना बनाई जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारी एडीओ पंचायत संतोष कुमार, शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी के0के0 त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी कछौना, बाल विकास पुष्टाहार विभाग के डॉक्टर विनय कुमार सिंह व प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर मुक्ति धवल आदि ने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सदस्य गणों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। क्षेत्र पंचायत सदस्य पति बालामऊ मनोज सिंह ने बताया बालामऊ गांव के पूरब दिशा में रेलवे क्रॉसिंग के पास काफी संख्या में दलित आबादी अभी तक विद्युतीकरण से वंचित है। इस आबादी क्षेत्र में कई विद्यालय



भी हैं। आजादी के 75 वर्षों बाद भी लोग अंधेरे में जीवन जीने को विविश है। ग्राम सभा महरी के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रति नागेन्द्र तिवारी ने प्रश्न रखा कि हमारी ग्राम सभा में ग्राम सचिव नियमित रूप से निर्धारित रोस्टर के अनुसार सचिवालय में नहीं बैठते हैं। ग्राम प्रधान मरेउरा प्रतिनिधि संदीप सिंह ने कहा ग्राम सभा को आने वाली विद्युत लाइन काफी जर्जर है। जिसके चलते आए दिन हादसे होते हैं।कामीपुर ग्राम सभा के सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गेश सिंह ने लखनऊ पलिया राज मार्ग से गौहानी मार्ग का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्राम योजना के तहत चल रहा है। जिसमें मानकों की अनदेखी की जा रही है। कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। गांवो की आबादी में सड़क की चौड़ाई काफी कम रखी जा रही है, जिससे भविष्य में दिक्कत होगी। ग्राम प्रधान छविनाथ मौर्य ने ग्राम सभा पुरवा के मजरा प्रतापपुर में नए आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाने की मांग की। इस बैठक में युवा नेता संचित अग्रवाल, युवा नेता मयंक सिंह, मण्डल अध्यक्ष नवीन पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष मोहम्मद नसीम, ब्लॉक प्रमुख रामश्री, रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, युवा नेता रवीश कुमार सिंह, पूर्व प्रधान अवधेश गुप्ता, दिवाकर सिंह, रविंद्र कुमार सिंह सहित समस्त ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण व प्रबुद्धजनों प्रतिभाग किया।

# शिक्षक भवन में नवनिर्वाचित ज़िलाध्यक्ष अक्षत पांडेय के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन हुआ

**हरदोई** बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिव शंकर पांडेय ने की व बैठक के मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे। ज़िलाध्यक्ष अक्षत पांडेय के नेतृत्व में जिला संगठन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया, उक्त कार्यक्रम में ज़िलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने शिक्षकों से संबंधित समस्याओं का ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय को सौपा, इसके अतिरिक्त उन्होंने मौखिक रूप से भी कई समस्याओं को अवगत कराया। समस्त समस्याओं के निराकरण का आश्वासन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया, उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के पदाधिकारी गण एवं विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी गणउपस्थित रहे।


## संक्षिप्त ख़बरें

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के सभी सदस्यों को राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए बधाई दी



**सोनभद्र।** ओबरा के लिए गौरव का क्षण रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी द्वारा धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के सदस्यों को राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए बधाई देना ओबरा के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। साथ ही, आचार्य अजय पाठक जी को शीघ्र ही पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की खबर ने ओबरावासियों में उत्साह का संचार किया है। 30 अक्टूबर, 2024 को ओबरा में होने वाले योग महोत्सव में आयुष मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री और मिर्जापुर के कमिश्नर की उपस्थिति इस महोत्सव को और भी खास बनाएगी। यह महोत्सव योग के क्षेत्र में ओबरा की बढ़ती हुई प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

### संदिग्ध परिस्थिति में ट्रेलर हाइवा में चालक की लाश, हड़कंप



**अनपरा सोनभद्र।** आज दिनांक 22 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार को औड़ी सिंगरौली मुख्य मार्ग पर आर पी एल पेट्रोल पंप के पास खड़ी ट्रेलर हाइवा के केबिन में चालक की लाश मिलने से छेत्र में हड़कम मच गया सूचना प्राप्त होते ही अनपरा प्रशासन मौके पर पहुंच कर वाहन को सकुशल अनपरा थाना क्षेत्र में लाकर लाश को वाहन से निकालकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी वही प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन संख्या यू पी 64 ह्ल 5450 में मृतक का नाम प्रवेश गुर्जर निवासी मिरचाधुरी का बताया गया। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में की गई गोष्ठी



**अमेठी।** जिलाधिकारी अमेठी व पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली एवं छठ पूजा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी में अभियोजन कार्यो की समीक्षा की गयी तथा समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को अपने-अपने थानाक्षेत्र में क्षेत्रीय संभ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहार के संबन्ध में जानकारी कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए । गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी अमेठी, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### शौच के लिए घर से निकले युवक को अपहृत करने की सूचना से हड़कंप, पुलिस हलकान

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे से सटे मलपुरा गांव के एक 19 वर्षीय युवक के अपहृत होने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस युवक की खोजबीन में जुट गई है। वही गायब युवक की मां ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव निवासिनी शिवभोली देवी ने बताया कि बीती रात करीब 12 बजे उसका बेटा रामू (19) रात को घर से शौच के लिए निकला था, जिसके बाद वह फिर वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन की गई, लेकिन बेटा कहीं ढूंढे नहीं मिला। रामू अपने साथ अपना मोबाइल फोन भी लेकर गया है। सुबह युवक के मामा ने रामू को फोन किया तो उसने खुद को बचा लेने की बात कही। उसने मामा से बताया कि वह कहीं तकिया बीघापुर और कानपुर बीच किसी जंगल में है। कहा कि वह किसी तरह बदमाशों से दूर हटकर उससे बात कर रहा है। बदमाश उससे 50 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। गायब युवक के परिजनों ने यह सारी बातें पुलिस को भी बताई हैं। युवक के अपडेट होने की सूचना पर परिवारीजनों में रोना पीटना मचा है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए युवक की तलाश में जुटी है।

## अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष दीपावली का मुख्य पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनाया जायेगा व दीपावली पर्व पर प्रत्येक परिवार में दीप प्रज्जवलित कर तथा आतिशबाजी कर हर्षोल्लास से खुशियों से मनाया जाता है तथा ऐसे शुभ अवसर के समय थोड़ी सी लापरवाही माहौल को गम में परिवर्तित कर सकती है। उन्होंने बताया कि आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक अमेठी के आदेशानुसार अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र अमेठी द्वारा अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान चलाया गया तथा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान में अग्निशमन अधिकारी अमेठी शिवदरस प्रसाद द्वारा अपनी पूरी टीम के साथ रानी सुषमा देवी महिला पीजी कालेज देवीपाटन अमेठी में अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं स्टाफ को जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए घरों एवं रसोईघरों में अग्निसुरक्षा, एलपीजी से बचाव एवं सावधानियों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देकर जागरुक किया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के अनेक तरीकों सहित इवैक्क्रेशन ड्रिल कराकर छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं स्टाफ को आग लगने की स्थिति में भवन से सुरक्षित मार्ग द्वारा बाहर निकलने का अभ्यास कराया गया तथा अभियान के दौरान दीपावली पर्व को देखते हुये अग्निशमन अधिकारी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

इस क्रम में उन्होंने बताया कि गैस लीक होने पर किचेन में बिजली के स्विच को आफ अथवा आन न करें एवं गैस सिलेण्डर सदैव खड़ा रखे, निर्धारित समय पर गैस में लगे रबर पाईप को बदल दें एवं रात्रि में सोने से पहले गैस सिलेण्डर का वाल्व बन्द कर दें व जलते हुये स्टोव व लालटेन में मिट्टी का तेल न भरें, भोजन बनाते समय अपने शरीर के कपड़ों का प्रयोग चूल्हे पर चढ़े बर्तनों को उतारने के लिए न करें, खाना बनाते समय ढीले-ढाले आँचल को बांध कर रखें, उसे चूल्हे व स्टोव की आग की लपटों से बचाकर रखें तथा घर में बिजली के कटे-फटे तारों को तुरन्त बदलवा दें या मरम्मत करा लें, सही ढंग का फ्यूज लगायें व एक ही प्लग पर कई यंत्र न लगाएं। उन्होंने बताया कि कुकिंग गैस सिलेण्डर में लीकेज का आभास होते ही आस-पड़ोस की अन्य अंगीठियाँ व जलती हुई बीडी-सिगरेट को तुरन्त बुझा दें, आग लगने पर सबको बतायें व आग बुझाने का प्रयास करें, कपड़े में आग लगने पर दौड़े नहीं, बल्कि जमीन पर लेटकर लुढ़के, फ्लेम प्रूफ बिजली की व्यवस्था किया जाय, धूम्रपान, माचिस का प्रयोग अथवा अन्य कोई आग लगने वाली वस्तु का प्रयोग सुरक्षा घेरे के अन्दर न किया जाय तथा जिस सिलेण्डर में आग लगी हो उसे फायर एक्सटिंग्यूशर से बुझायें व आग लगे सिलेण्डर को गोदाम से बाहर कर दे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्राचार्य डायट, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, पैक्सफेड प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कायाकल्प के 19 पैरामीटर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निर्माण की प्रगति, निपुण असेसमेंट टेस्ट, नेशनल अचीवमेंट सर्वे, मध्याह्न भोजन योजना एवं सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गये। निपुण असेसमेंट टेस्ट में जनपद के बेहतर प्रदर्शन के लिए बेहतर रणनीति के साथ कार्य किए जाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए गए। एनबीएमसी पोर्टल से प्राप्त डाटा की समीक्षा की गई साथ ही निर्देशित किया गया कि संघर्षशील विद्यालयों की निरंतर समीक्षा की जाए एवं उनके मध्यम और सक्षम विद्यालयों की श्रेणियां लाया जाए। ॠझह ॥ज्ञ मीटिंग तथा संकुल बैठक के गुणवत्तापूर्ण आयोजन हेतु निर्देशित किया गया। अवशेष जर्जर भवनों की नीलामी शीघ्र कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। पैक्सफेड संस्था के प्रतिनिधि को शेष निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## एन एस पी एस में दीपावली के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की गई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज- रायबरेली-** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली में प्री-प्राइमरी विंग के बच्चों की माताओं द्वारा दीपावली पे आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसमें माताओं ने अवसर मिलने पर बढ़ -चढ़ कर अपनी रुचि का प्रदर्शन किया। यहां आज उनको अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलने पर सभी ने अपने- अपने हुनर को पेपर और रंगों के माध्यम से पोस्टर्स पर अंकित करने में कोई कसर न छोड़ी। प्रतियोगिता में किसी ने राम मंदिर की भव्यता को दर्शाया, किसी ने पटाखे रहित दिवाली को मनाने का संदेश दिया, किसी ने रंग बिरंगे दिए बनाए।जिसमें प्रथम स्थान सुष्मिता मौर्य व द्वितीय स्थान रागिनी यादव को मिला ,सांत्वना पुरस्कार आशिया बनो,सुपर्णा रॉय, कामिनी यादव को प्रदान किया गया। सभी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी के संबोधन के साथ हुआ जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद और उत्साहवर्धन किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन दरक्षा बनो ने किया। उक्त



कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएँ व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रेलवे लाइन पर लथपथ अवस्था मे पड़ा मिला युवक

**● गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** रेलवे लाइन पर लथपथ अवस्था में पड़ा मिला युवक कस्बे के बछरावां रोड पर रेलवे के गेट नंबर 72 बी के निकट सोमवार की देर रात को ट्रैक पर एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेलवे गेट के गार्ड ने देर रात करीब 11 बजे स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में रेलवे लाइन नंबर तीन के ट्रैक पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है।

स्टेशन अधीक्षक ने इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे रेलवे के कर्मचारियों ने उसे फौरन एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल युवक कुछ भी बताने की हालत में नहीं था। जिससे देर तक उसकी पहचान नहीं की जा सकी। बाद में उसकी पहचान पूरे देवी रामलीला मैदान मोहल्ला निवासी कल्लू (38) पुत्र जगन्नाथ के रूप में हुई। दुर्घटना में युवक का बांया पैर और दाहिना हाथ कट चुका था। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## बिछाकर फूल राहों में सदा कुचला नहीं जाता...

**● आदिशक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान के तत्वाधान में कवि गोष्ठी का किया गया आयोजन**

**अध्यक्षता सुरेश फक्कड़ व नीरज पांडेय ने किया संचालन**



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कोरवां गांव में सोमवार को आदिशक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान के तत्वाधान में कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।इसमें कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सभी को जागरूक किया हुआ सृजन के गीत गाए।गोष्ठी की शुरुआत कविता प्रतिभा गुप्ता की इस वाणी वंदना से हुई, "मातु आकर विराजो हे कमलासिनी। उपनिषद,वेद,वाणी की तुम स्वामिनी।" इनकी एक अन्य कविता भी सराही गई " बिछाकर फूल राहों में सदा कुचला नहीं जाता।जरा कमजोर हो तुम से उसे मसला नहीं जाता।" प्रयागराज से पधारे कवि सुशील शुक्ल की इस रचना ने भी श्रोताओं की जमकर तालियां बटोरी "लगा दरबार था रावण का नतमस्तक हर दरबारी था।रघुनंदन का बस एक दूत पूरी लंका पर भारी था।आजमगढ़ के कवि ईश्वर चंद्र तिवारी की इस रचना पर भी श्रोता मंत्रमुग्ध हुए सत्य पर आवरण नहीं होता।उम्र का आचरण नहीं होता।आंसुओं ने बताया आंखों को दर्द का व्याकरण नहीं होता।मध्य प्रदेश से पधारे कवि राजवीर सिंह सिकरवार ने पढ़ा भोर होते ही न चलेगा पता तुम इधर आओगे या उधर जाओगे।संचालन कर रहे नीरज पांडेय की इस रचना को भी सराहा गया शांति दूत बनने से जब कोई हल नहीं निकलता,तब मेरी कविता का अक्षर अक्षर आग उगलता है। इसके अलावा गोष्ठी में प्रमोद त्रिवेदी, के. के. अग्निहोत्री (कानपुर), विशेष शर्मा (लखीमपुर खीरी) आदि ने भी काव्यपाठ किया। इस अवसर पर डॉ पवन अग्निहोत्री, डॉ अंजनी अग्निहोत्री, रामभूषण अग्निहोत्री, राजेंद्र त्रिवेदी, राजकुमार सिंह, राजन सिंह, अतुल मिश्रा, विनोद शुक्ला, राकेश द्विवेदी, अशोक बाजपेई, डॉ शिखा अग्निहोत्री, ऊषा अग्निहोत्री, कांति सिंह, डॉ प्रवीण तिवारी, करुणा शंकर, सत्यपाल सिंह फौजी, बचान पासवान, राजकुमार पासवान, अरविंद पांडेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सुरेश फक्कड़ व संचालन नीरज पांडेय ने किया।

## पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र की अध्यक्षता में पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में जनपद के व्यापारी बन्धुओं/बैंक मित्रों के साथ की गयी बैठक

**● आगामी त्यौहारों को लेकर नगर की यातायात व्यवस्था एवं अन्य समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया**



स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र श्री कालू सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार कक्ष में व्यापारी सुरक्षा के सम्बन्ध में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियो, पेट्रोल पम्प मालिकों व बैंक मित्रों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों, पेट्रोल पम्प मालिकों व बैंक मित्रों के साथ उनकी सुरक्षा एवं आगामी त्यौहार के दृष्टिगत नगर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया ।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने-अपने दुकानों/संस्थानों मे सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु बताया गया । साथ ही साथ उनकी समस्याओं के विषय मे जानकारी की गयी व उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा उनको सुरक्षा के सम्बंध मे पुलिस द्वारा हरसम्भव मदद का भरोसा दिलाया गया । इस मौके पर जनपद के व्यापारीगण/पेट्रोल पम्प मालिक/सर्राफा व्यापारी/बैंक मित्र मौजूद रहे ।

## पोलवा गांव में हाइवा ट्रक व ऑटो की टक्कर में घायल महुली गांव निवासी संजय शर्मा की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र** विंढमगंज थाना क्षेत्र के पोलवा गांव में बीते 17 अक्टूबर गुरुवार की शाम एनएच मार्ग पर एक हाइवा ट्रक ने एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दिया था। जिससे ऑटो में सवार मीना देवी व संगीता देवी की मौत हो गई थी। वही उसी ऑटो पर सवार मृतका मीना देवी के पति संजय शर्मा सहित चार लोग घायल हो गए थे। दुद्धी सीएचसी में घायल संजय की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया था।जहाँ इलाज के दौरान सोमवार मंगलवार की मध्यरात्रि लगभग ढाई बजे संजय शर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दे कि मृतक संजय शर्मा व उनकी पत्नी मृतका मीना देवी के पांच लड़की व एक लड़का कुल छः छोटे छोटे बच्चे है। जिनके सिर से माता पिता का साया उठ गया है। जिससे बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। और उनके सामने उनके भरण पोषण की एक बड़ी विकट समस्या आन पड़ी है। आपको बता दे कि मृतक संजय की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने के कारण ट्रामा सेंटर में उसके इलाज के दौरान मददगारों ने मदद के लिए अपना हाथ भी बढ़ाया था।ताकि उसका इलाज बेहतर तरीके से हो सके। मगर इलाज के दौरान संजय शर्मा ने अपना दम तोड़ दिया। इस बावत गांव के ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन से जो सहयोग व सुविधा मिल सकती है उसे जल्द से जल्द महैया कराया जाए व बच्चों के भरण पोषण हेतु जो सहयोग मददगारों के द्वारा किया जा रहा था। उसे जारी रखा जाए ताकि बच्चों के भरण पोषण व पठन पाठन में कोई असुविधा न हो।

## वकीलों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 9 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज रायबरेली।** मेरठ में अधिवक्ताओं की महापंचायत में पास 9 सूत्रीय मांग प्रदेश के अधिवक्ताओं ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से किया। ज्ञापन में वकीलों ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को जल्द लागू करने की मांग किया साथ ही राज्य सभा और विधान परिषद में वकीलों के लिए सीटे आरक्षित करने व कोर्ट में सीसी टीवी कैमरे लगवाए जाने व बार काउंसिल में सदस्यों की संख्या बढ़ाए जाने व स्थायी तौर पर कोर्ट परिसर में वाहन पार्किंग व चैंबर बनाए जाने की मांग किया। सामुहिक स्वास्थ्य बीमा व कोर्ट में रिक्त पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति एवम राजस्व न्यायालय में विधि स्नातक उपाधि वाले अधिकारियों की नियुक्ती , नए अधिवक्ता को दस हजार रूपए मासिक भत्ता व 60 साल से अधिक वकीलों को 25 हजार रूपए मासिक पेंशन की मांग किया।इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष देवी प्रसाद महामंत्री अशोक यादव, पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी, शिव सागर अवस्थी, सुरेंद्र श्रीवास्तव,ज्योति प्रकाश, सर्वेश कुमार, सुनील दिवेदी, राधे श्याम सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजुद रहे।

## बछरावां रोड शिवगढ़ मोड पर दीपांशू किराना स्टोर का हुआ भव्य उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली।** उचित दाम पर घरेलू समान व अन्य सामग्रियों के लिए महराजगंज कस्बे के बछरावां रोड पर स्थित शिवगढ़ मोड पर दीपांशू किराना स्टोर का उद्घाटन विध विधान के साथ किया गया।

बताते चलें कि, शिवगढ़ मोड पर आज दिन मंगलवार को 11:00 बजे दीपांशू किराना स्टोर का शुभारंभ किया गया। हिंदू रीति रिवाज के साथ श्री श्री 1008 लवकुश पंडित महाराज द्वारा मंत्र उच्चारण कर हवन करवा कर विध विधान के साथ किराना की दुकान का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर अभय सिंह, राजू वैश्य, पिंटू वैश्य, सजीवन नई, शिवकुमार नई, दिलीप जायसवाल, पिंटू सिंह, राजू सिंह, तेजभान सिंह, टिंकू सिंह, छोटे सिंह, बच्चा सिंह, मुकेश यादव,



ननकऊ सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## किसानों का फूटा गुस्सा किया पीसीएफ केन्द्र प्रभारी के खिलाफ प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र रानीखेड़ा के न खुलने नाराज किसानों ने केंद्र प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अधिक रेट लेने एवं पहुंच वाले लोगों को खाद देने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर विरोध जताया है। सोमवार की सुबह से लेकर शाम तक जब किसानों को खाद नहीं मिली तो किसान मंगलवार को सुबह 7 बजे से पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र रानीखेड़ा पहुंच गए सुबह 10 बजकर 40 मिनट तक जब केंद्र नहीं खुला तो आक्रोषित किसानों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र प्रभारी का जमकर विरोध किया। कृषक रामकरन, मैकूलाल, रामराज, शीतला प्रसाद, हरिकेश, राजनारायण सहित सैकड़ो किसानों का आरोप है कि वह लोग सोमवार को सुबह से शाम तक लाइन में लगे रहे केंद्र प्रभारी द्वारा खतौनी जमा करवा ली गई लेकिन शाम को यह कह कर वापस कर दिया गया कि कल आना खाद मिलेगी। जबकि अन्दर से पहुंच वाले लोगों को खाद दी जा रहे थी। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि डीएपी खाद 1350 रुपए की जगह 1360 रुपए में व यूरिया 266 की जगह 270रुपए में किसानों को दी जा रही है। पहुंच वाले किसान आते हैं खाद लेकर चले जाते हैं बिना पहुंच वाले किसान लाइन में ही लगे रहते हैं जिनका कहना था कि जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए। एसडीएम महराजगंज रश्मिलता ने बताया कि सभी किसानों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए अधिक पैसा लिया जा रहा है तो जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक श्याम सुंदर भारती ने असद धर्म कांटा का किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज रायबरेली** क्षेत्र के हैदरगढ़ रोड स्थित बरियारपुर तिराहे पर असद धर्म कांटा का उद्घाटन सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने फीता काटकर किया। बताते चले महराजगंज कस्बे से 12 किलोमीटर हैदरगढ़ रोड पर बरियारपुर गांव के तिराहे पर असद धर्म कांटा का उद्घाटन मौजूदा विधायक श्याम सुंदर भारती ने सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर किया मौजूदा विधायक श्याम सुंदर भारती ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि असद धर्म कांटा कंप्यूटराइज है तथा जिसकी क्षमता 120 टन वजन करने की है क्षेत्र के व्यापारियों को व किसानों को तौल के लिए अब बाहर कहीं नहीं जाना पड़ेगा तथा ग्रामीण और किसानो की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए असद धर्म कांटा खोला गया है जिससे आम जन मानस को राहत मिल सके इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जाहिर कुरैशी, राममिलन गौतम, फिरोज अहमद, कमलाकर, विक्रम , पूर्व प्रधान रामचंद्र यादव, गुड्डू प्रधान, अनुराग चौधरी प्रधान जमुरावा, शकील कुरैशी, मोहम्मद अयाज, अंसारी मोहम्मद, जसवंत कुमार चौधरी, राजू प्रधान, हलोर प्रधान रिंकू चौधरी, पूर्व प्रधान रविराज सिंह, रज्जू काका, मोहम्मद शकील, पप्पू ठेकेदार , पवन मिश्रा प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य,सपा नेता अमित त्रिपाठी उर्फ मोनू, मोहम्मद असद, कयूम कुरैशी, श्रवण कुमार चौधरी, दिवाकर पटेल, शीबू कुरैशी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## पुरानी तहसील में कंप्यूटर कक्ष का किया गया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई संडीला** पुरानी तहसील अधिवक्ता समिति संडीला द्वारा कंप्यूटरीकृत कक्ष का शुभारंभ सोमवार को प्रवीण कुमार गौतम न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय संडीला तथा डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव एस.डी.एम संडीला के कर कमलों के द्वारा कराया गया।मौके पर तहसीलदार संडीला आकांक्षा जोशी भी मौजूद रहीं। कंप्यूटर के निर्माण से अधिवकताओ को होने वाली समस्या से निजात मिलेगी, अभी तक वकालत नामा, मुचलका (बंध पत्र) फार्म-45 ऑफलाइन मिलते थे।सोमवार को कम्प्यूटर कक्ष के शुभारंभ के बाद से वकालतनामा,मुचलकानामा (बंध पत्र) फार्म-45 अब ऑनलाइन मिलने प्रारंभ होंगे।कंप्यूटर कक्ष के उद्घाटन के अवसर पर मोहम्मद नसीम खाँ एडवोकेट अधिवक्ता समिति संघ के अध्यक्ष, मंत्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एडवोकेट, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार अस्थाना एडवोकेट, एडवोकेट प्रदीप कुमारी द्विवेदी, एडवोकेट विवेक कुमार द्विवेदी, एडवोकेट राजेंद्र कुमार गुप्ता "रानू" राजेंद्र सिंह गांधी, पवन कुमार तिवारी (राजन)आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# प्राणों की आहुति देने वाले शहीद जवानों को स्मृति दिवस पर किया नमन

**● -पुलिस स्मृति दिवस पर किया शहीदों को याद**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर/लखनऊ।** पुलिस लाइन्स में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दायित्वों का निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों को शत-शत नमन करते हुए श्रध्दा सुमन पुष्प चक्र अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते कहा कि यूपी पुलिस बल का इतिहास स्वर्णिम एवं गौरवशाली रहा है।पुलिस समाज की सजग प्रहरी एवं सुरक्षा कवच है,कानून-व्यवस्था को बनाये रखने व सुरक्षा का वातावरण स्थापित करने में हमारे पुलिस बलों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बलिदान देने वाले पुलिस कार्मिकों की गौरवगाथा वर्तमान पीढ़ी के लिए अत्यन्त प्रेरणादायक है।अपराधियों के खिलाफ की गई पुलिस कार्यवाहियों में पुलिस बल के कई जवानों ने साहस और शौर्य का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है।विगत एक वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस के दो वीर जवान कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए है।पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद पुलिस कर्मियों के परिवार जनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक सीबीसी आईडी डॉ. एस. एन. साबत, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस अविनाश चंद्र,एडीजी पीएसी सुरजीत पाण्डेय, एडीजी संजय सिंगल, सीपी लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेगर, एडीजी



लखनऊ जोन ए. बी. शिरोडकर, डीआईजी किरीट राठौर, डीआईजी मनोज सोनकर, डीआईजी आकाश कुल्हाड़ी, आईपीएस हेमंत कुटियार, आईपीएस रवीना त्यागी,वही कार्यक्रम का कुशल संचालन राष्ट्रीय गायक एवं सीनियर इंस्पेक्टर विजय अग्निहोत्री के द्वारा किया गया।

# थाने में महिलाओं को नहीं मिलता सम्मान तो फरियादियों को कैसे मिलेगा इंसाफ

**● -थाने में महिला सशक्तिकरण के सपने हुए चकनाचूर, तस्वीर देखने के बाद शर्मसार हुई खाकी**

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** इन दिनों सोशल मीडिया पर एक फोटो तेजी से वायरल हो रहा है इस फोटो में साफ तौर पर देखा जा रहा है । एक महिला जमीन पर बैठी नजर आ रही है और थाने के दरोगा कुर्सी पर बैठकर पुलिसगिरी दिखाते नजर आए । जहां एक ओर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए डीजीपी स्तर से विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं । तो वहीं सरकार के द्वारा भी महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही है, लेकिन जमीनी पटल पर यह योजनाएं महिलाओं के लिए कितना खरा उतर रही है । इस बात का अंदाजा इन तस्वीरों से साफ लगाया जा सकता है। जिसमें महिलाएं थाने में एक कुर्सी के लिए मोहताज हैं और महिला सशक्तिकरण का जागरूकता अभियान चलाने वाली खाकी कुर्सी पर मौज मार रही है । फिलहाल जब यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस की ओर से बड़ा बयान सामने आए । पुलिस का कहना है महिला को कुर्सी पर बिठाया गया था ,लेकिन महिला नीचे बैठने में ही खुद को आरामदायक समझ रही थी ,लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीर में तमाम सवाल खड़े कर दिए हैं। जिसमें आधुनिक युग में महिला जमीन पर बैठकर खाकी की करनी और कथनी का फर्क जाहिर करती नजर आ रही है।

आपको बता दें सोशल मीडिया पर यह तस्वीर दो दिन पुरानी वायरल बताई जा रही है । जिसमें बीते दिनों अलीगढ़ के थाना हरदुआगंज के साधु आश्रम क्षेत्र के गांव कलाई निवासी दो भाइयों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। सूचना पर पहुंची थाना हरदुआगंज पुलिस दोनों भाइयों को थाने अपने साथ ले आई थी। इस मामले को लेकर एक युवक की पत्नी भी पुलिस के थाने पहुचते ही पीछे-पीछे थाने पहुंच गई थी। युवक की पत्नी थाने में पहुंचने के बाद जमीन पर बैठ गई । इस दौरान किसी के द्वारा महिला के जमीन पर बैठने का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया । जब फोटो वायरल हुआ तो पुलिस का जवाब भी आना स्वाभाविक था ,लेकिन पुलिस के जवाब ने इस तस्वीर पर ही सवाल खड़े कर दिए।

**इनका कहना है...**

पूरे मामले पर क्षेत्राधिकारी अतरौली सर्जना सिंह का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं जमीन पर बैठना आरामदायक मानती हैं, इसीलिए थाने पहुंचने के बाद जमीन पर बैठ गई होगी। इसी बीच किसी ने फोटो खींच लिया होगा। हालांकि बाद में दरोगा ने महिला को कुर्सी पर बिठाया था। फिलहाल यह तस्वीर सोशल मीडिया पर पुलिस के महिला सशक्तिकरण की मजाक बनाती नजर आ रही है।

# संपत्ति कर समय से जमा न करना पड़ा भारी, ताबड़तोड़ की सीलिंग कार्यवाही

**● -जल्द जमा करें नगर निगम संपत्ति कर नहीं तो होगी कुर्की व सीलिंग**

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** नगर निगम की गृहकर वसूली को बढ़ाने के लिए प्रयासरत अलीगढ़ नगर आयुक्त विनोद कुमार के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के निर्देशन में नगर निगम के सभी चार ज़ोन में बड़े बकायदारों के विरुद्ध कुर्की और तालाबंदी की कार्यवाही जोर-शोर से नगर निगम ने शुरू कर दी है। पिछले दो दिनों से नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ताबड़तोड़ तालाबंदी की कार्यवाही करते हुए बड़े बकायदारों को जल्द संपत्ति कर जमा करने व न जमा करने पर कार्यवाही का संदेश भी दिया है।

नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया कि नगर निगम अलीगढ़ संपत्ति कर वसूली के लिए पूर्ण रूप से प्रयासरत है बड़े बकायेदारों को संपत्ति कर जमा करने की पूरी मोहलत व सुविधा दी जा रही है फिर भी बड़े बकायेदार नगर निगम संपत्ति कर को जमा करने में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं शहर के विकास व नागरिक सुविधाओं को जनाकांक्षाओं के अनुरूप बनाए जाने के लिए नगर निगम संपत्ति कर को जमा करना शहर के सभी नागरिकों का दायित्व है- नगर निगम की ओर से गृहकर में वर्तमान कर पर ऑनलाइन भुगतान पर 12 प्रतिशत एवं कैश / चैक द्वारा भुगतान करने पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जा रहा है। अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि पिछले दो दिनों से सभी जोंनल अधिकारियों के नेतृत्व में सभी 4 ज़ोन में नगर निगम द्वारा युद्ध स्तर पर बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की, सीलिंग तालाबंदी व वसूली की कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार शाम को नगर आयुक्त ने संपत्ति कर वसूली और बड़े बकायदारों पर कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी ज़ोनल अधिकारी, कर अधीक्षक राजस्व निरीक्षक व कर संग्रहको को लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के साथ-साथ बड़े बकायेदारों पर रोज़ाना कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा तालाबंदी का अभियान प्रतिदिन सभी ज़ोन में जारी रहेगा और जिन भवन स्वामियों व बकायेदारों ने अभी तक भुगतान नहीं किया है उनकी सूची तैयार की गई है जल्द उन पर भी ताला बंदी की जाएगी।

महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा करदाताओं से अपील है अक्टूबर माह समाप्त होने से पूर्व अपने संपत्ति कर का भुगतान जमा करें और छूट का लाभ उठाएं- अलीगढ़ में नगरीय सुविधाओं को प्रभावी बनाने व चौमुखी विकास के लिए संपत्ति कर को जमा करना सभी शहर वासियों का पहला दायित्व होना चाहिए।

# स्मार्ट सिटी को गंदा करने में देर नहीं लगेगी निजीकरण को लेकर सफाई कर्मी नाराज

**● -सफाई कर्मचारियो का नगर निगम को अल्टीमेटम, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के साथ हुआ खिलवाड़ तो होगा बड़ा प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** शहर में सफाई कर्मचारियों के द्वारा नगर निगम में सफाई कर्मचारी निजीकरण को लेकर अब बड़े प्रदर्शन की चेतावनी दे दी है सफाई कर्मचारियों का कहना है आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों को कंपनियों के द्वारा ठेके पर रखा जा रहा है जबकि यह निजीकरण अगर हो गया तो नगर निगम की तस्वीर बदलकर सफाई कर्मचारी मजदूर संघ रख देगा सफाई कर्मचारी मजदूर संघ के द्वारा ऐलान करते हुए कहा है हर चीज में निजीकरण हो रहा है लेकिन सफाई कर्मचारियों के साथ कंपनियों के द्वारा ऐसा किया तो नगर निगम की उनके द्वारा तस्वीर बदल दी जाएगी

सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर नगर सफाई मजदूर संघ की ओर से एक प्रदर्शन की तैयारी शुरू करदी है,जिसमें नगर सफाई मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप भण्डारी, पूर्व महामंत्री सुनील दुण्डा ने कहा कि नगर निगम द्वारा आउटसोर्स पर वर्षो से रखे गये कर्मचारीगण को हर बार किसी न किसी कम्पनी द्वारा टैण्डर कर दिया जाता है उन कर्मचारियों का रिकॉर्ड खराब हो रहा है। नगर निगम प्रशासन सफाई कार्यो को निजी कम्पनियों के हाथों में



थोपना चाहता है जिसकी हम घोर निन्दा एवं विरोध करते हैं। अलीगढ़ शहर सफाई व्यवस्था में हमेशा सफाई कर्मचारियों को बड़ा योगदान रहा है। स्वच्छ भारत मिशन वैश्विक महामारी, आपदाएँ बडे त्यौहारों पर शहर की जनता को स्वच्द वातावरण देते हैं इसके बाद भी निजी कम्पनियों के हाथों में सफाई कार्य को देना नगर निगम प्रशासन की एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है। जिसको किसी भी कीमत पर सफाई कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेंगे। वही अपने विचारों में प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द शास्त्री स्थानीय निकाय मजदूर संघ के प्रान्तीय महामंत्री बिल्लू चौहान ने कहा कि यह समाज को आर्थिक रूप से कमजोर करने की नीति हैं। अलीगढ़ नगर निगम प्राईवेट कम्पनी ए टू जेड/अर्बन जैसी कम्पनियों को अपने समझौता के बावजूद भी शहर की सफाई का कार्य नहीं करा पा रही है। अगर महापौर नगर निगम शहर के प्रथम नागरिक है उनको सफाई कर्मचारियों के विषय में उनके बच्चों के भविष्य एवं शहर की उन्नति के लिए ऐसी अच्छी सोच रखनी चाहिए। अगर नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था निजी निजी कंपनियों को दिया गया तो हम एकजुटता के साथ धरना प्रदर्शन आंदोलन जजैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे शीघ्र ही एक बैठक सफाई कर्मचारियों की बुलाई जाएगी जिसमें सर्व समिति से प्रस्ताव कर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।वहीं शहर की बढ़ती हुई आबादी हेतु कम से कम दो हजार सफाई कर्मचारी और बढ़ाए जायें वो भी केवल वाल्मीकि समाज से ही हो क्योंकि हाल ही में अर्बन कंपनी ने अन्य समाज के लोगों को कार्य पर रखा है जो भलीभाँति कार्य नहीं कर रहे है।

# उपचुनाव के लिए ईवीएम वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** विधानसभा उपचुनाव खैर में 426 बूथ पर प्रयुक्त की जाने वाली ईवीएम-वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन मंगलवार को किया गया। राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुए रेंडमाइजेशन के बाद सभी ईवीएम मशीनों का दूसरा रेंडमाइजेशन 01 नवम्बर को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 71-खैर (अ0जा0) उप निर्वाचन-2024 प्रयोगार्थ एफएलसी ओके बैलेट यूनिट-834, कंट्रोल यूनिट-652, वीवीपैट-823 जिसमें से प्रशिक्षण के लिए 05 प्रतिशत बीयू-22, सीयू-22, वीवीपैट-22 को पृथक कराने के उपरान्त शेष बीयू-812, सीयू-630, वीवीपैट-801 मशीनों का प्रथम रैण्डमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के साफ्टवेयर ईएमएस-2.0 के माध्यम से बीयू एवं सीयू-140 प्रतिशत (596) एवं वीवीपैट-150 प्रतिशत (639) का मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति कलैक्ट्रेट स्थिति एनआईसी सभागार में किया गया। प्रथम रैण्डमाइजेशन के पश्चात ईवीएम-वीवीपैट की सूची पीडीएफ अथवा सॉफ्ट कॉपी राष्ट्रीय व राज्यीय दल को हस्तगत करायी गई।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार, एसओसी अनिल कटियार, एआरओ अरविन्द कुमार त्यागी, विजय कुमार तिवारी, डीआईओ एनआईसी मयंक गोयल, कांग्रेस से नदीम गफूर, सपा से मोहम्मद शाकिर, भाजपा से उदयवीर सिंह लोधी व गौरव शर्मा, बीएसपी से बृजेश कुमार उपाध्याय एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उप निर्वाचन को एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने कमर कस लें मजिस्ट्रेट



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण उपचुनाव संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई। खैर उपचुनाव के लिए नामित 44 सेक्टर मजिस्ट्रेट को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को पूर्ण निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विधानसभा खैर उपचुनाव के लिए वर्तमान में नामांकन प्रक्रिया चल रही है जोकि 25 अक्टूबर तक चलेगी। मतदान 13 नवंबर को कराया जाएगा, जिसके लिए खैर मंडी परिषद से 12 नवंबर को पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। डीईओ ने कहा कि पोलिंग पार्टियों की सुरक्षित रवानगी एवं बूथ पर पहुंचने के साथ मतदान के उपरांत वापसी की संपूर्ण जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट की होती है। इसलिए आवश्यक है कि सौंपे गए दायित्वों का अच्छे से निर्वहन करें और 26 अक्टूबर को होने वाले प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः अध्ययन कर लें।उन्होंने बताया कि खैर में 426 बूथ पर 13 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट सुनिश्चित कर लें कि बूथ तक जाने वाला पहुंच मार्ग सही दशा में है। बूथ पर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। ग्राम की वल्नेरेबिलिटी को भी अच्छे से जांच कर दूर कराएं। अभी समय है जो भी कमियां हैं, उन्हें विभागीय समन्वय से दूर काराएं। 23 नवंबर को मतगणना का कार्य भी खैर मंडी में ही संपन्न होगा। बैठक में सीडीओ एवं प्रभारी अधिकारी कार्मिक प्रखर कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार ने बाइक सवारों को रौंदा तीन घायल

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़।** थाना छर्रा क्षेत्र के अंतर्गत थाना छर्रा के समीप बाइक व कार की भीषण भिडंत में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गई । जिन्हें प्राइवेट एंबुलेंस द्वारा अतरौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जानकारी के अनुसार सर्वेश पुत्री धनीराम संगम पुत्र पूरन सिंह शिवानी पुत्री मिश्री लाल आयु 15 वर्ष निवासी ग्राम बाई खुर्द बाइक द्वारा अलीगढ़ जा रहे थे । तभी विपरीत दिशा की ओर से तीव्र गति से आ रही कार ने अनियंत्रित होकर बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । जिसके चलते तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए । सभी घायलों को उपचार हेतु अतरौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राइवेट एंबुलेंस द्वारा लाया गया है। जहां से प्राथमिक उपचार देकर अलीगढ़ के जिला अस्पताल दीनदयाल रेफर किया गया। वहीं जानकारी देते हुए घायलों के परिजनों द्वारा अवगत कराया की दवा लेने हेतु अलीगढ़ जा रहे थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाबदर अभियुक्त को जिले के अंदर से किया गिरफ्तार



**कानपुर।** थाना गुजैनी पुलिस ने जिला बंद किए गए एक व्यक्ति को मुखबिर की सूचना पर कानपुर कमिश्नरेट के अंतर्गत रहने के कारण गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना गुजैनी से अभियुक्त जिलाबदर प्रकाश गौतम उर्फ पोली पुत्र अमृत लाल निवासी बर्रा- 8 थाना गुजैनी कानपुर नगर उम्र 28 वर्ष जो कि धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम में संयुक्त/अपर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के आदेश में 8 अक्टूबर 24 को जिला बदर किया गया था । किन्तु अभियुक्त प्रकाश गौतम उर्फ पोली के द्वारा जिला बदर होने के उपरान्त भी छिपकर अपने घर और रिश्तेदारों के घर थाना क्षेत्र गुजेनी मे रहने की लगातार सूचना मुखबिर के द्वारा मिल रही थी मुखबिर की सूचना के आधार पर आज थाना क्षेत्र गुजैनी में बालाजी मन्दिर से 100 मीटर दूर बसंत पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया ।

### हैलेट दवा लेने आई गुमशुदा युवती को किया बरामद



**कानपुर।** कानपुर देहात के झींझक की युवती हैलेट अस्पताल दवा लेने के बाद लापता लापता हो गई थी। कानपुर कमिश्नरेट के स्वरूपनगर थाना के हैलेट चौकी प्रभारी इंदुकांत पांडेय का सराहनीय कार्य कानपुर के सीपी अखिल कुमार दिशा निर्देशन में डीसीपी सेंट्रल जोन दिनेश त्रिपाठी के आदेशों का पालन करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के सहयोग से हैलेट चौकी प्रभारी ने गुमशुदा युवती के परिजनों की तहरीर को संज्ञान में लेकर गुमशुदा युवती को कड़ी मशक्कत के बाद कल्याणपुर के लवकुश पुरम के एक मकान से किया बरामद।गुमशुदा युवती का नाम स्वीटी राजपूत जो कि कानपुर देहात के झिझक के कस्बा द्वारिका गंज की रहने वाली बताई गई है। बरामद करने वाली पुलिस चौकी प्रभारी हैलेट इंदुकांत पांडेय एवं उनकी सहयोगी महिला उप निरीक्षक लक्ष्मी शर्मा की रही अहम भूमिका।

### हैलेट में तीमारदारों से ग़लत व्यवहार में गार्ड बर्खास्त



**कानपुर –** कानपुर के हैलेट अस्पताल में तीमारदार से मारपीट के आरोप में जेएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संजय काला ने प्रकरण को संज्ञान में लेकर सिक्योरिटी गार्ड को किया बर्खास्त कर दिया है। हैलेट अस्पताल में मरीजों और परिजनों के साथ गार्ड के गलत व्यवहार के चलते अस्पताल प्रशासन ने गार्ड के खिलाफ एक्शन लिया है । जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ संजय काला ने कहा कि जांच टीम गठित की गई है जांच उपरांत जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ अस्पताल प्रशासन की तरफ से कार्यवाही की जाएगी।

### दीपावली पर सुगम यातायात के लिए डीसीपी ने किया निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 22.10.24 को आगामी त्योहार धन तेरस, दीपावली के दृष्टिगत मार्केट एरिया फूलबाग़, बिरहाना रोड पर सुगम यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया गया, स्थानीय व्यापारी बंधुओं से वार्तालाप की गयी एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह व एसीपी कलक्टरगंज मो. मोहसिन खान, प्रभारी निरीक्षक फीलखाना, टीआई ईस्ट एक और दो मय फोर्स मौजूद रहे।

### सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चालू

**कानपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद कानपुर नगर में समाविष्ट 213-सीसामऊ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 से न्यायालय अपर नगर मजिस्ट्रेट (तृतीय) कक्ष संख्या-04, नवीन भवन, कलेक्ट्रेट, कानपुर नगर में गतिमान है। रिटर्निंग आफिसर ने अवगत कराया है कि नामांकन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण अभिलेखों को विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जनमानस की जानकारी के लिए नगर निगम जोन-04 के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है।

### आईआईटी पांडु नगर में प्रवेश साक्षात्कार द्वारा 30 अक्टूबर तक

**कानपुर।** प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाण्डु नगर डा. नरेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक वर्ष अगस्त 2024 चतुर्थ चरण प्रवेश प्रक्रिया की अन्तिम तिथि साक्षात्कार सिद्धान्त के अनुसार 30 सितम्बर, 2024 तक निर्धारित थी, को पुनः राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद अलीगंज लखनऊ के कार्यालय आदेश दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 द्वारा जनहित में पुनरीक्षित कर दिनांक 30 अक्टूबर, 2024 तक विस्तारित कर साक्षात्कार सिद्धान्त के अनुसार प्रवेश करने हेतु निर्देशित किया गया है। अतः इच्छुक अभ्यर्थी अपने वांछित प्रपत्रों के साथ किसी भी राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 30 अक्टूबर, 2024 तक प्रवेश ले सकते हैं।

# कानपुर वासी और पर्यटक बोट क्लब में 26 अक्टूबर से रोमांचक बोटिंग फिर से आनंद, तैयारियां पूरी

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** गंगा नदी के तट पर स्थापित बोट क्लब मे पर्यटन गतिविधियों रोमांचक बोटिंग इत्यादि का पुनः संचालन दिनाँक 26 अक्टूबर दिन शनिवार से नए संचालन प्रबंधन एजेंसी के देख रेख मे आरंभ होने जा रहा है, सिंचाई विभाग की गाइड लाइन के अनुपालन मे गंगा नदी मे बोटिंग इत्यादि रोमांचक गतिविधि दिनाँक 15 जून से 15 अक्टूबर तक बंद कर दी जाती है । बोट क्लब मे दीर्घकालिक संचालन व्यवस्था के लिए टेन्डर द्वारा नए संचालन प्रबंधन. जे. टी. एन. सर्विस उत्तराखंड , जो इस क्षेत्र की अनुभी एजेंसी है, ने वर्षा काल बाद विभिन्न प्रकार की रोमांचक बोट राइड के पुनः संचालन की सभी तैयरी अन्य सुविधाओं के साथ अति भव्यता के साथ पूर्ण कर ली है । व्यवस्था को देखने के लिए , बोट क्लब प्रशासनिक समिति के सचिव प्रशासन, डा0 राजेश कुमार अपर जिलाधिकारी नगर, सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने बोट क्लब का निरीक्षण किया । अपर जिलाधिकारी डा0 राजेश कुमार ने बताया की अब बोट क्लब का संचालन जे.टी.एन. कंपनी करेगी, जिसे उत्तराखंड के टिहरी जलाशय गंगा नदी मे इसी प्रकार की गतिविधियों के संचालन की बड़ी अनुभवी कम्पनी हैं। अपर जिलाधिकारी ने संचालकों को निर्देश दिए की पर्यावरण संरक्षण तथा गंगा नदी की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए , उन्होंने ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नदी के तट की सफाई के निर्देश दिए ।

सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने सुरक्षा के सभी मानकों का निरीक्षण किया और सुरक्षा प्रथम का पालन करने के निर्देश दिए, नीरज श्रीवास्तव ने बताया की शीघ्र ही नदी तटीय बच्चों को जल क्रीड़ा का प्रशिक्षण भी आरंभ होगा, आगे आने वाले समय में जल क्रीड़ा के और भी रोमांचक आयोजन किए जायेगे द्य अन्य आकर्षण के सम्बंध मे नीरज श्रीवास्तव बताया की, गंगा के पावन तट पर गंगा आरती की स्वरान्जली के भक्तिमय वातावरण मे बैराज पर प्रकाश अलंकरण की गंगा मे पड़ रही आभा से गंगा नदी के रंग बिरंगी दिखने से



उत्पन्न रोमांचक परिदृश्य कानपुर मे एक अलग प्रकार का रोमांचक विकास की उपलब्धी है ।

बोट क्लब के संचालन के लिए नव नियुक्त संचालन कंपनी के निदेशक वीरेंद्र नेगी ने बताया कि बोट क्लब मे बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन, वृद्ध लोगों के लिए व्हीलचेयर भी उपलब्ध हैं । विभिन्न प्रकार की समुद्री तटों मे मिलने वालीं रोमांचक बोट, लहरे से अठखेलियाँ करने वालीं जेट स्की, ड्रैगन बोट ,परिवार के साथ राइड लेने वालीं पैन्टून बोट कुल 10 बोट उपलब्ध है। बोटिंग के लिए किसी को



इंतजार नहीं करना पड़ेगा, इसके अलावा मौसम के बचाव के साथ कैफेटेरिया में बैठने की व्यवस्था के साथ उच्च स्तरीय गुणवत्ता वाले व्यंजनों का स्वाद भी मिलेगा ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई0वी0एम0 गोदाम का किया निरीक्षण



**भदोही** – जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई0वी0एम0 गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ई0वी0एम0 के रखरखाव रजिस्टर तथा गेट पर सील लॉकर का निरीक्षण करते हुये ड्यूटी पर तैनात गार्डो आदि के व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सीसी कैमरा में विगत दिवसो की रिकॉर्डिंग की चेकिंग, फायर सेफ्टी उपकरण की वैलेडिटी तिथि आदि बिंदुओं का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, जिला कृषि रक्षा अधिकारी रत्नेश सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

### शहीद सेना के जवान बॉपी घोष अंतिम दर्शन में पहुँचेविधायक, किया शोक प्रकट



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड**- महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी असम में तैनात सेना का जवान ग्राम - पंचायत बन्नोग्राम निवासी बॉपी घोष के अंतिम दर्शन करने उनके घर पहुँचे। उनके शव पर पुष्प अर्पित का श्रद्धांजलि दी और परिवारों से मिलकर शोक प्रकट करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। मालूम हो कि 17/10/24 गुरुवार को सेना का जवान बॉपी घोष और उनका 14 वर्ष के पुत्र, पत्नी सहित सपरिवार घूमने के लिए अरुणाचल प्रदेश गये हुए थे। वहीं नदी में स्नान करने के दौरान पुत्र नदी में डूब रहा था पुत्र को बचाने के लिए पिता आगे आया पर वो भी डूब गया दोनों की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार के समान है। इनके दुख में शामिल होना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारी कहीं भी अगर जरूरत पड़े तो आप लोग बेहिचक बताएंगे। हम आप लोग के मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इस मौके पर युवा नेत्री उपासना मरांडी (पिंकी ),पूर्व प्रमुख अजित मण्डल, मुशरफ हुसैन,मुखिया अनीता हेमब्रम, समिति रूपा रविदास, तोहिदुल शेख, विस्वाजित दास, छोटू रविदास सहित कई झामुमो कार्यकर्त्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

### दूषित पानी उगल रहा इंडिया मार्का हैंडपंप, ग्रामीण परेशान



**महराजगंज।** सरकार के लाख प्रयास के बाद भी ग्रामीणों को शुद्ध जल मुहैया नहीं हो पा रहा है। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिंगटी टोला मुजहना में मुरली चौधरी के घर के पास स्थित इंडिया मार्का हैंडपंप विगत छह महीने से रिबोर के आभाव में दूषित पानी उगल रहा है। दूषित पानी के सेवन से ग्रामीणों में गंभीर बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुद्ध पेयजल के लिए लगा इंडिया मार्का हैंडपंप से विगत छह महीने से दूषित पानी निकल रहा है, जिसके कारण शुद्ध पेयजल के लिए आस-पास के लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों को मौखिक रूप से अवगत कराया गया लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी हैंडपंप का मरम्मत नहीं करवाया गया। इस संबंध में एडीओ पंचायत योगेश मद्धेशिया ने बताया कि इंडिया मार्का हैंडपंप को शीघ्र ही मरम्मत करा दिया जाएगा।

# अन्तर्राज्यीय चोर गैंग का पर्दाफाश

**● 25-25 हजार के 04 इनामिया सहित 05 शातिर अपराधी चोरी के आभूषण व कीमती बर्तन के साथ गिरफ्तार**

**घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व कार बरामद**



**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा विधान सभा उप निर्वाचन-(मझवां-397) को सकुशल सम्पन्न कराने, जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व चोरी की घटना कारित कर सामानों की बिक्री करने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी,बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना चुनार, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । सोमवार को थाना चुनार, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि इस दौरान थाना चुनार क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा चोरी के सामानों की बिक्री करने की सूचना जरिए मुखबिर प्राप्त हुई । उक्त सूचना पर थाना चुनार, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम पचरावं मोड के पास से मोटर साइकिल सवार 02 व्यक्तियों एवं चार पहिया वाहन सवार 03 व्यक्तियों (कुल 05 व्यक्तियों) को पकड़ा गया । जिन्होने पूछताछ में अपना नाम पता 1. नत्थू प्रसाद उर्फ साहिल पुत्र महेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम भड़ाव थाना जन्सा जनपद वाराणसी, 2. आकाश पटेल पुत्र कैलाश पटेल निवासी ग्राम मंगलावीर थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी, 3. अमिताभ राजभर पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम सारंगपुर थाना जन्सा जनपद वाराणसी, 4. सूरज रामाश्रय यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी नवापुर बोइसर थाना पालघर जनपद पालघर महाराष्ट्र व 5. मनोज सेठ पुत्र छोटेलाल सेठ निवासी गंगापुर थाना रोहनिया जनपद वाराणसी बताया । अभियुक्तों के कब्जे से चार पहिया वाहन में रखा हुआ चोरी के आभूषण पीली धातु (कुल 80 ग्राम), आभूषण सफेद धातु (कुल 3.750 किलो ग्राम), सफेद धातु 06 अदद सिक्का, 02 अदद डीबीआर, पीतल के बर्तन (कुल 120 किलो ग्राम) तथा ताला तोड़ने के लिये 01 अदद सब्बल, 01 स्क्रू पेचकस को बरामद किया गया । घटना में प्रयुक्त उपरोक्त दोनों वाहन पल्सर मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) व डस्टर कार चार पहिया वाहन (बिना नम्बर प्लेट) को 207 एम.वी. एक्ट में सीज किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

**विवरण पूछताछ** — गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगो का एक संगठित गिरोह है, जो दिन में चार पहिया वाहन से रेकी कर बन्द घरों की पहचान करते है तथा मौका देखकर हम लोगो द्वारा घरों के ताला तोड़कर आभूषण, बर्तन व कीमती सामानों की चोरी कर बिक्री करने का काम करते है । जिससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते है । अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि चोरी में प्रयुक्त दोनों वाहन मोटर साइकिल व चार पहिया वाहन भी चोरी के पैसे से ही खरीदे है तथा हम लोगो द्वारा मीरजापुर व आसपास के जनपदों वाराणसी, भदोही, सोनभद्र जनपदों सहित महाराष्ट्र आदि स्थानों पर भी चोरी की घटना कारित की गयी है।

## समिति ने रामलीला का मंचन बीच में किया स्थगित

**● रामलीला समिति ने महेंद्र दुबे को दी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि**



**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही।** भदोही के हरीपुर गाँव में आदर्श रामलीला समिति की तरफ से आयोजित ऐतिहासिक सात दिवसीय रामलीला का मंचन मंगलवार को स्थगित करना पड़ा। गाँव में दुःखद घटना होने से समिति ने यह फैसला लिया है। हालांकि भरत मिलाप मेले का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 अक्टूबर को संम्पन्न होगा। आदर्श रामलीला समिति हरीपुर, अभिया मंगलवार और बुधवार को होने वाले लीला कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। पूरेदरियाव निवासी महेंद्र दुबे उर्फ़ बतई (53) का हृदयगति रूक जाने मुंबई में सोमवार की रात निधन हो गया। तबियत खराब होने के बाद परिजनों ने उन्हें भांडुप उपनगर के निजी अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया था लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस दुःखद घटना की वजह से ऐसा निर्णय लिया गया। इस दौरान समिति की तरफ से रामायण पर आधारित सामान्य ज्ञान अभिरूचि परीक्षा को भी निरस्त कर दिया गया है। 17 अक्टूबर से सात दिवसीय रामलीला की शुरूवात हुई थीं। यह कार्यक्रम 23 अक्टूबर को भरत मिलाप मेले के साथ संम्पन्न होगा।

आदर्श रामलीला समिति ने इस दुःखद घटना पर गहरी संवेदना जताते हुए शोकसभा के माध्यम से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया है। समिति के बरिष्ठ कलाकरों में रविशंकर दुबे, नेमधर दुबे, प्रभुनाथ शुक्ल, राकेश शुक्ल, बैकुंठ शुक्ल, प्रमोद शुक्ल, पंकज दुबे, दिनेशनाथ शुक्ल, कड़ेदिन दुबे, श्रीप्रकाश सिंह, सुनील सिंह, विजय शुक्ल, अजय शुक्ल, योगेश मिश्र, रम्मू दुबे, वीरेंद्र कुमार दुबे, दिलीप शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद सिंह, अनिल शुक्ल, हरिओम तिवारी एवं अन्य लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### 397-मझवां विधानसभा उप निर्वाचन के दृष्टिगत सी0यू0, बी0यू0 व वी0वी0 पैट का किया गया प्रथम रैण्डमाइजेशन



**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 में आज 397-मझवां विधानसभा उप निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, सकुशल व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वी0वी0 पैट का प्रथम रैण्डमाइजेशन विभिन्न राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी अधिकारी ई0वी0एम0/ बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी नरेन्द्र सिंह के अलावा जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, भारतीय जनता पार्टी से चन्द्रांशु गोयल, कांग्रेस पार्टी से छोटेखान, प्रोफेसर बी0 सिंह आम आदमी पार्टी, बासपा से अब्दुल समद राईन, सपा से झल्लूराम यादव मझवां सपा अध्यक्ष, प्रदेश सचिव आप सुनील कुमार पाण्डेय सहित अन्य राजनैतिक दलो के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व समाजसेवी प्रभु नाथ त्रिपाठी का निधन

**स्वतंत्र प्रभात**

**सीखड़, मीरजापुर ।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व समाजसेवी पूर्व प्रधान प्रभु नाथ त्रिपाठी का निधन सोमवार की देर रात वाराणसी स्थित निजी चिकित्सालय में ईलाज के दौरान हो गया।वे पिछले तीन माह से गुर्दा रोग से पीड़ित थे।अंतिम संस्कार मंगलवार को गृह ग्राम भुआलपुर सीखड़ गंगा घाट पर किया गया।वरिष्ठ नेता के निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हो गया।हजारों चाहने वालों ने गंगा घाट पर भाव भीनी श्रद्धांजलि दी।

## अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में आज जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न



**● पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही** –जनपद के पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि पूर्व सैनिकों के द्वारा अपने जीवन के अहम पल देश सेवा के लिए समर्पित किए गए हैं, इसलिए हम लोगों का भी यह दायित्व बनता है कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्धता के साथ किया जायें। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व सैनिक बंधुओं की जो भी समस्याएं आज प्राप्त हो रही हैं उनका गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करते हुए संबंधित सैनिक बंधुओं को भी रिपोर्ट से अवगत कराया जाए।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं जैसे भूमि विकास, पुलिस, बैंक से ऋण, पेंशन, शिक्षा, आर्थिक अनुदान, रोजगार, सम्बन्धी समस्या तथा अन्य समस्यओं का अनुश्रवण करते हुये सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि पूर्व सैनिकों की आज जो समस्या प्राप्त हुयी है, उनका निस्तारण समयबद्धता के आधार पर करते हुये रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करायें। बैठक का सफल संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी भदोही कर्नल विनोद गुप्ता के द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में अन्य सम्बन्धित अधिकारियों एवं पूर्व सैनिक कल्याण समिति के पदाधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# लॉन में महिला के साथ ठहरे सफाई कर्मी का मिला शव

**● घर पर महिला ने जहर खाकर किया अहलीला समाप्त**

**स्वतंत्र प्रभात**

**विंध्याचल।** सोमवार को समय करीब- 06.30 बजे डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत एक निजी लॉज में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर तत्काल पुलिस उच्चाधिकारी, फॉरेंसिक टीम एवं थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचा गया । जांच मे पाया गया कि संतोष कुमार पुत्र साधुराम मौर्या निवासी शाहपुर चौसा थाना को0देहात जनपद मीरजापुर उम्र करीब-41 वर्ष का निवासी है तथा साथ में टैबलेट भी पायी गयी तथा गहनता से जांच किया गया तो पता चला कि संतोष कुमार उपरोक्त एक महिला के साथ इस लॉन में करीब-11.00बजे दाखिल हुआ,उसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला के बारे मे जानकारी की गयी तो यह जानकारी प्राप्त हुई कि यह महिला उसी के मित्र की पत्नी है। यह सूचना महिला को प्राप्त हुई तो महिला के कोई जहरीला पदार्थ खा लिया गया । महिला ग्राम वर्जिमुकुंदपुर थाना क्षेत्र पड़री जनपद मीरजापुर की निवासिनी है,जब महिला की तबीयत बिगड़ी तो परिवारीजनों द्वारा महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया। थाना विंध्याचल पुलिस द्वारा शव को कब्जे मे लेकर तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। शांति एवं कानून व्यवस्था का स्थिति सामान्य है ।

### विंध्यधाम में पान गुटखा खाने वालो से वसूला जुर्माना

**मीरजापुर।** जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका एवं सीएमओ कार्यालय के संयुक्त अभियान के अंतर्गत विंध्यधाम परिसर के अंदर पान-गुटखा खाने वाले दो लोगों पर कार्यवाही करते हुए चार सौ रूपया जुर्माना वसूल किया गया है।इस मौके पर सीएसआई मनोज सेठ, सीएमओ कार्यालय से जिला समन्वयक डॉ.राजेश यादव,स्वच्छ भारत मिशन की टीम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सोबिष्को कप क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए दो मैच



**चुनार, मीरजापुर ।** सोबिस्को कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम मेड़िया, चुनार मिर्जापुर के ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा हैं मंगलवार को खेले गए पहले मैच में भारतीय स्पोर्ट्स क्रिकेट एकेडमी ने चुनार क्रिकेट क्लब को 98 रन से हराया। वहीं दूसरे मैच में कालीचरण क्रिकेट एकेडमी ने आदर्श क्रिकेट एकेडमी को 69 रनो से हराया।इस दौरान प्रवीन सिंह "किट्टू" भईया, रजत सिंह, गौतम सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, हेमंत पाण्डेय, अमित चतुर्वेदी, संजय सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। वही अंपायर छोटू यादव, मनोज सिंह, स्कोरर सौर्य सिंह, उपमा सिंह रहे।

## बबुरा में सौ सालों से हो रहे कुश्ती प्रतियोगिता में पहुंचे भाजपा नेता मनोज जायसवाल



**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने गैपुरा मण्डल के बबुरा ग्राम में पिछले सौ सालों से हो रहे कुश्ती प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ किया।पिछले सौ सालों से बबुरा ग्राम में इस ऐतिहासिक कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता रहा है।इस कुश्ती दंगल में आस-पास जिला एवं गांव के कई युवा खिलाड़ियों के साथ नामी-गिनामी खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया।इस मौके उन्होंने वहां उपस्थित दर्शकों और कुश्ती के पहलवानों को सम्बोधित करते हुये कहा कि कुश्ती मिर्ज़ापुर का पारंपरिक खेल है और मिर्ज़ापुर में कई स्थानों पर दंगल का आयोजन किया जाता है।हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के अन्तर्गत देश के विभिन्न शहरों से खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए तैयारियां की गयी जिसका परिणाम ओलंपिक खेलों में साफ दिखा है।इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष राधेकृष्ण दुबे, संरक्षक दीनानाथ सिंह, शिवचन्द मिश्रा, राम अवध पांडेय, अमर बहादुर सिंह, पृथ्वीराज सिंह, धीरेन्द्र सिंह, नीलकांत पाण्डेय, मंगलेश्वर मिश्रा, भरत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 397-मझवां विधानसभा उप निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के दृष्टिगत बनाई गई मानव श्रृंखला




**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** स्वामी विवेकानंदाश्रम पैड़ापुर मीरजापुर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मझवा विधानसभा उप निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक राज कुमार दीक्षित के नेतृत्व में छात्रों की मानव श्रृंखला बनाई गई, जिसमें स्वामी गोविंदाश्रम संकुल के सभी कॉलेजों ने प्रतिभा किया। छात्रों ने उत्साह के साथ मनोहारी श्रृंखला का निर्माण किया इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नेट छात्रों को अपने घर जाकर परिजनों एवं पास पड़ोस के लोगों को अधिक से अधिक मत प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूक करने को कहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदामा प्रसाद स्वामी, गोविंदा आश्रम बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य स्नेहलता द्विवेदी, सा0 साहि0 चेतना उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राम निकेत दुबे एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## कैम्प लगाकर विद्युत बिल के बीस बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया

**● पचास हजार रुपया बकाया वसूली किया गया**



**स्वतंत्र प्रभात**

**अदलहाट, मीरजापुर ।** अवर अभियंता पावर हाउस नरायनपुर सुशील कुमार के नेतृत्व मे ग्राम बघेड़ी व बघेड़ा मे कैम्प लगाकर विद्युत बिल के बीस बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया तथा पचास हजार रुपया बकाया वसूली किया गया। इस दौरान अवर अभियंता ने बताया कि क्षेत्र मे लगातार जांच अभियान व कैम्प लगाया जायेगा। उन्होने अपील किया की दीपावली पर अंधेरे से बचने के लिए बिद्युत बकाया समय रहते जमा करे जिससे कनेक्शन विच्छेदन से बचा जाय। इस दौरान अवर अभियंता सुशील कुमार के साथ मधुबन सिंह, शैलेश श्रीवास्तव, रजत श्रीमाली, विज्जन, विकाश आदि लोग साथ रहे।

## अधिकारियों ने पौधे नदारद होने पर रेंजर को लगाई फटकार


**● पौधरोपण व टेंच गढ्ढों का प्रशिक्षु आइएफएस ने किया निरीक्षण दिए निर्देश**



**स्वतंत्र प्रभात**

**हलिया।** ड्रमंडगंज वनरेंज के बबुरा कंपार्टमेंट नंबर 11 और सोनगढ़ा वनक्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर 9 में किए गए पौधरोपण नाली बुवान का प्रशिक्षु आइएफएस निरंजन सुरभे ने उपप्रभागीय वनाधिकारी शेख़ मुअज्जम के साथ मंगलवार को निरीक्षण किया। प्रशिक्षु आइएफएस ने रोपित किए गए पौधों के जगह-जगह ग़ायब होने पर नाराजगी जताई। कहा कि जहां पौधे सूख गए है वहां फिर से पौधरोपण करवाने के लिए रेंजर ड्रमंडगंज वी के तिवारी को निर्देश दिया। प्रशिक्षु आइएफएस ने रोपित किए गए पौधों तथा टेंच और खोदे गए गढ्ढों की गणना करवाई। रेंजर वी के तिवारी ने प्रशिक्षु आइएफएस को बताया कि बबुरा कंपार्टमेंट नंबर 11 में सागवन, इमली, कट सागवन, आम, आंवला के कुल पांच हजार रूपए पौधरोपण करवाया गया था और अरू, खैर, बबूल, पलाश, केशिया सेमिया, कम्हार के पांच हजार बीज बुआन कराया गया है। उप प्रभागीय वनाधिकारी शेख मुअज्जम ने पौधों की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने की सख्त हिदायत दी।सोनगढ़ा वनक्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर 9 में कराए गए आठ हजार पौधरोपण का निरीक्षण किया जहां रोपे गए अधिकतर पौधे नदारद पाए गए। मौके पर मौजूद वनकर्मियों ने बताया कि अधिकतर पौधे मवेशियों के चरने से नष्ट हो गये हैं।उप प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि पौधों की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस दौरान रेंजर वी के तिवारी, रेंजर चुनार आनंद शेखर वनदरोगा शिवकुमार वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी, सेवानिवृत्त वनदरोगा राम नरेश पांडेय, वनरक्षक सर्वेश्वर पटेल, वाचर सियाराम पाल मौजूद रहे।

### 25 अक्टूबर 4 बजे निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण बैठक में, समस्त जिलाध्यक्ष / महासचिव/मंत्री, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय / राज्यीय राजनैतिक दल करे प्रतिभाग -उप जिला निर्वाचन अधिकारी



**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही** –उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुँवर वीरेन्द्र मौर्य ने अर्हता दिनांक 01.01.2025 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-राजनैतिक दलों के साथ बैठक किये जाने के बारे में समस्त जिलाध्यक्ष / महासचिव/मंत्री, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय / राज्यीय राजनैतिक दल, भदोही को अवगत कराया कि अर्हता दिनांक 01-01-2025 के आधार पर विधानसभा मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यकम की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा की गयी है। उक्त पुनरीक्षण कार्यकम एवं मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में विधिक प्राविधानों के महत्वपूर्ण बिन्दुओं एवं आयोग के अद्यतन निर्देशों के बारे में विचार-विमर्श किये जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 25 अक्टूबर को सायं 04 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आहूत की गयी है। उक्त आहूत बैठक में जनपद में नियुक्त बूथ लेबिल आफिसर (B.L.O.) एवं अंतिम रूप से तैयार मतदेय स्थल की विधानसभावार सूची आपको निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। आपसे अनुरोध है कि अपने-अपने दल के बूथ लेबिल एजेण्ट (B.L.A.) नियुक्त करते हुए निम्न प्रारूप में सूचना तैयार कराते हुए दिनांक 29 अक्तूबर तक एक प्रति इस कार्यालय में भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अतः आपसे अपेक्षा है कि दिनांक 25 अक्टूबर को सायं 04 बजे अपने-अपने दल के लेटर पैड के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ग्राम-शाहपुर उपरहार में ग्राम चौपाल का आयोजन कर कृषकों की चकबन्दी सम्बन्धी समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारित करने के दिये गये निर्देश




**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/उप संचालक चकबन्दी प्रबुद्ध सिंह के नेतृत्व में आज ग्राम-शाहपुर उपरहार परगना अथरवन तहसील मंझनपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में सभी ग्रामवासियों से चकबन्दी की समस्याओं पर चर्चा की गयी। ग्राम शाहपुर उपरहार में प्रथम चक्र की चकबन्दी प्रचलित है। कृषकों की समस्याओं को सुना गया, जिसके नियमानुसार निस्तारण के लिए चकबन्दी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के अनुसार शीघ्र कार्यवाही कर चकबन्दी प्रक्रियायें विधिपूर्वक सम्पन्न करायें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी/ बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, चकबन्दी अधिकारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दीकर्ता, चकबन्दी लेखपाल, ग्राम प्रधान व चकबन्दी समिति के सदस्यगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गोराजू व्यापार मण्डल का किया गया गठन



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की ओर से नगर अमीना गोराजू व्यापार मण्डल का गठन किया गया जिसके मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष प्रवेश केशरवानी रहे बैठक की अध्यक्षता उद्योग व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष प्रवेश केशरवानी ने की इस दौरान उन्होंने सभी की सहमति से अध्यक्ष पद पर विमल गुप्ता, महामंत्री हिमांशु और कोषाध्यक्ष पद के लिए रामदास केशरवानी को मनोनीत किया। तत्पश्चात युवा व्यापार मण्डल का भी गठन किया गया जिसमें शांतनु शुक्ला अध्यक्ष सुशील वर्मा को महामंत्री चुना गया मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक-एक व्यापारी को संगठन से जोड़ना संगठन की प्राथमिकता है। व्यापारियों की रक्षा के लिए संगठन सदैव संघर्ष करेगा। इस दौरान कार्यक्रम में प्रांतीय संगठन मंत्री पुष्पेंद्र कुमार जिला महामंत्री प्रमोद साहू पश्चिम सरीरा अध्यक्ष विपिन केशरवानी, रामआसरे कमलेश गुप्ता ओमनारायन त्रिपाठी चंद्रहास मौर्य वीरेन्द्र सिंह सहित सभी नगरों के नगर अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्यालय के भवन का निर्माण हुआ मानक विहीन भविष्य में बच्चों के लिए हो सकता है खतरा



**कौशाम्बी।** जनपद में चायल तहसील के विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम सभा गढ़वा उदाथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट विद्यालय मानक विहीन भवन का निर्माण हो रहा है जहां पर विद्यालय के भवन लिंटर आरबीआई से डाला गया है जो कि लिण्टर का कार्य आरसीसी से होना चाहिए था ऐसे कई भवनों का निर्माण किया भी जा चुका है जो कि पैसे के दम पर डीसी विद्यालय का मानक विहीन निर्माण को पास भी करवा लिए हैं और इस वक्त भवन का लिण्टर भी पड़ गया है समय रहते इस निर्माण का सही तरीके से अधिकारियों के द्वारा जांच-पड़ताल किया गया गया तो डीसी के साथ कई लोग घेरे में आजाएंगे जिससे इस मानक विहीन निर्माण से भविष्य में बड़ी घटना को घटने से रोका जा सकता है इस निर्माण के बाबत ग्राम प्रधान से बात करने पर ग्राम प्रधान का कहना है कि निर्माण में मानक विहीन कार्य किया गया है परन्तु इस बारे में विद्यालय के डीसी से बात करे ये सारी जिम्मेदारी विद्यालय के डीसी की है। ग्रामवासियों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**अलीगढ़।** थाना अतरौली क्षेत्र के अंतर्गत रामघाट रोड स्थित ग्राम बेम्बीरपुर के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तारावती पत्नी बनवारी लाल निवासी रामघाट रोड स्थित ग्राम कौशलपुरी ग्राम बैमबीरपुर से बाइक द्वारा अपने गांव कौशलपुरी जा रहे थे । जो बाइक फिसलने के कारण 52 वर्षीय महिला तारावती पत्नी बनवारी लाल निवासी ग्राम कौशलपुरी से टकरा गये और वह महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजनों द्वारा अतरौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया । बताया जा रहा है कि बाइक सवार सड़क हादसे में मृतक महिला का पति भी मामूली रूप से घायल हुआ है।

## बहराइच में बुलडोजर कार्रवाई पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगाई रोक

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** शनिवार को पीडब्ल्यूडी ने बहराइच हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद सहित 23 लोगों के घरों और दुकानों पर नोटिस लगा दिया था। इनमें तीन घर हिंदुओं के हैं। नोटिस में 3 दिन में ग्रामीण सड़क के मध्य से 60 फीट की दूरी पर बनाए गए निर्माण को हटाने के लिए कहा गया था।



इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने उत्तर प्रदेश के बहराइच में बुलडोजर एक्शन पर 15 दिन के लिए रोक लगा दी है। पीडब्ल्यूडी विभाग की तरफ से जिन 23 लोगों के घरों और दुकानों पर नोटिस चिपकाया गया था, उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए 15 दिनों का वक्त दिया गया है। मामले में अगली सुनवाई के बाद आगे की कार्रवाई होगी। बहराइच में हुई हिंसा के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग की तरफ से 23 लोगों के घरों और दुकानों पर नोटिस चिपका कर कथित रूप से अवैध निर्माण को गिराने की बात कही गई थी।

बहराइच हिंसा के बाद बीते शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी विभाग ने 23 घरों और दुकानों पर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाते हुए नोटिस चिपकाया था। लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया था। आज उसका आखिरी दिन था। मामले में जिन लोगों को नोटिस मिला था, उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था। जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इस कार्रवाई पर 15 दिन की रोक लगा दी है। इस मामले में अब दो दिन बाद यानी 23 अक्टूबर को सुनवाई होगी। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बुलडोजर एक्शन रोकने के लिए बहराइच हिंसा से जुड़े तीन आरोपियों और रिश्तेदारों ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की है। याचिकाकर्ता में मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद की बेटी भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट में पहले से ही बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ याचिका दाखिल की गई है। इसी याचिका में एक इंटरवेंशन एप्लिकेशन दाखिल की गई है, जिसमें पीडब्ल्यूडी की कार्रवाई को रोकने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि 23 घर जिनपर नोटिस चिपकाया गया है उनमें अधिकतर किसान और फेरीवालों के हैं। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि महज तीन दिन का समय इसलिए दिया गया ताकि कोई कानूनी कार्रवाई न की जा सके।

इससे पहले शनिवार को पीडब्ल्यूडी ने बहराइच हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद सहित 23 लोगों के घरों और दुकानों पर नोटिस लगा दिया था। इनमें तीन घर हिंदुओं के हैं। विभाग की तरफ से नोटिस सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण करने को लेकर लगाई गई थी। नोटिस में 3 दिन में ग्रामीण सड़क के मध्य से 60 फीट की दूरी पर बनाए गए निर्माण को हटाने के लिए कहा गया था।

## महाकुंभ-2025 के लिए चार पाण्टून पुलों का निर्माण कार्य शुरू

**● - सभी पाण्टून पुल 30 नवंबर तक हो जाएगे तैयार। विजय किरन आनंद।**

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** महाकुंभ मेला -2025 के दृष्टिगत गंगा पर पाण्टून पुलों का निर्माण कार्य सोमवार से शुरू हो गया है। कुंभ मेला सीडी फोर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता सुरेन्द्र सिंह ने बताया है कि सोमवार से अभी चार पाण्टून पुलों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। ओल्ड जीटी रोड पर दो पाण्टून पुल, गंगोली शिवाला मार्ग पर एक पाण्टून पुल और हरिश्चंद्र मार्ग के घाट पर एक पाण्टून पुल का निर्माण हो रहा है और सभी 30 पाण्टून पुलों का निर्माण कार्य नवंबर तक पूरा हो




जाएगा। महाकुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि महाकुंभ-2025 का प्रचार -प्रसार देश और विश्व स्तर पर किया जा रहा है, ऐसे में संत, महात्मा, स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पाण्टून पुल बनाये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले महाकुंभ में 22 पाण्टून पुल बनाये गये थे लेकिन इस बार 30 पाण्टून पुल बनाये जा रहे हैं जिसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि तीन पाण्टून पुल नैनी से मेला क्षेत्र के झूंसी की ओर बनाये जा रहे हैं। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि इस बार सभी पाण्टून पुल 30 नवंबर तक तैयार हो जाएगा जिससे संत, महात्मा, श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को मेला क्षेत्र में आने - जाने में कोई परेशानी न होने पाये।

## नगर पालिका परिषद मंझनपुर व भरवारी विनिमय क्षेत्र घोषित

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सर्वसाधण को सूचित किया है कि शासन द्वारा जनपद कौशाम्बी की मंझनपुर एवं भरवारी विनियमित क्षेत्र घोषित है। जिसमें नगर पालिका परिषद, भरवारी एवं मंझनपुर सहित विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 46 ग्राम (तहसील मंझनपुर- मौजा मंझनपुर, खोरा, भेलखा, गौसपुर टिकरी, ओसा, कोड़र, पाता, गौरा, बंधवा रजबर, फरीदपुर, बबुरा, समदा व रामपुर बसोहरा कुल 13 गांव) (तहसील सिराथू मौजा असकरनपुर, कोरों, भड़ेसर, बिछौरा, बड़नपुरकादीपुर, बिसारा, चक कयामतपुर, रामपुर सुहेला, रामपुर सुहेला उर्फ अल्लीपुर, रसूलपुर गिरछा, सिंधिया आमद करारी, चमन्धा, चक चमरूपुर व कोखराज उपरहार, कुल 14 गांव) तथा (तहसील चायल-मौजा ईनामपुर, मकदूमपुरकाजी, साखा बरीपुर, शाहपुर कौड़ा, मारूफपुर, मलिकपुर महेवा, सिरोही उपरहार, रसूलपुर काजी, सैता, कशिया, पल्हाना उपरहार, सकाढ़ा उपरहार, धन्नी, आदमपुर, रोही, फरीदपुर टप्पा, चक सईगंज, मोहम्मदपुर असवां व परसरा, कुल 19 गांव) आते हैं। यहाँ पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये बड़े पैमाने पर व्यावसायिक एवं आवासीय भवनों का अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसमें भू-माफियाओं द्वारा अनुचित धनार्जन के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर काश्तकारों की भूमि को कृषि दर से खरीद कर अवैध कालोनियॉ विकसित की जा रही हैं, जिनमें मानक के अनुरूप जनसुविधाओं यथा-पेयजल, पार्किंग, विद्युत, जल निकासी, आवागमन व सीवरलाइन आदि की समुचित व्यवस्था का सर्वथा अभाव होता है, जिससे भविष्य में महानगर योजना तैयार करने में गम्भीर समस्या उत्पन्न होगी। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपेक्षा की है कि आवासीय/व्यावसायिक प्लाट खरीदने से पहले कालोनी का एप्रूव्ड ले-आउट प्लान अवश्य देख लें। विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत बिना ले-आउट पास कराये अवैध कालोनियां विकसित करने वालों के विरुद्ध विधिसंगत कार्यवाही की जायेंगी। इसी प्रकार बिना भवन मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध रूप से भवन निर्माण कराने पर विद्युत एवं पेयजल का कनेक्शन नहीं दिया जायेंगा तथा ऐसे अवैध भवनों का नगर पालिका परिषद में पंजीकरण भी नहीं होगा। साथ ही ऐसे अवैध निर्मित/निर्माणाधीन भवनों को चिन्हांकित कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायेगी।

## जनपद में आंगनबाड़ी केन्द्रों में नहीं पहुंच पा रहा खाद्यान्न भूख से तड़पते रहते हैं बच्चे

**● - 60 लाख रुपए तिमाही की खाद्यान्न योजना के हेरा फेरी में कौन-कौन अधिकारी शामिल**

**सात करोड रुपए साल के कन्वर्जन मनी का बगैर भोजन बने के हो रहा है भुगतान**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों में तीन वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को दोपहर में भोजन दिए जाने की योजना व्यवस्था की पटरी से उतर चुकी है आंगनबाड़ी केन्द्रों में दोपहर भोजन की व्यवस्था न होने से छोटे-छोटे मासूम बच्चे भूख से बिल बिला उठते हैं लेकिन उन्हें केन्द्रों में भोजन नहीं मिलता है कुछ केन्द्रों में स्कूल के शिक्षकों द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों को भोजन दे दिया जाता है जिससे उन्हें कुछ राहत मिल जाती है लेकिन तमाम आंगनबाड़ी केन्द्रों में दोपहर भोजन की योजना पूर्ति विभाग और बाल विकास परियोजना अधिकारी के साठगांठ के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में 1300 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगभग 2000 कुन्तल से अधिक खाद्यान्न का वितरण किया जाना है लेकिन खाद्यान्न का वितरण नहीं हो रहा है इस खाद्यान्न के भ्रष्टाचार में कौन-कौन अधिकारी हिस्सेदार हैं अभी तक मामले की जांच कर खाद्यान्न योजना में हिस्सेदार अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है।




आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति इतनी बदतर है कि सुबह से केन्द्र में पहुंचने वाले बच्चे दोपहर होने तक छोटे-छोटे बच्चे भूख से बिलबिला रहे हैं योजना को पारदर्शी तरीके से संचालन करने के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अभी तक प्रयास नहीं हुए हैं इस सम्बन्ध में जिला पूर्ति अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो 12:30 बजे दोपहर को उनका कार्यालय कक्ष बन्द था वह कार्यालय में मौजूद नहीं थे पूर्ति निरीक्षक नगरी क्षेत्र से बातचीत हुई तो वह संतोष जनक जवाब नहीं दे सके हैं इस सम्बन्ध में बाल विकास परियोजना अधिकारी सिराथू से बात की गई तो उनका कहना है कि खाद्यान्न की लिस्ट पूर्ति विभाग को भेजी जा रही है खाद्यान्न का उठान होगा तो आंगनबाड़ी केन्द्र तक खाद्यान्न पहुंचाया जाएगा जब की सूत्रों की माने तो बीते महीनों के खाद्यान्न का उठान हो चुका है और ठेकेदार से साठगांठ कर 2000 कुन्तल खाद्यान्न माफियाओं के हाथों बेच लिया गया है लेकिन जब सीडीपीओ से पूछा गया कि बीते महीना में आंगनबाड़ी केन्द्र तक खाद्यान्न नहीं पहुंचा तो वह अपना गुनाह जिला पूर्ति अधिकारी पर थोपने लगे हैं जिससे यह लगता है कि ठेकेदारों के साथ पूर्ति विभाग और बाल विकास परियोजना अधिकारी की करोड़ो के खाद्यान्न योजना के घोटाले में हिस्सेदारी है जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को दिए जाने वाला भोजन योजना व्यवस्था की पटरी से उतर चुकी है आखिर दोपहर भोजन योजना को चौपट करने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर इन पर क्या कार्रवाई होगी यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। दोपहर भोजन योजना में खाद्यान्न के अलावा कन्वर्जन मनी में भी करोड़ो का घोटाला है जब आंगनबाड़ी केन्द्र में खाद्यान्न नहीं पहुंचता है तो भोजन बनाने के लिए मिलने वाला 3 रुपए 75 पैसा प्रति छात्र प्रतिदिन के हिसाब से कन्वर्जन मनी की रकम कहां खर्च होगी विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो आंगनवाड़ी में 55000 के लगभग पंजीकृत बच्चों के बीच 2 लाख रुपए प्रतिदिन कन्वर्जन मनी की रकम सरकार भुगतान कर रही है और यह रकम कहां गायब हो रही है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन विभागीय अधिकारी योजना को पारदर्शी तरीके से चलाने के लिए तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे है जिला कार्यक्रम सुरेश गुप्ता का स्थानांतरण हो चुका है लेकिन उनके कार्यकाल में भी इस योजना में बड़े घोटाले हुए हैं और योजना की पारदर्शी तरीके से शासन प्रशासन ने जांच कराई तो वर्तमान जिला पूर्ति अधिकारी वा पूर्व जिला पूर्ति अधिकारी के साथ-साथ वर्तमान जिला कार्यक्रम अधिकारी और पूर्व जिला कार्यक्रम अधिकारी का गुनाह उजागर होना तय है इतना ही नहीं योजना से जुड़े अन्य अधिकारियों के भी गुनाह उजागर होंगे इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है अब सवाल उठता है कि आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे भूख से बिलबिला रहे हैं मुख्य विकास अधिकारी को योजना के संचालक की असफलता की जानकारी नहीं है जिससे व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

## नहरों के सिल्ट सफाई में कार्य प्रारम्भ से पहले तथा कार्य पूर्ण होने के बाद की हो फोटोग्राफी-डीएम

**● - किसान दिवस की बैठक में प्राप्त शिकायतों का समय से हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण-डीएम**

**नहरों की अवैध रूप से कटान करने वालों पर होगी एफआईआर-जिलाधिकारी**




स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जनपद में आगामी रबी फसली 1432 में कृषकों को सुचारूरूप से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उ?द्देश्य से जनपद की नहरों की सिल्ट सफाई / स्कैपिंग का कार्य कराने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान एक्सईएएन सरयू नहर खण्ड-4 दुर्गेश कुमार गर्ग के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 190 नहरें तथा 1128 किलोमीटर की है। जिसमें केवल 165 नहरों की 850 किलोमीटर की सिल्ट सफाई का कार्य किया जाना है। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नहरों की सिल्ट सफाई के दौरान कार्य शुरू होने से पहले एवं कार्य पूर्ण होने के बाद का फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफी आवश्यक रूप से कराया जाय। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि जनपद में जितने भी नहरों की सिल्ट सफाई किया जाना है, उन सभी नहरों के लिए संबंधी विभाग से एई एवं जेई की ड्यूटी लगाई जाय, तथा उनको यह निर्देश दिया जाय, कि कार्य प्रारम्भ के समय बराबर निरीक्षण करें तथा अपनी उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नहरों की सिल्ट सफाई में यदि कहीं गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।



इस बैठक में जनपद की नहरों तथा उस पर विगत वर्ष कराये गये सिल्ट सफाई कार्यों की भी चर्चा के साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष में सिल्ट सफाई / स्कैपिंग कार्यों हेतु चयनित नहरों पर चर्चा की गयी। जिसमें जनपद में लगभग 850 किमी0 नहरों की सफाई कराने की तैयारी कर ली गई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसान दिवस की बैठक में किसान बन्धुओं द्वारा अवगत कराए गए शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि नहरों के अवैध कटाने करने वालों के खिलाफ तत्काल करायें एफआईआर। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, नहर विभाग के सरयू नहर खण्ड-1,2,3 एवं 4, गोण्डा के अधिशासी अभियन्ता एवं उनके सहायक अभियन्ताओं सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त बनाना मिशन शक्ति का उद्देश्य- सचिव

**● -श्री लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम**





स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व महिला कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से श्री लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति पेज 5.0 के अंतर्गत आपरेशन मुक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दानिश हसनैन व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की गई। सचिव ने लोगों को विधिक जानकारी देते हुए बाल विवाह रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, इसको खत्म करना हम लोगों की अहम जिम्मेदारी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा ने बालिकाओं को अपने उद्देश्यों को पूरा करने के कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। संरक्षण अधिकारी चंद्र मोहन वर्मा ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप आदि योजनाओं के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आप सभी से मेरी अपेक्षा है कि उक्त योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र लोगों को जोड़ने में विभाग का सहयोग करें।

महिला थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए जारी टोल फ्री नंबर जैसे 112, 181, 1090, 1098, 108, 102, 1076, 1930 आदि की जानकारी दी गई। सेंटर मैनेजर चेतना सिंह द्वारा जनपद में संचालित वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया गया। श्री लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने सभी बालिकाओं को शसक्त होने के साथ-साथ पूर्ण रूप से जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। समाज सेवी रुचि मोदी ने बालिकाओं को महिलाओं के अधिकारों के बारे जानकारी दी गई। एलबीएस प्राचार्य डॉ रवीन्द्र द्वारा सभी बालिकाओं को सदैव अग्रसर रहने की प्रेरणा दी गई। नारी ज्ञानस्थली की मोनिका ने भी संबोधित किया। एलबीएस की मिशन शक्ति कार्यक्रम की संचालक ने मिशन शक्ति के बारे में बताया गया। इस दौरान पंकज राव, देवमणि, हितेश आदि के अलावा डालसा व विद्यालय के पदाधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय कौशाम्बी परिसर में लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**● -निर्धन और असहाय लोगों का सहारा बनेगा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय-अनुपम कुमार**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में दिनांक 21.10.2024 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी अनुपम कुमार के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय में लम्बित आपराधिक प्रकरणों में शीघ्र न्याय एवं विचारण हेतु जिला मुख्यालय कौशाम्बी में लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम (LADCS) के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन मा. जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कौशाम्बी अनुपम कुमार के कर कमलों द्वारा माननीय अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद कौशाम्बी श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल व अन्य समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय, कौशाम्बी में लीगल एंड डिफेंस कांउसिल सिस्टम

कार्यालय की स्थापना राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति महिलाओं तथा निराश्रृत वर्ग के लोगों, बच्चों व जेल में बन्द कैदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने की दृष्टि से



की गई है। जिसका कार्य संचालन चीफ लीगल एड. डिफेंस काउन्सलिंग अमित कुमार मिश्र के निर्देशन में सम्पन्न किया जा रहा है। लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम में अख्तर अहमद खान (डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेस काउन्सिल), अंकित एवं तिलक नारायण (अस्सिटेंट लीगल एड डिफेंस कान्सिल) की नियुक्ति हुई है जिन्होंने अब तक अनेक बदियों को गुणवत्ता पूर्ण व व्यवसायिक दक्षता से परिपूर्ण विधिक सहायता उपलब्ध कराई है। इस कार्य से राज्य के लोक कल्याणकारी दायित्व की पूर्ति करने में सहायता प्रदान की जा रही है।

इस प्रणाली के माध्यम से जेल में निरूद्ध बन्दियों, महिलाओं एवं बालकों तथा ऐसे व्यक्ति जो आपराधिक मामलों में अपने लिये अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं हैं उनके विचारण प्रकरणों में प्रतिरक्षा करने हेतु इस सिस्टम के माध्यम से अनुभवी अधिवक्ता प्रदान किए जाते हैं जिससे जेल में निरूद्ध बन्दियों, महिलाओं एवं बालकों को उचित न्याय मिल सके तथा प्रकरण का शीघ्र निराकरण किया जा सके।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम कुमार ने लीगल एड डिफेंस कांउसिल्स को अपने कार्य को कुशलता पूर्वक करने के लिए प्रेरित व उत्साहित करते हुए कहा कि लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम कार्यालय निश्चित रूप से निर्धन और असहाय लोगों का सहारा बनेगा और पीड़ितों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस सिस्टम से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति से मुझे पूरा विश्वास है कि वे अपने उत्तरदायित्व का पूर्ण निर्वहन करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल ने जानकारी देते हुए

बताया कि लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने से वंचित नहीं किया जा सके ताकि कानूनी प्रणाली का संचालन सभी के लिए समान अवसर के आधार पर हो। सिस्टम के द्वारा बचाव पक्ष को गिरफ्तारी के पूर्व रिमाण्ड एवं बेल के स्तर पर, विचारण व अपील आदि की कार्रवाई में निश्शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आमजन-मानस से अपील किया कि निश्शुल्क एवं सक्षम कानूनी सेवाओं के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी में नियुक्त लीगल एड डिफेंस कांउसिल्स से सम्पर्क कर इसका लाभ उठाएं।

इस अवसर पर मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश जायसवाल व महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी व कोषाध्यक्ष रामसागर द्विवेदी, तथा अधिवक्तागण राजकिशोर शुक्ला एडवोकेट, संदीप अवस्थी, संदीप द्विवेदी, अंकित त्रिपाठी, उपेन्द्र नाथ शुक्ल, शिवेन्द्रधर द्विवेदी उपस्थित रहें।

## यमुना नदी में डूबने से किशोर की मौत परिवार मे मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में सरॉयअकिल कोतवाली अन्तर्गत ग्राम सभा पुरखास मजरा धवई का रहने वाला रितेश त्रिपाठी पुत्र श्यामबाबू त्रिपाठी उम्र16 वर्ष आज दिन मंगलवार को सुबह लगभग 8 बजे अपने दोस्तों के साथ नन्दा का पुरवा घाट के यमुना नदी में नहाने के लिए गया था जो गहरे पानी में जाने के वजह से डूब गया। दोस्तों के शोर मचाने पर आस- पास के लोग भाग कर आये और बड़ी मसक्कत करने के बाद यमुना नदी से लोगों द्वारा रितेश को बाहर निकाला गया । सूचना मिलते ही रितेश के परिजन रोते हुए बिना देर किये इलाज के लिए हॉस्पिटल सरॉयअकिल ले गये जहाँ डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज तिल्हापुर शुनील यादव अपने फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए चीर घर मंझनपुर भेज दिया गया।



## संक्षिप्त ख़बरें

### जेएलकेएम उम्मीदवार कृष्णा यादव कल करेंगे नामांकन प्रपत्र दाखिल

**नामांकन से रोड शो का होगा आयोजन, शामिल होंगे जयराम महतो**

**बरही, झारखंड-** जेएलकेएम पार्टी के प्रत्याशी कृष्णा यादव बुधवार को अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने पत्रकारो को जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन से पूर्व एक रोड शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें झारखंड के उभरते हुए नेता टाइगर जयराम महतो शामिल होंगे। रोड शो बरही चौक से बरही अनुमंडल परिसर तक जाएगा। उन्होंने अपने शुभचिंतको एवं समर्थकों से कल के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### बुजुर्गों की सेवा को अपना अनिवार्य कर्तव्य बनाना जरूरी - डॉ मुनीष गोविंद




**हजारीबाग, झारखंड-** वृद्धजन दिवस के अवसर पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की एनएसएस इकाई और समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने मंगलवार को हजारीबाग के वृद्धाश्रम में एक मेल-मिलाप कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उनके अनुभवों से सीखना और उनके प्रति जागरूकता फैलाना था। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक और कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सम्मानजनक व्यवहार की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ बुजुर्गों का मनोरंजन किया और उन्हें खाने-पीने की वस्तुएं देकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही।

### झामुमो नेता गौरी शंकर मेहता के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**हजारीबाग, झारखंड-** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड में झामुमो नेता गौरी शंकर मेहता के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस और झामुमो छोड़कर भाजपा का दामन थामा। सांसद मनीष जायसवाल और छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने भाजपा परिवार में इनका स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, झारखंड की माटी, बेटी और रोटी बचाने के लिए भाजपा को चुनना जरूरी है। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने भी सत्ता परिवर्तन की अपील की। वहीं बरही के बीजेपी प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा परिवार में उनका मान-सम्मान बरकरार रहेगा।

### बरकट्ठा से 7 और बरही से 2 प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन प्रपत्र

**बरही-** मंगलवार को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से 7और बरही विधानसभा क्षेत्र से 2 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। बरकट्ठा में नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में प्रमुख रूप से बहुजन मुक्ति पार्टी के राजकुमार पासवान, भारतीय जनजागृति पार्टी के बिनोद प्रसाद मेहता, निर्दलीय सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सीपीआई के महादेव राम, आजाद समाज पार्टी के उनेश यादव, और अन्य में जानकी प्रसाद यादव व रंजीत कुमार शामिल हैं। इस तरह बरकट्ठा से अब तक कुल 18 उम्मीदवार नामांकन प्रपत्र खरीद चुके हैं। वहीं, बरही विधानसभा क्षेत्र से मंगलवार को 2 प्रत्याशियों, सुनील कुमार साव (निर्दलीय) और पुरुषोत्तम कुमार पांडेय (अखिल भारत हिंदू महासभा), ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। इसके साथ ही बरही से नामांकन खरीदने वालों की संख्या 14 हो गई है। अब तक बरही और बरकट्ठा दोनों विधानसभा क्षेत्रों से एक-एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है।

### सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोष प्रतिमा सोरेंग ने कोलेबिरा विधानसभा से खरीदा नामांकन फॉर्म, निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगी चुनाव



**कोलेबिरा, झारखंड-** सिमडेगा जिला परिषद की अध्यक्ष रोष प्रतिमा सोरेंग ने सोमवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन फॉर्म खरीदा। उन्होंने इस अवसर पर घोषणा की कि वे क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की सेवा के उद्देश्य से चुनावी मैदान में उतर रही हैं। जबकि मीडिया से बातचीत करते हुए सोरेंग ने कहा, मेरे चुनाव लड़ने का मुख्य उद्देश्य कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करना और क्षेत्र में व्यापक प्रगति लाना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि वे चुनाव जीतती हैं, तो जनता के हर मुद्दे को प्राथमिकता देकर काम किया जाएगा। उनका चुनावी एजेंडा स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी सुविधाओं में सुधार और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है।

# जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमला भारत को अस्थिर करने की गहरी साज़िश

**● पाकिस्तान पर कठोर कार्रवाई ही एक मात्र समाधान- हिन्दु विचार मंच, पाकुड़िया इकाई**



स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में पाकिस्तानी आतंकियों ने हमला करते हुए 7 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। टेरर किलिंग में एक चिकित्सक भी मारा गया है। इस आतंकी हमला की निंदा नेशनल कांफ्रेंस के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने करते हुए स्पष्ट तौर पर पाकिस्तान को कहा कि यदि भारत से सम्बन्ध की इच्छा है तो आतंकी गतिविधियों को बन्द करें। पाकिस्तान भारत का जन्मजात शत्रु है और वह इसका परिचय 1948 में कबाइलियों के भेष में पाकिस्तानी सेना के द्वारा हमला कर ही दे दिया है। यक्ष और इसके उपरांत भी जम्मू-कश्मीर में आए दिन आतंकी गतिविधियों को जारी रखने में तनिक भी संकोच नहीं करता रहा है। ऐसी आतंकी गतिविधियों पर देश के लोग तथा भारत सरकार निन्दा करे परन्तु इसका प्रभाव पाकिस्तान सरकार पर कतई नहीं पड़ता है और न ही भविष्य में पड़ेगा। भारत वर्ष अति सहिष्णु राष्ट्र है और पड़ोसियों के प्रति संवेदनशील रहा है पर इसका परिणाम भारत को अब तक भुगतना पड़ रहा है।इतिहास गवाह है कि अतीत में कभी भी परम वैभव व शक्तिशाली सम्राटों ने भी अकारण किसी दुसरे देशों पर आक्रमण नहीं किया लेकिन भारत पर अनेकों आक्रमण कर अमानवीय घटनाओं का कृत्य किया गया।

मंच ने पूरे दावों के साथ जोर देकर कहा है, भारत वर्ष एक हजार सालों तक पराधीन रह कर अनगिनत अत्याचार सहन किया और परिणाम प्रत्यक्ष दिख रहा है। वार्ता के क्रम में एक सवाल के जवाब में मंच ने जोर देकर पूरे दावों के साथ कहा कि समृद्ध एवम शक्तिशाली भारत के कैसे और क्यों मानव समाज एवम राष्ट्रीय हित में अत्यावश्यक है? सनातन धर्म, संस्कृति अहिंसा को परमोधर्म कहा है और सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार मानता रहा है। वहीं दुसरी ओर मानव व राष्ट्र विरोधी तत्वों को कठोर दण्ड देने का कतई हिंसा नहीं मानता। हिन्दु विचार मंच ने कहा कि इन दिनों जो लोग नक्सली, राष्ट्र, मानव तथा आतंकी गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाती है तब वैसे इस पर प्रश्न खड़ा करते हुए बचाव की चेष्टा करते रहे हैं जिससे ऐसे राष्ट्र विरोधियों का मनोबल बढ़ता रहा है। सनातन धर्म, संस्कृति में मानव समाज व राष्ट्र विरोधी तत्वों को दण्डित के लिए ही विश्वामित्र, अगस्त्य आदि महर्षियों ने भयंकर शक्तिशाली अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया।

यदि सृष्टि की रचना काल से ही समाज राष्ट्र को पीड़ित करने वाले लोग नहीं होते तो देवी-देवताओं की भुजाओं में घातक सुदर्शन चक्र, त्रिशुल, फरसा आदि क्या सिर्फ शोभा के लिए है। विचार मंच ने दावों के साथ आगे कहा कि इन दिनों भारत वर्ष जैसे विशाल व शक्तिशाली राष्ट्र में विगत कई महीनों से ट्रेन डीरेल, बम विस्फोट, आतंकी गतिविधियां, फिरौती के अलावे विमानों में बम रखने की सूचना से 90 विमानों की सघन जांच की गई जिससे करोड़ों रुपये की अनावश्यक क्षति देश को उठाना पड़ा। वहीं विमान यात्रियों को कठिनाइयाँ झेलनी पड़ी और देश के लोगों में दहशत भी देखा गया। मंच का दावा है कि उक्त सभी वारदातें भारत को अस्थिर करते हुए विकसित राष्ट्र बनाने में अन्तर्राष्ट्रीय गहरी षड़यंत्र का हिस्सा है।इसके अलावे वर्तमान केन्द्र सरकार तथा नरेन्द्र मोदी को बदनाम करते हुए अपदस्त की कुचेष्टा करने की कुटिल रणनीति हो सकती है। यदि ऐसा नहीं तो फिर कनाडा और फिर अमेरिका भारत पर क्यों आधार व तथ्य हीन आरोप लगा कर भारत को कठघरे में खड़ा करने की असफल कोशिशें करती रही है।

मंच ने कहा है कि उक्त सभी घटनाओं को क्रमवार मनन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सिवाय विदेशों में बैठे भारत व मोदी विरोधी मजबूत लाबी को सम्भवतः ऐसा लगता रहा है कि इस बार भाजपा को पूर्ण बहुमत लोक सभा चुनाव में नहीं मिल पाने से पूर्व की भांति यह केन्द्र सरकार कोई ठोस निर्णय राष्ट्र हित में विशेष कर आतंकियों व आतंकी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई करने में सक्षम नहीं होगी। उक्त सभी घटनाओं पर केन्द्र सरकार को सिर्फ निंदा व उदारतापूर्वक रवैये से ऐसे राष्ट्र व मानव विरोधी तत्वों पर कोई असर कभी भी नहीं पड़ा है और न ही पड़ेगा। भारत सरकार को निश्चित रूप से ऐसी देश विरोधी गतिविधियों को भांप कर कठोर कार्रवाई ही राष्ट्र धर्म है ताकि कोई राष्ट्र विरोधी तत्व भारत पर कुदृष्टि डालने का साहस नहीं कर सके। मंच ने आगे कहा कि देश के लोगों को मालूम है कि वर्ष 2014 से 2019 व 19 से अप्रैल 2024 तक इन दस सालों में इस प्रकार की घटनाएं नहीं घटी और न ही धमकियां देने का साहस ही किसी ने की। भारत सरकार को आतंकी, मानव व राष्ट्र विरोधी तत्वों पर त्वरित कठोर दण्डित करने हेतु परशुरामजी जैसे दण्ड नीति का अनुसरण कर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

# छलाँग परियोजना अन्तर्गत नोडल शिक्षकों के दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**दारू-** दर्पण संस्था हजारीबाग ~~श्ररूस~~ स्पोर्टस स्पाइस द्वारा फाउंडेशन के सहयोग से दिनांक 21-10-2024 और 22-10-2024 को ~~क्रस्ट~~ दारू में छलाँग परियोजना के अंतर्गत शिक्षकों के क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सदर,दारू एवं टाटीझरिया के 50 विद्यालयों के नोडल शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत छलाँग प्रोग्राम मैनेजर उपासना वर्मा ने दर्पण संस्था का परिचय देते हुए किया संस्था की स्थापना 1998 में सचिव रजनी किरण द्वारा की गई। संस्था सदर,दारू एवं टाटीझरिया प्रखंडों में महिला एवं बाल अधिकार भूमि अधिकार आजीविका शिक्षा आदि मुद्दों पर कार्य करती आ रही है। इसके बाद स्टेट प्रोग्राम एशोसिएट सई किरण नायक ने प्रोजेक्ट छलाँग का परिचय देते हुए बताया कि या परियोजना दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहा है जिसका प्रमुख उद्देश्य है बच्चों में शारीरिक साक्षरता बढ़ाना ड्रॉप आउट रेट कम करना उपस्थिति में वृद्धि करना यह परियोजना हजारीबाग के 50 सरकारी विद्यालय में चलाया जा रहा है प्रथम दिवस के कार्यशाला में प्रोजेक्ट छलाँग की विस्तृत जानकारी के साथ शारीरिक क्षमता मूल्यांकन परीक्षण की जानकारी दी गई अगले दिन शिक्षकों को डीएमएस भारत फाउंडेशन द्वारा विशेष रूप से तैयार गेम्स का आयोजन तथा खेल मेले का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में प्रोग्राम मैनेजर उपासना वर्मा फील्ड समर्थक सेजल सिंह, करण पांडे, सिकंदर कुमार राज, कमलेश कुमार दास, तथा मुख्य भूमिका में स्टेट प्रोग्राम एसोसिएट सई किरण नायक तथा अभिव्यक्ति फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर शुभम कुमार सिंह उपस्थित रहे एवं तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# सुनील साहू ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया ऐलान, खरीदा नामांकन प्रपत्र

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष चौपारण के बेन्दुआरा ग्राम निवासी सुनील साहू ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर क्षेत्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है। उन्होंने अपना इस्तीफा 22 अक्तूबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी को लिखकर भेजा, जिसमें उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ने की घोषणा की। इस्तीफे के बाद सुनील साहू ने मीडिया के सामने अपने इस्तीफे के बारे में जानकारी दी। अनुमंडल कार्यालय के समीप आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक होते हुए उन्होंने बताया कि पार्टी के अंदर अब वह स्वयं को असहज महसूस कर रहे थे और इसी कारण से उन्होंने यह कठोर निर्णय लिया। उन्होंने पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में परिवारवाद को प्राथमिकता दी है, जो पार्टी के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। सुनील साहू ने प्रेस वार्ता के दौरान यह भी ऐलान किया कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। यह घोषणा क्षेत्रीय राजनीति में एक बड़ी हलचल मानी जा रही है, क्योंकि साहू का भाजपा में एक मजबूत जनाधार था और संगठन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके समर्थकों का मानना है कि उनके चुनाव लड़ने से अन्य दलों के उम्मीदवारों के लिए एक नई चुनौती उत्पन्न हो सकती है। इस्तीफा देते समय, सुनील साहू ने पार्टी की वर्तमान नेतृत्व पर तीखा हमला किया। उन्होंने भाजपा की संगठनात्मक संरचना पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब पार्टी में नीतियों से ज्यादा परिवारवाद और व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं उन्होंने बरही अनुमंडलीय कार्यालय कार्यालय पहुंचकर नामांकन प्रपत्र खरीद लिया है। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। मौके पर जितेंद्र गिरी उपस्थित रहे।

# हजारीबाग में टोनी जैन बने बदलाव की नई उम्मीद, जनसम्पर्क अभियान में जनता का जबरदस्त समर्थन

**●नेता नहीं, बेटा और भाई बनकर करूंगा सेवा - टोनी जैन**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** हजारीबाग की राजनीति में इस बार जनता का गुस्सा और निराशा साफ झलक रही है। कई सालों से उपेक्षा और झूठे वादों से ठगी हुई जनता ने इस बार निर्दलीय प्रत्याशी टोनी जैन में उम्मीद की किरण देखी है। टोनी जैन ने नामांकन पत्र लेने के बाद सदर विधानसभा के सभी प्रखंडों में संपर्क कर और जनता का समर्थन हासिल किया, जो अब चुनावी माहौल में बड़ा बदलाव लाने का संकेत दे रहा है। मंगलवार सुबह से ही टोनी जैन लगातार लोगों से मिलते रहे, उनकी समस्याएं सुनीं और एक बेहतर भविष्य का आश्वासन दिया। लोगों का अपार समर्थन इस बात का प्रमाण है कि जनता ने पहली बार एक सच्चे और ईमानदार प्रत्याशी को विकल्प के रूप में देखा है। हर प्रखंड में उत्साह का माहौल है, लोग खुलकर समर्थन दे रहे हैं और चुनावी मैदान में टोनी जैन की जीत सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं। जनता का आक्रोश अब इस बात पर केंद्रित है कि वर्षों से जो वादे किए गए है, वे अधूरे रह गए। जनता अब खुद को ठगा महसूस कर रही है और इस बार किसी भी हाल में सबक सिखाने का मन बना चुकी है। टोनी जैन ने अपनी बात रखते हुए कहा, मैं नेता नहीं, बल्कि आपका बेटा और भाई बनकर सेवा करूंगा। हमें मिलकर हजारीबाग को बचाने का कार्य करना है। टोनी जैन के इस आत्मविश्वास ने जनता के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। वह एक ऐसे नेता के रूप में सामने आ रहे हैं, जो जनता के सुख-दुख का साथी बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हजारीबाग की जनता इस बार किसी भी तरह की राजनीति से नहीं, बल्कि बदलाव की चाह से प्रेरित होकर निर्णय ले रही है।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाया वैज्ञानिक दृष्टिकोण

स्वतंत्र प्रभात



**सिरसागंज-** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में श्री एम. डी. जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन एवं जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ नीरज कुमार जैन, अश्वनी कुमार जैन, प्रभारी नितिन जैन, अंजय जैन, प्रशांत जैन ने भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती एवं डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। नीरज कुमार जैन ने सभी प्रतिभागियों को विज्ञान के नवीन प्रयोगों की जानकारी प्रदान करने वाले मॉडल की सराहना करते हुए नवाचार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की।

जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग में 64 एवं सीनियर वर्ग में 121 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर प्रदूषण रोधी यंत्र, स्मार्ट गाँव, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, भूकम्प रोधी अलार्म, फायर अलार्म, कूलर, वाटर पॉल्युशन, हाइड्रो लिक लिफ्ट, पावर बैंक, ऑटोमैटिक ड्रिप स्टैंड, इंजन बाय एक्सलेटर, पवन चक्की, इलेक्ट्रिक टेस्टर, लेज़र लाइट सिक्योरिटी, गन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि प्रमुख रहे। सभी प्रतिभागियों को ज्ञान से विज्ञान को जोड़ने वाले नवाचारों की व्याख्या की। विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मॉडलों का अवलोकन किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में जूनियर वर्ग में ध्रुव कान्त झा, राजीव जैन, निर्भय जैन एवं सीनियर वर्ग में निशान्त जैन, डॉ नितिन मिश्र एवं शिव कुमार सिंह रहे। निर्णायक मंडल द्वारा जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए विभिन्न 07 विषयों पर जूनियर वर्ग में मानसी, देवांश, ऋषि, राघवेंद्र, वासुदेव, प्रतिज्ञा, सम्राट, साधना, आशु सविता, कार्तिक शर्मा, आराध्या एवं सीनियर वर्ग में कविता, वर्षा, मनीष कुमार, तान्या, साक्षी, आरजू, दीपिका, जैनब, शौर्य सक्सेना, दीक्षा, शिवानी, सचिन, विशाल, एंजल यादव, ईशु, सारिका, प्रीती का चयन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अश्वनी कुमार जैन एवं आभार प्रदर्शन प्रशान्त जैन ,अंजय जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संदीप जैन, संजय कटारा, राजकुमार, संजीव जैन, सुनील जैन, मनोज जैन, अमित कुमार जैन, सत्यपाल सिंह, दुर्गेश नन्दन श्रीवास्तव, धीरज जैन, परेश जैन, विष्णुमणि, हरीशंकर, रामगोपाल, मनोज शाक्य, विपुल जैन, नितिन जैन, अमित जैन, योगेश श्रीवास्तव, कुलदीप जैन, अमित जैन, सुकीर्ति चतुर्वेदी, प्रीती जैन, साधना मोडवेल, स्वाती जैन, रंजना जैन, सारिका कुलश्रेष्ठ, पारुल कुशवाह, अंजली जैन आदि उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में हुए मारपीट में एक की मौत सात घायल

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार –** कोतवाली क्षेत्र के धौहां गांव में मंगलवार की सुबह जमीन के कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच हुए मारपीट में रामअचल पुत्र विशेषर (70) और उसकी पत्नी किस्मतिया (65) गंभीर एवं 6 अन्य घायल हो गए। घायल रामअचल की उपचार के दौरान मीरजापुर मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई। पत्नी किशमिशा देवी को मंडलीय अस्पताल मीरजापुर से ट्रामा सेंटर बीएचयू के लिए रेफर कर दिया गया। मारपीट में मृतक के वषीय रामबली (50) का पैर में, रविचंद (45) को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। परिवार की अर्चना देवी (35) पत्नी रविचंद, मीना देवी (40) पति रामकिशुन, अजीत कुमार (15) पुत्र रविचंद को भी चोटें आई है। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र रविचंद की तहरीर पर पुलिस ने 11 नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध विभिन्न धाराओं सहित एससी एसटी निवारण एक्ट धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। मृतक के पुत्र रविचंद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार को सुबह ही बहरामगंज निवासी विपक्षी राजकुमार गुप्ता व काजू गुप्ता पुत्र मिठाई लाल, गोलू गुप्ता पुत्र शिवकुमार, उजाला गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता, शुभम गुप्ता पुत्र शिवकुमार तथा धौहां के छांगुर व पन्ना पुत्र घिसियावन व बल्लीपुर के पप्पू, बीडीसी, धौहा के राजेश पुत्र रामनरेश, भोला पुत्र छांगुर हमारी पुश्तैनी जमीन जोतने को लेकर गिरोह बनाकर अज्ञात बोलेरो व दो पहिया वाहन से आए और घर में घुस कर मौके पर गाली गलौल देते मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान आठ लोग घायल हो गए। जिसमें गंभीर रूप से घायल पिता रामअचल की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओपी सिंह ने बताया कि रामअचल व राजकुमार गुप्ता के बीच भूमि को लेकर कई वर्षो से विवाद चला आ रहा है। जिसके कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में मंगलवार को सुबह विवाद और मारपीट हुई। जिसमें रामअचल पक्ष के आठ लोग घायल हो गए। मौके पर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार पहुंचाया। जहां से रामअचल और उसकी पत्नी को मंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान रामअचल की मौत हो गई। घटना के संबंध में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चुनार, अदलहाट, जमालपुर व राजगढ़ के थानाध्यक्षों व स्वाट टीम को लगाया गया है। मृतक का पोस्टमार्टम मीरजापुर में कराया गया।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से व्याख्यान का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में हिंद महासागर की भू-राजनीति (समस्याएं एवं संभावनाएं) विषय को लेकर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर व्याख्याता डिग्री कॉलेज, फतेपूर,जामताड़ा के प्रो. दीनानाथ ठाकुर शरीक हुए और विस्तार से हिंद महासागर की भू-राजनीति (समस्याएं एवं संभावनाएं) को लेकर अपनी बातें रखीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। भारत की बात की जाए तो देश का 80 फीसदी बाहरी व्यापार और 90 फीसदी ऊर्जा व्यापार हिंद महासागर के जरिए ही होता है। उन्होंने कहा कि भारत, हिंद महासागर के तट पर रणनीतिक रूप से स्थित एक राष्ट्र के रूप में भू-राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में संगठित अपराध, समुद्री डकैती, आतंकवाद, तस्करी, अवैध मछली पकड़ने और मानव तस्करी जैसे गैर पारंपरिक खतरों से निपटने के लिए इस क्षेत्र पर भारत का नियंत्रण भी आवश्यक है। श्री ठाकुर ने इजरायल, ईरान, गाजा के युद्धों का हिंद महासागर पर पड़ते प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। इससे पूर्व भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ सीता राम शर्मा ने व्याख्याता प्रो. दीनानाथ ठाकुर को बूके भेंटकर कार्यक्रम में स्वागत किया। साथ ही अपने स्वागत भाषण के दौरान विद्यार्थियों को हिंद महासागर के महत्व से अवगत कराया। मंच संचालन भूगोल विभाग विभाग की प्राध्यापिका डॉ पूनम चन्द्रा व धन्यवाद ज्ञापन पंकज प्रज्ञा ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़-** पाकुड़ उपायुक्त ने स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मतदाता शपथ ग्रहण कराया। अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने मतदाता जागरूकता हेतु संबोधित करते हुए बताया कि बच्चे अपने माता पिता एवं पड़ोसियों को मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित एवं जागरूक करें ताकि सही नेतृत्व करने वाले का चुनाव हो। उन्होंने कक्षा नवम से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को मतदान के विषय में अनेक जानकारियों को साझा किए। उन्होंने बच्चों से कहा कि अभी आपकी उम्र अठारह वर्ष नहीं हुई है फिर भी आपका बड़ा दायित्व है, अपने माता- पिता और परिवार के बड़े लोगों को मतदान के लिए मतदान केन्द्र तक जाने के लिए कहिए। यह भारत का सबसे बड़ा उत्सव है। बच्चों को उत्साहित करते हुए शत् प्रतिशत मतदान करने एवं उनका महत्त्व बतलाया। इस कार्यक्रम में ज़िला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती, एसएमपीओ पवन कुमार, डीपीएम आनंद कुमार, एवं विद्यालय के कक्षा नवम से बारहवीं तक के छात्रों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सदर विधानसभा सीट के उम्मीदवार उदय मेहता 23 अक्टूबर को करेंगे नामांकन

**●छड़वा मैदान से समाहरणालय तक निकली जाएगी विशाल बाइक रैली**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** झारखंड की राजनीतिक सरगर्मियों के बीच 23 अक्टूबर 2024 को हजारीबाग के सदर विधानसभा सीट से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव सह सदर विधानसभा सीट के विधायक उम्मीदवार उदय मेहता अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के अवसर पर मेहता के समर्थकों के द्वारा एक विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी, जो हजारीबाग के छड़वा मैदान से शुरू होकर समाहरणालय तक जाएंगी। वहीं इस नामांकन रैली को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह है रैली की शुरुआत सुबह 9 बजे होगी, जहां मेहता अपने समर्थकों के साथ नामांकन प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। जबकि मेहता ने बताया कि यह रैली सिर्फ उनके नामांकन के लिए नहीं, बल्कि जनता के प्रति उनके समर्पण और क्षेत्र के विकास के संकल्प का प्रतीक होगी। अगर जनता ने उन्हें चुना, तो वे क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने और विकास की नई धारा लाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। उनका कहना है कि जनता के समर्थन से वे हजारीबाग में बदलाव की एक नई लहर लाने के लिए तैयार हैं।

# अब चांदी ही चांदी, मगर किसकी ?



आज कोई पोलटिकल या कम्युनल बात नहीं होगी क्योंकि आज का मुद्दा तेजी से उछल रही चांदी है चांदी को रजत भी कहा जाता है। रजतपट का नाम तो आपने सुना ही होगा । चांदी इतनी तेजी से उछल रही है कि देखने वाले भौंचक हैं।इतना तेज तो हमारे एथलीट भी नहीं उछल पाते चांदी न खाने के काम आती है न आईस्क्रीम बनाने के काम लेकिन चांदी के भाव आसमान छूकर आसमान से भी ऊपर किसी तीसरे -चौथे ग्रह से आगे निकल गए हैं।

चांदी आम आदमी की धातु है । आम आदमी से मतलब गरीब-गुरवों की धातु । आदिवासियों की धातु। दवाओं और मिठाइयों को सजाने के लिए वर्क बनाने के काम आने वाली धातु । लेकिन अब इस चांदी को भी बाजार की नजर लग गयी है। चांदी हो या सोना या पीतल हमारे यहां धनतेरस पर खरीदा जाता है। परम्परा है। ज्योतिषी ऐसे योग बता देते हैं कि हैसियत हो या न हो बिना खरीदारी के मन नहीं मानता। अब धनतेरस और दीपावली से पहले जहां सोने की चमक बढ़ती जा रही है, तो वहीं दूसरी कीमती धातु चांदी भी लगातार उछल रही है । सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को चांदी ने नया मुकाम छू लिया, जी हां, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी 'मैक्स 'पर एक किलो चांदी का भाव 1,00,000 रुपये के स्तर को छू गया।

चांदी के बढ़ते दाम ही देश की तरक्की का सबसे बड़ा प्रमाण हैं तो हमारा देश बिला शक तरक्की कर रहा है। इतनी तरक्की देश ने पहले कभी नहीं की। अब नहीं की तो नहीं की । हमें हकीकत को तस्लीम करना ही चाहिए। हम कोई विपक्ष तो हैं नहीं जो इस तरक्की को ख़ारिज कर दें ! हमें हकीकत का समाना करना आता है । हमें पता है कि हमारी हैसियत अपने परिवार की महिलाओं के लिए सोने के आभूषण खरीदने की भी नहीं है लेकिन अब हम शायद चांदी के आभूषण भी खरीदने लायक नहीं रहे। ये बात और है कि आजकल मोटे-ताजे अखबारों में चांदी के आभूषणों का कोई विज्ञापन नहीं छपता । केवल स्वर्ण और हीरे के आभूषणों के विज्ञापन आते हैं।

छात्र जीवन में हमने एक बार चांदी पर निबंध लिखा था । उस निबंध की कुछ पंक्तियाँ हमें आज भी याद हैं। जैसे कि - चांदी सफ़ेद चमकदार धातु है।चांदी ऊष्मा व विद्युत की सबसे अच्छी सुचालक है।चांदी का परमाणु भार 107.88, विशिष्ट घनत्व 10.55 से 9.87 तक, विशिष्ट ऊष्मा लगभग 0.56 तथा रेखीय प्रसारगुणक 1ए से 100ए सें. के बीच 0.0000194 है। दुनिया का तो पता नहीं किन्तु हमारे देश में चांदी का उपयोग सिक्के व आभूषण बर्तन बनाने के अलावा , फोटोग्राफी में काम आने वाले सिल्वर ब्रोमाइड बनाने में किया जाता है।चांदी के द्वारा अमलगम बना कर इससे दर्पण बनाये जाते हैं व दाँतों में भरने के काम आता है।चांदी से बनी मिश्रधातुयें अत्यधिक उपयोगी होती हैं। आयुर्वेद वाले स्वर्ण भस्म की तरह चांदी की रजत भस्म बनाकर रोगियों कि तमाम रोग भस्म करने का दावा करते है। लेकिन अब चांदी इतनी महंगी हो गयी है की आप न इसे दांत में भर सकते हैं और न शहद लगाकर चाट सकते हैं । मिठाइयों पार इसके वर्क लगाने का तो ख्वाब भी मत देखिये। चांदी के अक्षरों से कोई इतिहास भी तो नहीं लिखा जाता।

एक लाख प्रति किलो तक आ पहुंची चांदी हमारे जीवन में ही नहीं बल्कि हमारे साहित्य और कहावतों में भी ससम्मान मौजूद है । हम अक्सर कहते हैं कि - फलां साहब की तो चांदी ही चांदी है। या फलां साहब तो मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए है। ये साहब या फिर फलां साहब तो आजकल चांदी काट रहे है। कभी किसी ने नहीं कहा की फलां साहब का तो सोना ही सोना है या फलां साहब आजकल सोना काट रहे हैं। ये चांदी का वैभव है कि वो लोक जीवन में सोने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। समाज में चांदी की 'सिल्ली 'रखी जाती है लेकिन सोना बिस्किट से ज्यादा बड़ा नहीं हो पाया। भले ही किलो कि दाम सोने कि चांदी से ज्यादा हों,लेकिन किलो कि हिसाब से लोग सोना नहीं चांदी खरीदते है। चांदी आखिर सुरक्षित निवेश का भी तो माध्यम है।

भारत हालांकि कृषि प्रधान देश है लेकिन यहां चांदी की खपत बहुत ज्यादा है। भारत अपनी जरूरत की चांदी पैदा नहीं कर पाता तो उसे विदेशों से चांदी मंगाना पड़ती है। आखिर जनता का ख्याल तो रखना ही पड़ता है ! भारत में इसका बहुत कम उत्पादन होता है। भारत अक्सर बेल्जियम, ब्रिटेन, इटली, पश्चिमी जर्मनी आदि देशों से चांदी का आयात करता हैं। भारत में चांदी - राजस्थान में जावर माइन्स, कर्नाटक में चित्रदुर्ग तथा बेलारी ज़िले, आन्ध्र प्रदेश में कडपा, गुंटूर तथा कुरनूल ज़िले, झारखण्ड में संथाल परगना तथा उत्तराखण्ड में अल्मोड़ा में मिल जाती है। पहले इसका उत्खनन तमिलनाडु के अन्नतपुर में भी किया जाता था जो अब समाप्त हो गया है। पुराने आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 1999-2000 के दौरान देश में कुल 53641 किग्रा. चांदी का उत्पादन हुआ था।

चांदी भी छुई-मुई है। विशेषज्ञ बताते हैं कि चांदी में ये उछाल मध्य पूर्व में बढ़ते जियो-पॉलिटिकल तनाव और आगामी अमेरिकी चुनावों से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण देखने को मिल रहा है. केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टरअजय केडिया का अनुमान है कि मार्च 2025 तक चांदी का भाव 1.3 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुँच सकता है। यानि चांदी को महंगा करने में हमारे देश की गठबंधन या बैशाखनंदन सरकार का कोई हाथ नहीं है। कोई भूमिका नहीं है,इसलिए उसे इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। वैसे भी हमारी सरकार कोई जिम्मेदारी अपने ऊपर कभी लेती नहीं। उसे राम पर भरोसा है और जनता को भी।

हमारी सरकार देश की जनता के, लिए कोई दूसरी जरूरी चीज का आयात करे या न करे लेकिन चांदी का आयात जरूर करती है । सरकारी आंकड़े बताते हैं कि भारत ने जनवरी से अप्रैल के दौरान रिकॉर्ड 4,172 मीट्रिक टन चांदी का आयात किया, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि आयात से 455 टन से अधिक है। ये हमारी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि जरूर है। पिछले बजट में ही हमारी सरकार ने इसीलिए चांदी कि आयात पर शुल्क बढ़ा दिया । यानी आम कि आम और गुठलियों कि दाम जैसी है चांदी। हम सनातनी हिन्दू मुसलमानों की दुकानों से खाने-पीने की चीजें खरीदें या न खरीदें लेकिन चांदी जरूर खरीद लेते है। आप ये जानकर हैरान होंगे कि भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता ) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में 210 प्रतिशत बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो चुका है। जबकि ये इस्लामिक देश है।

चांदी सोने कि मुकाबले में झाँकने में भी आगे है और उछलने में भी। सोने कि कंगन ही खनकते हैं। वे उछल नहीं सकते,लेकिनचांदी जेवर ही नहीं बल्कि खुद चांदी सोने कि मुकाबले 10 फीसदी ज्यादा उछल सकती है । उछल रही है । सोना 20 फीसदी उछला तो चांदी 30 फीसदी उछल गयी।

आप यदि न चौंके तो आपको बता दू कि भारत में भले ही 85 करोड़ लोग सरकार कि पांच किलो अनाज पर आने वाले 2028 तक निर्भर रहेंगे लेकिन चांदी को लेकर भारत की दरियादिली कम होने का नाम नहीं लेती । आप मेरी मानें या न मानें किन्तु जीटीआरआई की रिपोर्ट को तो सच मान लीजिये। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत असीमित मात्रा में चांदी के आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है. सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया। अब ये आपके ऊपर है की आप आने वाले दिनों में अपनी बचत बैंकों में जमा करें या उसे चांदी में निवेशित करें। आप चांदी के जूते भी बनवा कर रख सकते है। वक्त जरूरत काम आ सकते है। भूलिए मत कि-चंदू के चाचा ने, चंदू की चाची को, चांदनी रात में, चांदी के चम्मच से चटनी चटाई थी।

**राकेश अचल**

# महाराष्ट्र में सपा न बिगाड़ दे इंडिया गठबंधन का खेल




महाराष्ट्र में 2024 विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर 2024 को होगा, और परिणाम 23 नवंबर 2024 को घोषित किए जाएंगे लेकिन समाजवादी पार्टी ने वहां अपने पांच उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही कर दी है। जब कि सपा उस इंडिया गठबंधन की सदस्य है जिसमें शिव सेना उद्धव ठाकरे, एनसीपी शरद पवार और कांग्रेस भी शामिल हैं। अखिलेश यादव का यह दांव विपक्ष में किसी की समझ में नहीं आ रहा है। जबकि अखिलेश यादव के इस कदम से भारतीय जनता पार्टी और उसके घटक दल खुश हैं। महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने महाराष्ट्र में एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया जिसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। इसी दौरान उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपने पांच उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी जिससे इंडिया गठबंधन के अन्य दल सकते में आ गए। महाराष्ट्र की राजनीति की दिशा किस ओर जा रही है वह इस बार के विधानसभा चुनाव में खुलकर आ जायेगा। क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2019 के परिणामों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने 105 सीटें, शिवसेना ने 56 सीटें, कांग्रेस ने 44 सीटें, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने 54 सीटें तथा अन्य ने 29 सीटें जीतीं थीं। कुल 288 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत के लिए 145 सीटों की जरूरत होती है। भाजपा और शिवसेना ने मिलकर चुनाव लड़ा था और बहुमत हासिल कर लिया था, लेकिन बाद में दोनों दलों के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर मतभेद हो गए। इसके बाद शिवसेना ने भाजपा से गठबंधन तोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई, और मुख्यमंत्री शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे बने।

लेकिन बीच में ही पहले शिव सेना टूटी और बाद में एनसीपी के भी दो खंड हो गये। शिव सेना के शिंदे गुट ने भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार का गठन किया और एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए। अक्टूबर 2024 तक सरकार का नेतृत्व शिवसेना शिंदे गुट कर रही है, और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं। इस सरकार भारतीय जनता पार्टी के पास लगभग 106 विधायक हैं। जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) के पास 40 से अधिक विधायक हैं। तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के पास भी समर्थन में 40 से अधिक विधायक हैं। अन्य दलों और निर्दलीय विधायक भी सरकार को समर्थन दे रहे हैं। इस बीच के समय में शिव सेना और एनसीपी के असली और नक़ली का खेल चलता रहा, यहां तक कि शिव सेना शिंदे गुट ने शिव सेना का चुनाव चिन्ह भी अपने कब्जे में कर लिया। जब कि शरद पवार अपने नेतृत्व वाली एनसीपी का चुनाव चिन्ह घड़ी को बरकरार रखने में कामयाब रहे।

अभी हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया और 48 लोकसभा सीट में से 13 सीटों पर उसके उम्मीदवार विजई हुए जब कि भारतीय जनता पार्टी केवल 9 सीटें ही जीत सकी। शिव सेना उद्धव ठाकरे ने भी 9 सीटों पर विजय प्राप्त की जबकि शिंदे गुट ने 7 सीटें जीतकर लगभग शिव सेना उद्धव गुट की कमर तोड़ दी। जब कि शरद पवार जो कि महाराष्ट्र में सबसे सशक्त नेता माने जाते हैं उन्होंने अपना वर्चस्व कायम रखा और उनकी पार्टी एनसीपी ने 8 सीटों पर विजय हासिल की जब कि उन्होंने अपने भतीजे अजीत पवार को बहुत पीछे छोड़ दिया जो केवल एक सीट ही जीत सके। एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी विजई रहा था। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी हमेशा से शिवसेना के समर्थन से सरकार बनाती आई है लेकिन अब उद्धव के अलग होने के कारण उन्हें दूसरे साथी की आवश्यकता थी जो कि उन्हें शिंदे गुट और अजीत पवार गुट से मिला। लेकिन इस बार का विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए इतना आसान नहीं रहने वाला है। क्यों कि यदि लोकसभा चुनाव पर नजर डालें तो कांग्रेस, एनसीपी और शिव सेना उद्धव ठाकरे मजबूत होकर उभरी है जबकि भारतीय जनता पार्टी 2019 के मुकाबले कमजोर हुई है।

यदि हम समाजवादी पार्टी की बात करें तो उसके पास महाराष्ट्र में बहुत कुछ नहीं है लेकिन फिर भी विधानसभा चुनाव में उसने 12 उम्मीदवारों की मांग रख दी है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए समाजवादी पार्टी ने अब तक पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है।अबू आसिम आजमी - शिवाजी नगर-मनखुर्द सीट से, रईस शेख - भिवंडी ईस्ट से रियाज आजमी - भिवंडी वेस्ट से, शान-ए-हिंद - मालेगांव सेंट्रल से तथा इरशाद जहागीरदार - धुले सिटी से चुनाव लड़ाने की घोषणा कर दी है। सपा ने पांचों सीटों से मुस्लिम उम्मीदवार की घोषणा कर के इंडिया गठबंधन के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। और यह कहने की कोशिश की है कि यदि उनको 12 सीटें नहीं दी गईं तो ये मुस्लिम उम्मीदवार इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ सकते हैं। अखिलेश यादव और अबू आजमी की गठबंधन पर दबाव डालने की सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। मुंबई की कुछ सीटों पर मुस्लिम मतों पर अबू आजमी का अच्छा खासा असर है। और इसीलिए अबू आजमी ने यह जनसभा आयोजित कराई थी कि यदि विधानसभा चुनाव में उनको 8-10 सीटें मिल जातीं हैं और यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो उन्हें मंत्रीमंडल में जगह मिल सकती है।

**- जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संपादकीय

## एक सच्चा देशभक्त देश से जुड़ा रहता है और पक्ष को वो सिर्फ मत देता है ?

» आजादी देश को चलाने के लिए मिली थी पक्ष को नहीं

» आजकल हर पक्ष अपने अपने तरीके से सदस्यता अभियान करते हे।

» बहुमत मिलने के बाद भी यह अभियान किसलिए?! और कोई काम नही है

» जिसको प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से फायदा हे उसके लिए पक्ष ही भगवान है और वही धर्म है?!

» लेकिन जो देश का सोचते है वो कभी कोई 1 पक्ष में नही होते हैं।

» जो पक्ष का हे वो देश का नही और जो देश का हे उसे पक्ष की जरूरत ही नही। वो सत्य के साथ रहता हे।

» पक्ष में से खर्च किए पैसे ज्यादातर देश की तिजोरी के है जो परोक्ष रूप से दान होगया।

» आप सोचो आप देश के नागरिक हो या कोई पक्ष के...।




आजकल सब पक्ष अपना अपना सदस्यता अभियान ला रही हे। और यह एक नई सोच अब लोगो और पक्ष के बड़े बड़े नेताओं पर भी हावी हो गई हे। क्योंकि बकायदा इसमें टारगेट और शक्ति प्रदर्शन जैसी चीजें ही हो रही है। जिसको कोई पक्ष से कुछ लेना देना नहीं उसे भी उसमें जोड़ा जा रहा हे। और पिछले कुछ सालों से यह एक बड़ा अभियान जैसा चल रहा हे जिसमें करोड़ों रुपए पक्ष खर्च कर रहा हे। उससे भी बड़ी बात तो यह हे कि जिसको अपने राज्य में 2,3,4 बार संपूर्ण बहुमत होने के बावजूद भी यह अभियान चला रहे हे। अब सोचने वाली बात यह हे की यह अपने पक्ष को और वोट को मजबूत करने के लिए हर बार लोगो को गुमराह करके यह अभियान महीनों तक चलाते रहते हे। तो क्या इतने नेता और उसके आसपास रहने वाले लोग इतने फ्री बैठे हे। इसको चुनावी प्रकिया में चुन के इसलिए लाए थे कि वो चुने जाने के बाद भी पक्ष के ही काम में लगे रहे। अपने आसपास का, गांव शहर या तहसील का कोई काम ही नहीं है। कोई प्रश्न ही नहीं जो राज्य या लोक सभा में रख सके।! यह सब एमएलए और एम पी तो चुनाव के बाद पगार लेते हे। तो वह देश को छोड़कर उस टाइम पे पक्ष का काम कैसे कर सकते है।।और जब प्रजा या कोई और आईना दिखाए और गाली दे तो बोल देते हे की यह देश का नेता हे सब का नेता हे। लेकिन उसके लक्षण में यह कहा दिखाई देता हे। ज्यादातर नेता लोग अपनी मुलाकात भी अपने पक्ष या जान पहचान के लोग से ही करते हे।क्योंकि उसकी वाह वाही होती रहे।

लेकिन उससे भी बड़ी सोचने वाली बात हे। वह किटली की जो यह चाय के साथ जुड़ी हे। यानी की इस पक्ष के अनुयायीयो जो अपने फायदे के लिए पक्ष में जुड़े है।और अपना सारा काम छोड़ बस पूरे दिन इसमें लगे रहते हे। बकायदा कही जगह पक्ष ऐसी "किटली "को कुछ न कुछ पद या पैसे देती हे। कोई जगह उसे बड़ा बना देती हे। और हमारे गुजरात में कहावत भी हे कि चाय से ज्यादा किटली गर्म रहती हे। बस वही घाट हे। लेकिन ऐसे लोगों को यह नहीं पता के आप देश के नागरिक को पक्ष में जोड़ने का काम कर रहे हो। लेकिन अगर आप सच्चे देश भक्त हो तो आपको और आपके आसपास के लोगों को देश से जुड़ा रहना चाहिए न की चुनाव होने के बाद भी कोई पक्ष से।! अब इसी बात को आप गहराई से समझे तो कोई भी नागरिक अपना मत अधिकार का उपयोग कर ले उसके बाद उसको सिर्फ और सिर्फ देश के लिए ही सोचना चाहिए। अगर अपने गली मोहल्ले गांव शहर में कुछ भी गलत हो रहा है तो देश के सच्चे नागरिक में उसका ऑब्जेक्शन लेने की ताकत होनी चाहिए और इसीलिए हमें आजादी मिली थी। यह आजादी कोई पक्ष या कोई व्यक्ति विशेष के तलवे चाटने के लिए नहीं मिली है यह आजादी देश का हर एक नागरिक देश के लिए अपनी बात रख सके और सब मिलकर देश का ही सोच सके देश को आगे बढ़ाने के लिए अपना योगदान दे सके जहां गलत हो रहा है वहां वह सच्चाई की आवाज उठा सके उसी को तो लोकतंत्र कहते हैं और उसी के लिए हमने आजादी ली है। लेकिन अब ऐसा सिनेरियो हो गया है कि कोई एक पक्ष अपने ज्यादा से ज्यादा सदस्य दिखाकर थोड़े बहुत बच्चे कुछ सच्चे और देशभक्त नागरिकों को भी दबाने की कोशिश कर रहे हैं। वह खुलेआम पागल हाथी की तरह देश को बेच रहे हैं और इन सब सदस्य का का साथ रह रहे हैं। ज्यादातर नेता को भी चुनाव होने के बाद और अपने चुने जाने के बाद अगर वह सच्चे देशभक्त है तो देश के पक्ष में ही रहना चाहिए ना की कोई पक्ष के पक्ष में।

आपको यह भी बता दूं की कोई भी पक्ष अगर कोई भी अभियान के लिए या चुनाव के लिए जो उसको मिले पैसे को खर्च कर रहा है यानी कि पक्ष की तिजोरी में जो पैसे हैं उसको खर्च कर रहा है तो यह जान लीजिए कि यह पैसे ज्यादातर प्रत्यक्ष रूप से जो देश की तिजोरी में जमा होने थे वह पक्ष की तिजोरी में जमा हो रहे हैं या जमा हुए हैं क्योंकि सारे पक्षों को दिया हुआ दान टेक्स्ट में से बाद मिल रहा है अगर वह टैक्स भरते तो वह चीज या वह पैसा देश की तिजोरी में जमा होता लेकिन अब वह पक्ष की तिजोरी में गया है और वह उसको खर्च कर रहे हैं तो सभी अभियान में या चुनाव में ज्यादातर पैसे प्रत्येक रूप से जो देश की तिजोरी में जाने चाहिए वह पक्ष की तिजोरी में गए। यह तो सिर्फ वाइट मनी की ही बात हो रही है। और ब्लैक तो सबको पता हे। अब आखिर में यही कहना हे की चुनावी प्रकिया के बाद भी जो पक्ष में जुड़ा हे। वो कभी देश का नहीं हो सकता। क्योंकि जो पक्ष का हे वो देश का नहीं और जो देश का हे उसे कोई पक्ष की जरूरत ही नहीं। आप किसी भी पक्ष को मानो बस वह चुनाव तक ही सीमित रखे बाकी देश से जुड़े रहो। क्योंकि मेरा ऐसा मानना हे की। एक सच्चा देशभक्त देश से जुड़ा रहता हे और पक्ष को वो सिर्फ मत देता हे क्योंकि हमे ऐसा भारत चाहिए की

मेरा भारत कैसा हो ! मेरा भारत कैसा हो।

जहा दूध की धारा बहती हो , हर घर खुशहाली रहती हो,

जहा उच्च नीच न कोई जात हो , और सब की समान बात हो,

जहा अहिंसा का नारा हो , और हिंसा से किनारा हो,

जहा सबके सपने पूरे हो, और न एक भी ख्वाब अधूरे हो,

जहा नेता को जिम्मेवारी का भान हो, और जनता को देश का ध्यान हो,

जहा देश पर न कोई कर्ज हो, और संशोधन में सारे पैसे अर्ज हो,

जहा युवा पीढ़ी बसती हो, और समान वेतन पाकर हसती हो,

सब को देश हित ही याद हो, न कोई और फरियाद हो,

बस इतने सपने सारथ हो और ऐसा अपना भारत हो, ऐसा अपना भारत हो।

**- लेखक प्रतिक संघवी**
**राजकोट**

# साहित्य और सनातन संस्कृति की वर्तमान में सार्वभौमिक स्वीकार्यता

(साहित्य जीवन की आलोचना)

मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को "जीवन की आलोचना" भी कहा है। साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है।साहित्य सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना हैद्य शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस में संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती हैद्य राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है जिसकी रचनाएं सभी जगह एक और समान हैद्य यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अर्वाचीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्य सदैव सामाजिक प्रक्रिया के आर्थिक राजनीतिक और समकालीन विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा है। उनको प्रभावित भी करता है। इस तरह साहित्य संस्कृति के परिपेक्ष में देश कालिक होता है। शाहिद आदर्शवादी हो या आशावादी इस संदर्भ में अलग-अलग विद्वानों के अलग-अलग मत हैं। इस जीवन की आपाधापी में जहां निराशा कुंठा और समाजिक अंधविश्वास का भ्रम फैला है। वहां आशावादी दृष्टिकोण साहित्य के दायित्व को और गहरा बनाता है। इन दोनों बातों के समाधान के लिए जयशंकर प्रसाद की चंद पंक्तियां बहुत ही प्रासंगिक होगी कि "जीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवाद। साहित्य की पूर्णता के लिए यथार्थवाद और आशावाद दोनों का समन्वित रूप होना चाहिए", वास्तव में संस्कृति साहित्य के लिए एक प्रेरणा है ।और संस्कृति साहित्य पर समय और काल पर अवलंबित होती है। साहित्य और संस्कृति दूसरे एक दूसरे के निश्चित तौर पर पूरक हैं। वर्तमान संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक भी। आशा करते हैं कि हिंदी साहित्य वैश्विक फलक पर बहुत ही शीघ्र अपना परचम स्थापित करेगा।

## संजीव-नी

दुनिया आजमाती रही मुझे संजीव।

अपने अंदाज ही बड़े निराले हैं
प्यार के जख्म दिल में पाले हैं।

मौज करते हैं मांग मांग कर
जो मजबूत हाथ पैर वाले हैं।

जिंदगी में जो रंगीन दिखते हैं
दिल के कुछ गोरे कुछ काले हैं।

मौत तो आसान हो गई है अब
पर जिंदगानी के पड़े लाले हैं।

बादलों का अता पता भी नहीं
सुखी नदिया और शुष्क नाले हैं।

रिश्तो की कमी नहीं रही कभी
पर सब मुझे आजमाने वाले हैं।

देखो चेहरा उनका खिल गया है
प्यार के रंग हमने इतने डाले हैं।

दुनिया आजमाती रही मुझे संजीव
जाने कितने इम्तिहान लेने वाले हैं।

**संजीव ठाकुर**

## संक्षिप्त ख़बरें

### उपवास रख महिलाओं ने की शौहर के दीर्घायु की कामना



-करवा चौथ पर्व

**कुशीनगर।** जनपद में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को हिंदू धर्म पर्व करवा चौथ पर महिलाएं व्रत रखकर नववस्त्र में सजधज कर रात्रि में चंद्रमा को दर्पण से देखकर अपने पति की लंबी आयु की कामना करती की। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। यह पर्व हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। करवा चौथ का महत्व पति-पत्नी के बीच प्रेम और स्नेह को मजबूत बनाता है, पत्नी पति की लंबी आयु और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करती है, पति सुहाग की रक्षा के लिए कामना करते हैं परिवार की सुख-समृद्धि और एकता की मिशाल पेश करती है। इसी क्रम में पडरौना नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल की धर्मपत्नी प्रियंका जायसवाल, रिंकू जायसवाल पत्नी मनीष जायसवाल, सरोज जायसवाल पत्नी संजय जायसवाल ने अपने पति की लंबी आयु की कामना की।

### अध्यक्ष प्रतिनिधि व ईओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**रुद्रपुर देवरिया।** छठ त्यौहार को लेकर सेमरौना रिवर फ्रंट छठ घाट का अध्यक्ष प्रतिनिधि छठे लाल निगम, अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव ने सभासदों के साथ निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को उपनगर से सटे सेमरौना स्थित रिवर फ्रंट छठ घाट का अध्यक्ष प्रतिनिधि छठे लाल निगम ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ घाट पर व्रती महिलाओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट की साफ सफाई, लाइट,पुलिस टावर,नदी में नाव पर गोताखोर, वाल पेंटिंग का कार्य, टूटे हुए सीढ़ियों तथा चबूतरो का रिपेयरिंग, सेल्फी प्वाइंट, पानी का फुहारा सहित अन्य कार्यो को दुरुस्त करने का दिशा निर्देश दिया। विदित हो कि छठ के मौके पर यहां भारी भीड़ उमड़ती है जिसके लिए एसडीएम,सीओ व कोतवाल को भी प्रशासनिक व्यवस्था करनी पड़ती है। उक्त मौके पर नितेश कुमार गौरव, सभासद अजय जायसवाल, सुशील निगम, अनिल पांडे, सज्जाद अली, रामप्रवेश भारती, विजय यादव, अयूब खान जितेंद्र गुप्ता, मनीष तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### सहजनवां थाने पर हुआ व्यापारियों के साथ बैठक



**सहजनवा/गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के सभी व्यापारियों के साथ थाने पर किया गया बैठक दीपावली व धनतेरस के मद्देनजर व्यापारियों के सुरक्षा को देखते हुए किया गया बैठक सहजनवां थाना क्षेत्र के सभी व्यापारी बैठक में मौजूद रहे वही सहजनवां थाना प्रभारी विशाल उपाध्याय ने सभी व्यापारी बन्धुओं को सीसी टीवी कैमरे को सही जगह लगवाने के लिए अपील किया और लोगो से कहा कि दुकानदारी करते समय चौकन्ना रहने के लिए कहा और खराब पड़े कैमरों को सही कराने के लिए कहा बैठक में सभी व्यापारी मौजूद रहे वही व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सहजनवां पुलिस रहेगी हमेसा ततपर व्यापारियों ने पुलिस पर किया भरोसा वही बैठक में दरोगा जितेंद्र यादव, पंकज सिंह, विकास मिश्रा घनश्याम उपाध्याय, राकेश सिंह, विशाल कुमार व व्यापार मण्डल अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, गुड्डु अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, राजू कनोडिया, समेत सभी व्यापारी व थाने के सभी स्टाप रहे मौजूद।




## बरसात खत्म-दियारा में सफेद रेत का फिल्म चालू

**●- जिला खनन अधिकारी ने पकड़ा बालू लदी दो अवैध ट्रैक्टर ट्राली**

**- बालू घाटी की सरदार के आगे नतमस्तक है सफेदपोश जिम्मेदार**



स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** जिले के थाना जटहां बाजार क्षेत्र के कटाई भरपुरवा बांध निकट मंगलवार की सुबह 7 बजे खनन अधिकारी ने चोरी से खनन की गई अवैध बालू लदी दो ट्राली ट्राली थाने में करवाया जब्त, होगी जुर्माने की कार्यवाही, उन्होंने बताया कि एक गिरोह बंद 9 बालू तस्करों पर मुकदमा पहले से चल रहा है, इस लिए सीजर की कार्यवाही हेतु थाने को सौंप दिया गया है। जिला खनन अधिकारी ने आज मंगलवार की सुबह 7 बजे कटाई भरपुरवा गंडक रेता में चोरी से बालू खनन कर यूपी 57 ए एन 4995 स्वराज, एन जे डब्लू एच 00734 महिंद्रा ट्रैक्टर थाना नेबुआ नौरंगिया मुख्य सड़क से लेकर जा रहे थे, संयोगवश क्षेत्र भ्रमण पर निकले खनन अधिकारी अभिषेक सिंह को पड़रही चौराहे पर अचानक देख ट्रैक्टर चालक देख लिए और वाहन छोड़कर फरार हो गए। मौके से ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेजाकर जटहां पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। खनन अधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा बालू लदी ट्रैक्टर पर अज्ञात बालू खनन माफियाओं पर सीजर मतलब जुर्माना भरने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व बालू खनन प्रकरण में नौ बालू खनन तस्करों के विरुद्ध मुकदमा प्रचलित है। उल्लेखनीय है कि जनपद के खड्डा तहसील क्षेत्र के कटाई भरपुरवा बांध बॉर्डर सीमावर्ती रेता क्षेत्र से प्रत्येक वर्ष करोड़ो रुपया का बालू खनन माफिया सरकार का चुना लगाकर अपनी जेब गरम करते है। यहां आलम यह है कि दर्जनों बैलगाड़ी वाले सुबह से शाम तक रेता क्षेत्र से अवैध खनन करके बैलगाड़ी से सप्लाई करते है और प्रत्येक बैलगाड़ी की एक हजार रुपए कीमत पर बेच रहे है। वही दर्जनों ट्रैक्टर रात के अंधेरे में चोरी छिपे खनन कर अंतर्जनपदीय तस्करी करते हैं जो एक ट्राली बालू 7 से 8 हजार रुपए में बेचते हैं। अवैध रूप से काला कारोबार में जुटे सरदारों के आगे बहुते नतमस्क है।

## दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

**● - मुख्य अतिथि ने फीता काटकर व मिशाल जलाकर किया खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ**



स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय विषखोप के प्रांगण मे मंगलवार को दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे आए नौतनवां ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया का खेल के आयोजक खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमन्त कुमार मिश्र व शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर व मशाल को हरी झण्डी दिखाकर खेल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन कमलानन शुक्ल ने किया। दो दिवसीय बेसिक बाल क्रीड़ा स्पर्धा कार्यक्रम मे नौतनवां ब्लाक के समस्त संकुल स्तरीय खेल के विजेता टीम व खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। इस खेल प्रतियोगिता मे परिषदीय विद्यालय प्राथमिक व जूनियर स्तर के बालक बालिकाओं ने 50, 100, 200 मीटर दौड, कबड्डी, खो-खो सहित विभिन्न खेलों मे शानदार प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता मे अलग-अलग खेल के लिए कोट बनाए गए थे और अलग-अलग खेल के लिए रेफरी नामित किए गए थे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त बीएसए शिवप्रसाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बच्चूसिंह, एआरपी विनय सिंह, संयुक्ता सिंह, मिथिलेश पाण्डेय, संदीप वर्मा, अभिषेक पाण्डेय, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष राघवेन्द्र नाथ पाण्डेय, मंत्री मनौवर अली, कोषाध्यक्ष चन्द्रभान प्रसाद, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अतुल पटेल, शिक्षामित्र संघ के ब्लाक अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, मंत्री गोविंद प्रसाद साहनी, आरएसएम संघ के जिला उपाध्यक्ष विनय सिंह, रेफरी बलवन्त सिंह सहित तमाम शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक मौजूद रहे।

## बंदरों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**सहजनवा/गोरखपुर।** सहजनवां ब्लाक के ग्राम पंचायत कटसहरा में इन दिनों बंदरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि लोगों को आते- जाते समय रास्ते में हमेशा बंदरों का डर सता रहा है। बंदर दर्जनों की संख्या में इन दिनों गांव के बगल पहले से तालाब के अगल बगल स्थित पेड़ों पर धमाचौकड़ी मचाते हुए उस रास्ते से आने जाने वाले राहगीरों के उपर आक्रामक हो कर काटने के लिए दौड़ा कर काट लें रहे हैं। अब तक यह बंदर कटसहरा निवासी साफिया, सरस्वती, ज्ञानमती, शाहआलम, सिकन्दर, राबिया, अमन, अजीत शेख सहित कई राहगीरों को दौड़ा कर काट चुके हैं। बंदरों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को महेंद्र कन्नौजिया के नेतृत्व में प्रदर्शन कर संबन्धित वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए, इन आक्रामक हुए बंदरों को पकड़ कर कहीं वन में छोड़ने की मांग करते हुए, बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में महेंद्र कन्नौजिया, कमला प्रसाद, अब्दुल्ला, सोनू, भानुप्रताप सिंह, सुमेर गुप्ता, मुमताज, साकिर, राजकुमार मौर्या सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## दिपावली त्योहार के मद्देनजर स्वर्ण व्यवसाईयों के साथ सीओ गीडा ने की बैठक, दिए टिप्स

स्वतंत्र प्रभात



**सहजनवा/गोरखपुर।** मंगलवार को थाना परिसर हरपुर-बुदहट में सीओ गीडा प्रशाली गंगवार की अध्यक्षता में दिपावली त्योहार को लेकर थाना क्षेत्र में स्थित स्वर्ण व्यवसाईयों की एक आवश्यक बैठक हुई, जिसमें बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशों-निर्देशों से व्यवसाईयों को अवगत कराते हुए महोदया सीओ गीडा ने कहा कि क्षेत्र के सभी स्वर्ण व्यवसाई बन्धुओं आप लोग अपने दुकान और सड़क के अगल बगल सीसी कैमरा अवश्य लगाएं जिससे भविष्य में होने वाले कभी भी किसी प्रकार का बारदात होने पर अपराधियों से निपटा जा सके, यही नहीं आप सभी लोग त्योहार पर चौकसी रखते हुए निर्भीक होकर अपनी दुकानदारी करें, कोई भी घटना यदि घटती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें पुलिस आपके साथ हर सुख दुख में हमेशा तैयार रहेगी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे, तनवीर अहमद, प्रवीण कश्यप, आलोक कुमार सिंह, अच्युदानंद राय, सुधाकर यादव, अजय कुमार सहित थाना क्षेत्र के दर्जनों स्वर्ण व्यवसाई मौजूद रहे।

## अज्ञात वाईक सवार को आटो चालक ने मारी टक्कर, वाइक चालक के हाथ पैर तथा सिर में लगे गम्भीर चोट

स्वतंत्र प्रभात




**खजनी-** क्षेत्र महिलावर में बाइक सवार को ऑटो चालक ने रौंद दिया ,घटना को देख प्रत्यक्षदशियो ने पीछा कर ऑटो को पकड़ा , लेकिन कोई कानूनी कार्यवाही न करने के वजह से छोड़ देना पड़ा ,हालाकि बाइक चालक बाहर का था पुलिस के चक्कर मे नही पड़ना चाह रहा था , पैर चोटे अधिक थे फिर भी बाइक लेकर चला गया । बता दें, खजनी थाना क्षेत्र महिलवार के पास खजनी के ओर से आ रहे तेज रफ्तार से आटो चालक ने महिलवार के दीप चन्द कसौधन के दुकान के पास आशा पार के तहफ से आरहे वाईक चालक को ठोकर मारी दी , और चालक कोटिया डांड के तरफ आटो को लेकर भाग निकला, किसी तरह से चालक तथा गाड़ी का फोटो एक व्यक्ति ने पीछा करते हुए पकड़ लिया , पूछने पर अपना घर कटया बता कर छमा का गुहार लगाया ,लोगो ने उसे छोड़ दिया ।

## आरोग्य शिविर में 347 पशुओं का उपचार एवं दवा वितरण

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत ग्राम रूच्चापार वार्ड 14 में एक दिवसीय पं.दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ राधेश्याम शुक्ला, जिला संयोजक भाजपा ने गोपूजन कर शिविर का उद्घाटन किया। किसानों को संबोधित करते हुए शुक्ला ने बताया कि भाजपा सरकार पं.दीनदयाल के अन्त्योदय के सिद्धांत पर हर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने का कार्य कर रही है,इसी क्रम में पशु आरोग्य शिविर के माध्यम से पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। टोल फ्री नंबर 1962 पशु एम्बुलेंस सेवा द्वारा इमरजेंसी पशु चिकित्सा कार्य किया जा रहा है। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने पशु किसान क्रेडिट कार्ड, पशुधन बीमा, मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना, प्रगतिशील पशुपालक योजना एवं नंदिनी कृषक समृद्धि मिनी योजना की जानकारी दिया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ दिग्विजय यादव ने विभिन्न बीमारियों से बचाव एवं उपाय की जानकारी दिया तथा शिविर में आए हुए पशुओं का उपचार किया। शिविर में 347 पशुओं का पंजीकरण कर टीकाकरण एवं दवा वितरण किया गया। शिविर में पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना यादव, कमलेश सिंह किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, गणेश यादव, जितेन्द्र चंद्र मिश्र , सेवानिवृत्त पशुधन प्रसार अधिकारी आनंद कुमार मिश्र समेत विभिन्न पशुपालक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## लार का युवक ड्रीम इलेवन में एक रात में बना लखपति

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** जनपद के लार कस्बे का एक युवक ऑनलाइन गेम खेलकर रातों रात लखपति बन गया। ड्रीम 11 पर गेम खेलने वाले युवक के खाते में एक लाख सात हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। उसने स्थानीय बैंक शाखा में जाकर इसकी पुष्टि की तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नगर क्षेत्र में युवक के लखपति बनने की सूचना मिलते ही उसके घर बधाई देने वालों का तांता लगा। जानकारी के मुताबिक लार नगर पंचायत के इंदिरा नगर वार्ड निवासी राजेश मोदनवाल के बेटा रोशन मोदनवाल करीब तीन महीने से ड्रीम 11 गेम खेल रहा था। उसे इसका चस्का लग चुका था। इसी चक्कर में वह 50 - 100 रुपए करके अभी तक लगभग सात हजार रुपए गंवा चुका था। लेकिन शनिवार को उसने चार खिलाड़ियों की टीम बनाई और सो गया। सुबह उठने के बाद उसने मोबाइल देखा तो पता चला कि उसे प्रथम विजेता घोषित किया गया है। उसने करीब एक लाख पचास हजार रुपए जीत लिए हैं और टैक्स काटकर उसके खाते में एक लाख सात हजार लाख रुपए जमा होने का मैसेज आया है। ऐसे स्थिति में रोशन के खुशी का ठिकाना नही रहा। उसने बैंक जाकर अपने खाते का स्टेटमेंट चेक किया तो बात सच निकली। वो लखपति बन चुका था। रोशन ने जब इसकी सूचना परिवार जनों को दी तो परिजन भी खुशी के बारे झूम उठे।

## समितियों के सहयोगियों को बना दिया सरकारी क्रय केंद्रों का प्रभारी

स्वतंत्र प्रभात

पूरनपुर समितियों के सहयोगियों को बना दिया सरकारी क्रय केंद्रों का प्रभारी कम दामों में धान खरीदी मानक धान खरीद कर गोदाम में किया स्टाक, राइस मिल और आढ़तों पर समर्थन मूल्य से काफी कम बिक रहा धान इन दिनों केंद्र पर पहुंचने वाले किसानों को धान में नमी बताकर वापस किया जा रहा है। मिली भगत से धान की खरीद की जा रही है किसानों को परेशान किया जा रहा है मिलर हर साल औने पौने दामों में धान खरीद कर स्टॉक लगा लेते हैं। इसके बाद त्यौहार निपटने के बाद सरकारी क्रय केंद्रों से मिलीभगत धान बिक्री कर समर्थन मूल्य का लाभ लेते हैं। इसके लिए धान बेचने वाले किसानों से पहले ही लालच देकर उन्हें उनसे दस्तावेज ले लेते हैं। हालत यह है कि किसान की मजबूरी का फायदा उठाकर समर्थन मूल्य से काफी कम दाम देकर धान खरीद की जा रही है।इसके साथ ही कटौती के अलावा दो प्रतिशत अलग का चार्ज लिया जा रहा है।खुद को बचाने के लिए अधिकांश राइस मिलर अपने नाम के बिल की जगह कागज पर ही वजन कटौती का हिसाब लिखकर किसानों को गुमराह कर रहे हैं।पूरनपुर। पहले दिन क्षेत्र में धान खरीद शुरू नहीं हो सकी। धान में इस समय 26 फीसदी नमी आ रही है। जो मानक अनुसार नहीं है। मानक के अनुसार नमी 17 फीसदी होनी चाहिए। पहले दिन किसी भी केंद्र पर खरीद नहीं हो सकी है। खरीद शुरू होने में अभी सप्ताह भर का समय लग जाएगा।

## कमिश्नर ने किया फैशन एवं मेकअप शो का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल चैत्रा वी. एवं स्लीपवेल फाउंडेशन की ट्रस्टी नमिता गौतम द्वारा फैशन एवं मेकअप शो का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। स्लीपवेल फाउंडेशन मीरपुर खुर्जा कौशल विकास केंद्र में आयोजित फैशन और मेकअप शो में 100 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग कर अपने परिधान और मेकअप का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि चैत्रा वी. द्वारा कार्यक्रम में एएफटी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. फोर्ट जनरल वीके अहलूवालिया और मास्टर-जी की संस्थापक गायत्री जॉली द्वारा कार्यक्रम में सहयोग किया गया।

मण्डलायुक्त अलीगढ़ चैत्रा वी. ने कहा कि स्लीपवेल फाउंडेशन कौशल विकास केंद्र मीरपुर ग्रामीण क्षेत्र के प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार से प्रोत्साहित कर रहा है। कार्यक्रम में 200 प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, फैशन डिजाइन, ब्यूटीशियन, एआरएमवाई, पैरामेडिकल समेत विभिन्न क्षेत्रो में प्रशिक्षित कर उनको प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सीओ दुर्गेश सिंह, स्लीपवेल फाण्डेशन से दिनेश नायर, बिजय कुमार पांडे, युवावीर सिंह, शेखर शर्मा, अश्वनी, विकास, दिशा, ऋतु, अर्शी, अंजलि सिंह, देवयानी, साबिर, श्रीओम, गिरिजा चौहान समेत प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## सपा, भाजपा, बसपा दलों के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा बाकी

**● - तीन संभावित प्रत्याशियों के लिए नामांकन पत्र खरीदे**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** जनपद के खैर उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन कोई नामांकन नहीं हुआ। हालांकि, तीन संभावित प्रत्याशियों के लिए नामांकन पत्र खरीदे। खैर तहसील परिसर में नामांकन के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। तहसील परिसर की ओर आने-जाने वाले वाहनों को बैरिकेडिंग पर ही रोका जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी. ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया 25 अक्तूबर तक जारी रहेगी। 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच व 30 अक्तूबर तक नाम वापसी हो सकेगी। दोपहर बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे। 12 नवंबर को खैर मंडी से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। 13 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव का परिणाम 23 नवंबर को आएगा। इधर, भाजपा-रालोद, कांग्रेस, बसपा, सपा समेत किसी भी प्रमुख पार्टी ने अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। जबकि नामांकन में अब केवल तीन दिन का ही समय बचा हुआ है। 22 अक्तूबर को विनोद कुमार के लिए घनश्याम शर्मा, डॉ0 पहल सिंह के लिए मनोज कुमार और हरेंद्र सिंह के लिए सुनील कुमार ने एक-एक सेट नामांकन पत्र खरीदा। अब तक चार दिन में कुल 12 लोगों के लिए नामांकन पत्र खरीदे ज चुके हैं।

## एआरटीओ के भ्रष्टाचार पर कार्यवाही क्यों नहीं?

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** आरटीओ कार्यालय में अपने आप को आरटीओ एजेंट बताने वाले बिचौलिए वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्य के लिए आवेदकों से मोटी रकम वसूल कर एआरटीओ प्रशासन के साथ मिली भगत कर एक ही व्यक्ति के द्वारा अपने फर्जी किराया नामा एवं फर्जी आधार कार्ड के आधार पर बाहरी जनपद से एनओसी लाकर अलीगढ़ वाहनों को रजिस्ट्रेशन बड़े स्तर पर किया गया एवं किया जा रहा है। यह खुलासा कोई झूठा नहीं है असत्य नहीं है सच्चाई के लिए साक्ष्य सबूत उपलब्ध हैं । दिनांक 30 सितंबर को सुनवाई के समय एवं 18 अक्टूबर को आरटीओ अलीगढ़ को उपलब्ध करा दिए गए हैं एवं शासन शासन से नियुक्त सक्षम जांच अधिकारी को उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि एआरटीओ प्रवेश कुमार यादव की वीडियो वायरल हुई है जिसमें एआरटीओ प्रवेश कुमार यादव कार्यालय में काम कराने आए व्यक्ति को गाली गलौज कर रहे हैं। एआरटीओ प्रशासन द्वारा आम जनता से अभद्र व्यवहार किया जाता है जो कि सोशल मीडिया में वायरल हुई । वीडियो के बाद समाचार पत्रों में भी खबर प्रकाशित हुई । इस वीडियो की जांच करा कर प्रवेश कुमार यादव के खिलाफ कार्रवाई करना अति आवश्यक है । आम जनता में चर्चा है एआरटीओ की गैंग सक्रिय हो गई है। ऐसे भ्रष्टाचारी लोगों से कार्यालय एवं सरकार की छवि धूमल हो रही है ।

## पीलीभीत एसपी ने चलाई तबादला एक्सप्रेस

**● - पीलीभीत में पुलिस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले**

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** पुलिस कप्तान अविनाश पांडे ने बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं। कई निरीक्षक और उप निरीक्षकों को नए थानों में तैनात किया गया है। माधौटांडा थाने के नए प्रभारी निरीक्षक मृदुल कांत शुक्ला होंगे। पूरनपुर कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार त्यागी होंगे। थाना कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह होंगे। उप निरीक्षक दीपक कुमार घुँघचाई थाने के थानाध्यक्ष होंगे। उप निरीक्षक सिद्धार्थ कुमार करेली थाने के थानाध्यक्ष होंगे। उप निरीक्षक जगदीश मलिक गजरौला थाने के थानाध्यक्ष होंगे। उप निरीक्षक संजय कुमार सुनगढ़ी थाने की आसाम चौकी के नए प्रभारी होंगे। इसके अलावा रणजीत सिंह, राजीव शर्मा, अचल कुमार, विशेष कुमार को पुलिस लाइन में अटैच किया गया है। कुछ इंस्पेक्ट के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव, कई अंडर ट्रांसफर इस्पेक्टर ब दरोगाओं से छिनी,थाने की कमान, पूरनपुर, माधोटांडा, घुंघचाई, गजरौला, एसओ का भी हटा चार्ज।

## 22 वर्षीय युवक की करंट लगने से हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात



**हरियावां-** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सधिनावा में मुकुंद मिश्रा उम्र 22 वर्ष पुत्र रामकिशन मिश्रा चारा काटने वाली मसीन से घर में चारा काट रहे थे अचानक बिजली का करंट मशीन से टच हों गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हों गयी परिजनों ने जब मृत अवस्था मे पड़ा देखा तो घर में कोहराम मच गया मृतक मुकुंद चार भाई है चार भाइयों में सबसे छोटा मृतक मुकुंद मिश्रा है गांव में खेती बाड़ी करता था मृत के बड़े भाई प्रियांश मिश्रा ने थाने आकर सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले लिया पंच नामा कराके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

# संक्षिप्त ख़बरें

## डीएम ने फर्म - स्कूल कृषक प्रशिक्षण का किया औचक निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा विकास खण्ड उसका बाजार के ग्राम सजनी में कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेशन योजनान्तर्गत फार्म-स्कूल कृषक प्रशिक्षण खरीफ वर्ष 2024-25 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रगतिशील किसान रामनेवास पुत्र तीरथ की 01 हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगी धान की फसल सांभा प्रजाति सब 1 प्रजाति के खेत को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा किसान से वार्ता की गयी। किसान द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त फसल के लिए उन्हें डी.बी.टी.के माध्यम से उन्नतशील बीज, उर्वरक कृषि रक्षा रसायन तथा माइक्रोन्यूट्रिएंट पर अनुदान रू0 7500 दिया गया है। उक्त अग्रिम पक्ति प्रदर्शन में चयनित 25 कृषकों से भी संवाद किया गया कि अवगत कराया गया कि अभी तक 05 बैठको में प्रशिक्षण आयोजित की जा चुकी है। जिलाधिकारी द्वारा कृषकों से भविष्य में जैविक खेती करने हेतु अपील किया गया। इस दौरान उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा व अन्य सम्बधित अधिकारी व किसान आदि उपस्थित रहे।

## आश्रम में पेड़ काटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मथुरा।** वृंदावन के डालमिया फार्म हाउस में काटे गये सैकडों पेडों की घटना के बाद जिला प्रशासन और वन विभाग पेड कटान की घटनाओं को लेकर सजग है। छोटी बडी घटनाओं पर संज्ञान लिया जा रहा है। वृंदावन के एक आश्रम में हुए पेड़ें के काटना के मामले में भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि इस आश्रम करीब 60 पेड़ काटे गये हैं। प्रभागीय वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल ने बताया कि आठ अक्टूबर को सूचना मिली थी कि पेड़ों का कटान हुआ है। तत्काल मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी को जांच करने के लिए भेजा गया। उन्होंने पाया कि वहां आठ पेड़ों का कटान हुआ है। टीटीजेड क्षेत्र में प्राइवेट पेड़ों का कटान अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता। इस संबंध में एक एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसमें विवेचना प्रचलित है।

## क्रॉकरी गोदाम में लगी आग



क्रॉकरी के गोदाम में लगी आग के बाद उठती लपटें।

**मथुरा।** एक क्रॉकरी के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए और घटना की जानकारी गोदाम मालिक को दी। सूचना पर पहुंचे गोदाम मालिक ने आग लगने की जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया मथुरा थाना गोविंद नगर क्षेत्र के सरस्वती कुंण्ड मसानी लिंक रोड नेशनल चेंबर के सामने श्री खाटू श्याम क्रोकरी के गोदाम में सोमवार की रात को भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही भोला वर्मा और पिंटू शर्मा घटनास्थल पर पहुंच गए। आग लगने की सूचना पुलिस और दमकल को दे दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। घटना क्रम जानकारी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल भोला वर्मा और पिंटू शर्मा ने थाना गोविंद नगर को लिखित शिकायत पत्र देकर अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों की पहचान करने में जुटी है।

## डीसीपी सेंट्रल ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**कानपुर।** विधान सभा उप-चुनाव -2024 (सीसामऊ) कानपुर नगर के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना क्षेत्र ग्वालटोली में स्थित मतदान केंद्रो का निरीक्षण कर सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# मनरेगा में पक्के कार्यों के भुगतान में अनियमितता बरतने पर खण्ड विकास अधिकारी के पद से हटाया गया

स्वतंत्र प्रभात




**सिद्धार्थनगर।** मनरेगा के कार्यों में भुगतान में अनियमितता बरतने व नियम का पालन न करने के कारण श्याम मुरली मनोहर मिश्र को खंड विकास अधिकारी के पद से हटाया गया है ।मनरेगा में पक्के कार्यों के भुगतान में खण्ड विकास अधिकारी बढ़नी श्याम मुरली मनोहर मिश्र जांच में उन्हें दोषी पाए जाने पर उन्हें डीसी मनरेगा कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। बढ़नी में तैनात रहे खण्ड विकास अधिकारी श्याम मुरली मनोहर मिश्रा को उनके खिलाफ पक्के कार्यों में 60 -40 का अनुपात को नजर अंदाज कर भुगतान किया गया था उसकी चल रही अनियमितता की जांच को लेकर डीसी मनरेगा के कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। जिले के ब्लाक बढ़नी में बीडीओ श्याम मुरली मनोहर मिश्र ने मनरेगा के नियमों को दरकिनार कर लाखों रुपये का भुगतान कर दिया था। मामले की जांच डीएम द्धारा कराई गई। बीडीओ ने मनरेगा के 60-40 के अनुपात का पालन नहीं किया था। बीडीओ श्याम मुरली मनोहर मिश्र ने इस प्रकार कई अनियमितता के दोषी मिले हैं। इस संबंध में जिला विकास अधिकारी जेपी कुशवाहा ने कहा कि शोहरतगढ़ के खण्ड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह को बढ़नी ब्लाक के बीडीओ के पद पर अतिरिक्त कार्य प्रभार सौंपा गया है।

# 25 अक्टूबर को होंगी एकमा वि0स0 क्षेत्र स्तरीय जनता बजार मे जद(यू0) संगठन की समीक्षा बैठक- प्रदेश महासचिव

स्वतंत्र प्रभात



**गोपालगंज (बिहार)-** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सह 113 एकमा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहाँ की जद(यू0) विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के दिशानिर्देश पर आगामी 25 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार को समय 12÷30 बजे से लहलापुर प्रखंड अन्तर्गत जनता बजार में 113,एकमा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जितने की रणनीति के तहत संगठन को मजबूत करने व धारदार बनाने के लिए प्रखंड, पंचायत, एवं बूथ स्तर पर जद(यू0) संगठन की समीक्षा अभियान सुभारम्भ कर दिया है। विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश महासचिव पटेल ने बताया की एकमा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत लहलादपुर प्रखंड जद(यू0) संगठन की समीक्षा बैठक जनता बजार में प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र सोनी के आवास पर 12:30 बजे से रखी गई है बैठक में लहलादपुर प्रखंड जनता दल यूनाइटेड की प्रखंड कार्यकारिणी कमिटी, पंचायत कार्यकारिणी कमिटी, बूथ कमिटी के साथ 8 पंचायत अध्यक्षों,70 बूथ अध्यक्षों एवं प्रखंड स्तर पर पार्टी के प्रकोष्ठ संगठनों की भी समीक्षा होंगी।

सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नाम, पता,एवं मोबाइल नंबरों की सत्यापन की जायेगी पार्टी की इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में स्थानीय पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह ऊर्फ धूमल सिंह, प्रदेश महासचिव सह एकमा विधानसभा प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल,प्रदेश महासचिव सह सारण प्रमंडल संगठन प्रभारी रणविजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद सिंह विकल, सारण जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगेद्य बैठक में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लहलादपुर प्रखंड से संबंधित पार्टी संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश के पदाधिकारी, जिला के पदाधिकारी,एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे।

# सिसिबरगांव अखिल असम गरिया जातीय परिषद का बैठक। 41 सदस्यों वाले नई धेमाजी जिला समिति गठन।

स्वतंत्र प्रभात





**असम धेमाजी।** प्राचीन काल से असम में रह रहे हैं इस्लाम धर्म के गरिया लोगों को आज तक असम में भूमिपुत्र का दर्जा नहीं मिले। इतिहास स्पर्ष करने के बहुत पहले से असम में रह रहे है। गोरिया मुसलमान लोगों की विकास एवं आत्म प्रतिष्ठा के उद्देश्य लेकर असम में गरिया लोगो को लेकर गठन की गई अखिल असम गरिया जातीय परिषद समुदाय के हित के लिए कार्य कर रही हैं। आज सिसिबर गांव आंचलिक समिति के द्वारा सिसिबर गांव जामे मज्जिद के आंगन में एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता की संगठन के धेमाजी जिला समिति के अध्यक्ष नेकिब अली ने। बैठक में केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष मिराज अली, केंद्रीय संगठन सचिव सैयदुद्दीन अहमद और परिषद की धेमाजी जिला समिति के कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में परिषद की पुरानी जिला समिति को भी भंग कर पुतुल अहमद को अध्यक्ष और शमीम अली को महासचिव के रूप में लेकर 41 सदस्यीय वाले धेमाजी जिला समिति का गठन किया गया। बैठक में 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और गरिया लोगों के विभिन्न मुद्दों पर बिस्तरित रूप में चर्चा किया गया।

# विद्युत विभाग: ग्रामीणों को भारी पड़ रही ऑन लाइन शिकायत

**● - विभागीय कर्मचारी ऑनलाइन शिकायत पर देते हैं ऑनलाइन समाधान का ताना**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** 18 घण्टे विद्युत आपूर्ति के आदेश का अड़ींग में अनुपालन नहीं हो रहा है। इसके चलते छोटे मोटे कारोबार भी बंद हो रहे हैं। विद्युत कटौती, गलत बिलिंग जैसी समस्याओं का निदान न होने के कारण कयी पावर कनेक्शन पीडीसी कराए जा चुके हैं। गोवर्धन क्षेत्र के गांव अड़ींग में विद्युत आपूर्ति की कटौती का कोई नियम नहीं है। पहले नियमित कटौती और कभी फ़ल्ट के नाम पर कटौती। लाइनमैन कटौती के समय में बोल्ट ठीक नहीं करते। बिलों में गड़बड़ी आसानी से ठीक नहीं होतीं। इसी तरह की दिक्कतों के चलते चक्की संचालक कमल सिंह ने अपने कनेक्शन को कटवाकर पीडीसी करा लिया। तलैया मोहल्ला निवासी चक्की संचालक सरमन ने विद्युत विभाग से राहत की नाउम्मीदी में ट्रैक्टर से चलने वाली चक्की ले ली है। अब वह बिजली के झंझटों से मुक्त हो भरण पोषण कर रहा है। विद्युत विभाग की कारस्तानी से अजीज आकर पूर्व में कयी सरसों तेल निकालने का काम करने वाले उद्योग बंद हो चुके हैं। घरेलू कनेक्शन के कयी बड़े बकायेदारों के खिलाफ विभाग कोई कार्यवाही नहीं करता वहीं सीधे साधे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। उपभोक्ताओं की छोटी मोंटी शिकायत भी आसानी से दूर नहीं होतीं। ग्रामीणों का आरोप है कि आनलाइन शिकायत करने पर बिजली कर्मचारी आनलाइन ही समाधान कराने की धौंस उपभोक्ताओं को दे देते हैं।

# जवाहर हाट में मांगा भूमि स्वामित्व का अधिकार

**● - पीड़ित व्यापारियों ने नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** नगर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में हवाहर हाट के व्यापारियों ने इस जमीन से न उजाड़ने व इस जमीन का स्वामित्व सौंपने की मांग को लेकर नगर निगम मथुरा वृंदावन के कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त शशांक चौधरी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम की 13 सितम्बर को 24 को संपन्न बोर्ड बैठक में पारित प्रस्ताव संख्या 24 जिसमें हवाहर हाट पर बसाये शरणार्थी परिवारों को स्वामित्व सौपने सम्बंधी प्रस्ताव पास किया गया था। ज्ञापन में पीड़ित व्यापारियों ने कहा कि सन1950 में विभाजन की विभीषिका झेल रहे सिंधी एवं पंजाबी परिवारों की जवाहर हाट सहित तीन अन्य कॉलोनियों में निवास एवं गुजर बसर के लिए आवंटित किया गया था। जिनमें जवाहर हाट को छोड़कर तीन कालोनियों के निवासियों को स्वामित्व सम्बधी अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। इसके लिए वे करीब 20 वर्षो से संघर्ष कर रहे हैं।पूर्व में बोर्ड बैठकों में भी प्रस्ताव पारित हुए हैं किन्तु कुछ विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के हठधर्मिता के चलते उन्हें अभी तक स्वामित्व सम्वन्धी अधिकार प्राप्त नहीं हुए हैं। व्यापारियों ने कहा कि उनके द्वारा लगातार प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त आदि से लिखित में आग्रह कर उनसे स्थानीय सम्बन्धी अधिकार सौंपने का अनुरोध किया गया। किन्तु कुछ पार्षदों द्वारा इसमें लेन देन का आरोप लगाकर मण्डलायुक्त के माध्यम से इस प्रकरण सहित अन्य पारित प्रस्तावों पर जांच कराने के आदेश दिए हैं। व्यापारियों ने कहा कि उक्त आरोप पूर्णत निराधार एवं द्वेषपूर्ण भावना से प्रेरित है। जवाहर हाट के निवासियों द्वारा पिछले 40 वर्षो से किये जा रहे लगातार प्रयासों का ही परिणाम है। आरोपों की जांच बाहर के किसी अधिकारी से जांच कराई जाए। ज्ञापन देने वालों जितेन्द्र, तुलसीदास, रामचंद्र क्षत्री, त्रिलोकी नाथ, किशोरी लाल, नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री सुनील अग्रवाल, शशि भानु गर्ग, भगवान चतुर्वेदी आदि थे।

## राजस्थान बॉर्डर से पकड़े चार साइबर ठग

**सभी आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं, 15 फर्जी सिम कार्ड, सात फर्जी आधार कार्ड बरामद किये**

**मथुरा।** थाना शेरगढ़ पुलिस ने चार साइबर अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं। जिनसे चार मोबाइल फोन व 15 फर्जी सिम कार्ड, सात फर्जी आधार कार्ड व दो एटीएम कार्ड व छह फर्जी आधार कार्ड की छाया प्रति व ब्लैकमेलिंग से सम्बन्धित वीडियो, आडियो चैट आदि का डाटा बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष थाना शेरगढ़ नीरज सिंह भाटी के मुताबिक हरिकिशन पुत्र सीताराम निवासी मंडावर थाना मंडावर जिला दौसा राजस्थान, उमेश पुत्र समेश निवासी ग्राम हलदेना थाना मंडावर जिला दौसा राजस्थान, सन्नी मीणा पुत्र हरसहाय मीणा ग्राम खेडली कला थाना मंडावर जिला दौसा राजस्थान, राकेश मीणा पुत्र गिरधारी लाल निवासी गांव हलदेना मंडावर जिला दौसा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी लोग राजस्थान के निवासी हैं, संबंधित थानों से इनके आपराधिक रिकार्ड का पता लगाया जा रहा है। सेक्सटॉर्शन, फर्जी बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को उकसाकर व अश्लील वीडियो बनाकर अवैध तरीके धमकी देकर,फर्जी लिंक भेजकर ओटीपी लेकर धन अपने फर्जी बैंक खातों डलवा लेते हैं। इन सभी को शेरगढ क्षेत्र में खडवाई मोड से करीब 700 मीटर आगे कोसी रोड पर बनी दाहिनी तरफ झोपडी से गिरफ्तार किया गया है।

# रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार ने करीमगंज जिले में मोकामछड़ा दुर्गा मंदिर भवन की आधारशिला रखी

स्वतंत्र प्रभात





**असम करीमगंज-** करीमगंज जिले के रामकृष्णनगर क्षेत्र के विधायक विजय मालाकार ने 21 अक्टूबर (सोमवार) को रामकृष्णनगर विधानसभा के दुल्लभछड़ा जीपी के तहत मोकामछड़ा दुर्गा मंदिर के एमएलएडीएस परियोजना के तहत 10 लाख रुपये के दुर्गा मंदिर भवन का आधारशिला रखी, जिसमें उनके साथ विभिन्न पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। अपने भाषण में विधायक ने कहा कि मंदिर को पूर्ण आकार में लाने के लिए दस लाख रुपये ही नहीं, जरूरत पड़ने पर और भी पैसे देने का वादा किया. दूसरी ओर, दुल्लभछड़ा जीपी के अंतर्गत आने वाली दो सड़कों मोकामछड़ा शिव मंदिर से कालीमंदिर और सुभाष बारई से डामछड़ा पि एम अयाई रोड का काम जल्द ही शुरू होगा। इसके साथ ही उन्होंने रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए असम राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# अवैध पटाखा बिक्री व भंडारण करने वालों पर होगी कार्रवाई- राकेश त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के ककरहवा चौकी परिसर में मंगलवार को आगामी त्योहार धनतेरस, छठ पूजा, दीपावली, भाई दूज, के दृष्टिगत क्षेत्र के व्यापारियों साथ बैठक की गई। आगामी त्योहार छठ पूजा दीपावली को लेकर ककरहवा चौकी परिसर में क्षेत्र के व्यापारियों ग्राम प्रधान, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी ने कहा कि त्योहारों को शांति पूर्ण ढंग से आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। कोई भी व्यापारी अवैध रूप से पटाखा की बिक्री व भण्डारण नहीं करेगा। प्रशासन से अनुमति लेकर निर्धारित स्थान पर ही पटाखा की दुकान लगेगा। उन्होंने कहा कि बाजार को अतिक्रमण मुक्त रखना है। सड़क के दोनों तरफ दूरी बनाकर ही दुकान लगाया जायेगा। दुकान व आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। शासन व उच्चाधिकारियों के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आगामी त्योहार को मनाएं। चौकी प्रभारी द्वारा व्यापारियों से त्योहार को लेकर किसी प्रकार की समस्या के सम्बंध में पूछा गया। व्यापारियों ने बताया कि नेपाल के ग्राहकों की भीड़ होती है। कुछ अराजकतत्व ग्राहकों से दुर्व्यवहार करते हैं इस पर ध्यान दिया जाये। इस अवसर विजय प्रताप जायसवाल, गुड्डा जायसवाल, बिंदू, प्रभूदयाल गुप्ता, मिस्टर जायसवाल, श्यामू गुप्ता,गोरख कसौधन, शैलेन्द्र मौर्या, अजय कसौधन,ककरहवा चौकी से कांस्टेबल संजय यादव,शुभम सिंह, अनिल यादव रामाज्ञा यादव आदि मौजूद रहे।

# सर्वे: जिले में 481 विद्यालयों की हालत ठीक नहीं, 287 हुए जर्जर

**● - 42 विद्यालयों की मरम्मत के लिए आया पैसा**

स्वतंत्र प्रभात




**मथुरा।** जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों की बिल्डिंगों को लेकर वर्ष 2022-23 में समिति द्वारा सर्वे किया गया था। इस सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक जनपद में 287 विद्यालय की बिल्डिंग बेहद जर्जर हालत में है। वहीं 197 विद्यालयों की बिल्डिंग को मरम्मत की आवश्यकता है। रिपोर्ट के बाद शिक्षा विभाग की ओर से डिमांड भेजी गई। जिसके आधार पर 37 प्राथमिक और पांच उच्च प्राथमिक विद्यालयों की मरम्मत के लिए पैसा शासन की ओर अवमुक्त किया गया है। मरम्मत का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। इनमें से 37 प्राथमिक और पांच उच्च प्राथमिक विद्यालयों की मरम्मत के लिए पैसा शासन की ओर से आ चुका है। अब विभाग की ओर से अक्टूबर में लखनऊ परियोजना को मथुरा जनपद के अन्य जर्जर हो चुके विद्यालयों की रिपोर्ट भेजी जाएगी और जैसे ही वहां से पैसा स्वीकृत होता है उन भवनों का भी निर्माण कराया जाएगा। जनपद में अभी भी कई स्कूल टेंट तम्बुओं में चल रहे हैं। जबकि कई विद्यालयों में बच्चे खुले आसमान के नीचे पढ रहे हैं।

**वर्जन**

स्कूलों के जर्जर भवनों के लिए हमारे यहां तकनीकी टीम है। समितियां जनपद से गठित है। जिनमें से हमारे 37 विद्यालय प्राथमिक के लिए पांच विद्यालय उच्च प्राथमिक के लिए पैसा आ गया है। इसके अलावा अक्टूबर में डिमांड लखनऊ परियोजना में भेजेंगे। पैसा आने के बाद प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के अकाउंट में पैसा भेज देंगे।

-सुनील दत्त, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा

# अहोई अष्टमी: संतान सुख की आस में आधी रात को ब्रज के इस कुंड में डुबकी लगाते हैं दंपति

**● - मान्यता है कि राधा कुंड में स्नान करने से होती है संतान की प्राप्ति**

स्वतंत्र प्रभात



गोवर्धन स्थित राधा कुंड जिसमें अहोई अष्टमी पर स्नान का महातम्य है।।

**गोवर्धन।** ब्रज में स्थित राधा, श्याम कुंडों की महिमा अनोखी है। मान्यता है कि अहोई अष्टमी पर राधा कुंड और श्याम कुंड में दंपति स्नान करते हैं तो निसंतान दंपति को संतान की प्राप्ति होती है। राधाकुंड में अहोई अष्टमी मेला 24 अक्टूबर को बड़ी संख्या में निसंतान दंपती राधाकुंड और श्यमकुंड में डुबकी लगाएंगे। स्नान मध्य रात्रि 12 से शुरू होकर दूसरे दिन सुबह तक चलेगा। अहोई अष्टमी राधा श्याम कुंड का प्राकट्य दिवस है। मान्यता है कि गोचारण लीला के दौरान अरिष्टासुर नामक राक्षस ने बछड़े के रूप में प्रभु पर हमला कर दिय। बछड़े के रूप में वध करने के कारण उन्हें गोवध का पाप लगा। इससे मुक्ति के लिए श्रीकृष्ण ने अपनी बांसुरी से एक कुंड (श्याम कुंड) खोदा और उसमें स्नान किया।इस पर राधा जी ने श्याम कुंड के बगल में अपने कंगन से एक और कुंड (राधा कुंड) खोदा और उसमें स्नान किया।स्नान करने के बाद राधा जी और श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था।इससे प्रसन्न होकर राधा जी से कृष्ण ने वरदान मांगने को कहा।राधा जी ने कहा कि हम अभी गोवध के पाप से मुक्त हुए हैं। वे चाहती हैं कि जो भी इस तिथि में राधा कुंड में स्नान करे उसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हो। कार्तिक मास को बहुत ही पवित्र महीना माना जाता है।ऐसा इसलिए क्योंकि इस मास में पड़ने वाले व्रत और त्यौहारों का व्यक्ति के जीवन पर विशेष प्रभाव पड़ता है।इसी प्रकार कार्तिक मास की अष्टमी तिथि को माताएं अपने संतान के उज्जवल भविष्य के लिए अहोई अष्टमी व्रत रखती है।इस दिन मां अपने संतान की दीर्घायु की कामना करते हुए भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा करती है।यह व्रत भी काफी कठोर माना जाता है।इस दिन कई महिलाएं बिना जल ग्रहण किए उपवास रखती हैं और फिर तारा देखने के बाद ही उपवास तोड़ती है। वहीं निसंतान दंपति कुंड में स्नान करेगे।यहां अहोई अष्टमी के दिन दूर दराज व अन्य राज्यों एवं देश विदेश से भी संतान प्राप्ति के लिए श्रद्धालु भक्त पहुंचते है।

## यूजर चार्ज रोकने के लिए भी दिया ज्ञापन

**मथुरा।** नगर के व्यापारियों ने आज नगर निगम के कार्यालय पर कूड़ा कलेक्शन के नाम पर यूजर चार्ज वसूल करने के विरोध में प्रदर्शन किया। उसके बाद नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। उनका कहा है कि पूर्व में तत्कालीन नगरायुक्त श्री अनुनम झा एवं व्यापार मण्डल पदाधिकारियों के बीच हुई विस्तृत बातचीत के बाद समस्त प्रकार के व्यवसायियों में गूजर चार्ज के रूप में 100 रूपया प्रतिमाह देना तय हुआ था, जिसका कि भुगतान व्यापारियों द्वारा किया भी जा रहा है किन्तु विगत लगभग एक दो माह से विभिन्न क्षेत्रों से लगातार शिकायतें आ रही है कि क्षेत्रीय सफाई नायकों द्वारा यूजर वार्ज की राशि 100 रूपये से बढ़ांकर 300 रूपये तथा कहींकृ कहीं इससे भी अधिक की मांग की जा रही है। जो कि पूर्णत अनुचित है। व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम द्वारा व्यापरिक्षेत्र में कूड़ा कलेक्शन के नाम पर यूजर मार्ज वसूल किया जा रहा है। जबकि नगम द्वारा हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, सीवर टेक्स जब मकान व संस्थान स्वामियों से वसूला जा रहा है तो यूजर चार्ज की वसूली क्यों की जा रही है। इस पर तत्काल रोक लगाया जाए।

